RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

9644811407, 8102020599O | Hindustannews404@gmail.com | www.kesariyahindustan.com | Denik Kesariya Hindustan | Denik_kesariyahindustan | @KESARIYAHINDUSTAN

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः 137 | ग्वालियर 28 दिसम्ब शनिवार 2024 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2 रुपए

## जेयू के कुलगुरू प्रो.अविनाश तिवारी बने 'NAAC' जनरल कॉन्सिल के सदस्य, बोले- देश में शिक्षा को देंगे एक नया मॉडल

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.अविनाश तिवारी को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (ह्रष्ट) की जनरल काउंसिल के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। पूरे देश से केवल चार व्यक्तियों को नैक के प्रतिष्ठित जनरल काउंसिल के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। प्रो. तिवारी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष और नैक की सामान्य परिषद के अध्यक्ष द्वारा नामित किया गया है। उनका यह कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि तक रहेगा।यहां यह उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अंतर-विश्वविद्यालय केंद्रों की स्थापना की थी, जिसमें राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (ह्रष्ट), बेंगलुरु एक स्वायत्त संगठन है जिसे 1994 में स्थापित किया गया था। नैक की प्राथमिक जिम्मेदारी उच्च शिक्षा के संस्थानों का मूल्यांकन एवं प्रत्यायन करना है। प्रो.अविनाश तिवारी ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में देश को एक नया मॉडल देने के लिए प्रयास करेंगे।

## एक नजर...

### आदतन अपराधी को रावतपुरा थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

### अवैध देसी कट्टा एवं 3 जिंदा कारतूस के साथ 13 बाराबोर के जिंदा राउंड,व 2 पेटी बियर,एक पल्सर गाड़ी सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

### रावतपुरा थाना प्रभारी कमलकांत दुबे की धमाकेदार कार्यवाही



**दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान**

रावतपुरा/लहार- भिण्ड पुलिस अधीक्षक श्री असित यादव के निर्देशन में एवं लहार एसडीओपी श्री प्रवीण त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रावतपुरा थाना पुलिस ने अबैध देशी कट्टा राउंड ,व अबैध शराब सहित आरोपी किया गिरफ्तार। रावतपुरा थाना पुलिस द्वारा बताया गया कि दिनांक 26/12/2024 को गस्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपनी काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लिए अवैध कट्टा खुरसे नदीगांव तरफ से चोरई तरफ जा रहा है मुखबिर की सूचना पर से हमराय फोर्स को अवगत कराया गया बाद रवाना होकर खो?न तिराह के पास आए देखा एक व्यक्ति खो?न तिराह पर पेशाब के लिए खड़ा था पास में ही एक पल्सर मोटरसाइकिल खड़ी थी जिसकी टंकी पर कपड़े का बड़ा थैला रखा था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से पकड़ा उसकी तलाशी ली गई तो उसकी कमर में बाएं तरफ एक 315 बोर का देसी कट्टा व दाहिनी जेब में तीन जिंदा राउंड रखे मिले पास में ही खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक स्क्क30 ष्ट 0269 व टंकी पर रखे थैले को उसने अपना होना बताया थैले को चेक किया गया तो उसमें एक कपड़े का बिडोरिया जिसमे 13 शक्तिमान एक्सप्रेस कंपनी के 12 बोर के जिंदा राउंड व दो कागज के गत्ते की पेटी जिसमें 24 - 24 बियर की केन पाई ।उस व्यक्ति से कट्टा,राउंड ,व शराब,बियर रखने का बेध लाइसेंस चाहा गया तो उसने न होना बताया।नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम रामनरेश उर्फ लला पुत्र अमरसिंह राजपूत उम्र 35 बर्ष निवासी चुरली थाना असवार का होना बताया।आरोपी का यह कृत्य आर्म्स एक्ट,34 अवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।इनकी रही सराहनीय भूमिका।थाना प्रभारी रावतपुरा कमलकांत दुबे,सउनि. मनोज कुमार,प्रधान आरक्षक मयंक भदौरिया,आर.भगवान सिंह जाट,आर.रोहित यादव,आर.रबिन्द्र सिंह,आर.योगेंद्र शर्मा,आर.चरण सिंह,आर.सूरज खरे,आर.संजय दुवे।

### दल बल के साथ कस्बा भ्रमण पर थाना प्रभारी लहार



**दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ असित यादव जी के निर्देशन ओर अति पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव पाठक , ह्यस्त्रश्च्च लहार प्रवीण त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अपराधों की रोकथाम और अराजक तत्त्वों की तलाश में निकली लहार पुलिसभ्रमण के दौरान नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर ऐसे स्थान जहां शाम को असामाजिक तत्वों के एकत्रित होने की संभावना रहती है पर पैदल मार्च कर चेकिंग कीसराफा बाजार, मुख्य बाजार में भ्रमण कर व्यापारियों से किया संवाद थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा और स्टाफ ने भ्रमण के दौरान नागरिकों से किया संवाद , कानून व्यवस्था अच्छी रखने के लिए किया संवाद

### नारी सशक्तिकरण में एक अहम् क़दम है निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंसः अर्चना परिहार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**

**(ब्राइट कैरियर में परिवहन विभाग के शिविर में 274 बेटियों ने कराया लर्निंग लाइसेंस हेतु नि:शुल्क पंजीयन)**



अम्बाह। नारी सशक्तिकरण के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में एवं अपने काम , स्वयं करने में ड्राइविंग लाइसेंस एक अहम् क़ड़ी साबित होता है, इसलिए निःशुल्क ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस शिविर हर ब्लॉक स्तर पर समाजसेवियों और संस्थाओं की मदद से आयोजित किए जा रहे हैं, इसी के अंतर्गत आज़ अम्बाह में आचार्य आनन्द क्लब के सहयोग से शैक्षणिक संस्था ब्राइट कैरियर एकेडमी में विशाल शिविर आयोजित किया गया है जिसमें 274 बेटियों, महिलाओं ने लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन किया है, यह जिले में अभी तक के शिविरों में रिकॉर्ड पंजीयन हैं। इस शिविर को सफलता पूर्वक आयोजित कराने में समाजसेवी सुधीर आचार्य, व्यवस्थापक मनोज शर्मा, सोम पंडित और आचार्य आनन्द टीम का विशेष सहयोग रहा है। उक्त जानकारी देते हुए आरटीओ अर्चना परिहार ने आगे उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत, मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री की मंशा अनुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों जिनके पास आधार कार्ड हों, फोन नंबर आधार कार्ड से लिंक हो,,फैमिली आईडी में नाम हों, हाई स्कूल की मार्कशीट और पासपोर्ट साइज का फोटो आदि कागज हों,वह जिले में होने वाले निशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविरों में अपना लाइसेंस अवश्य बनवा लें। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इस लर्निंग लाइसेंस शिविर में बनने वाले सभी लर्निंग लाइसेंस धारी बेटियों के स्थाई परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस भी निशुल्क बनेंगे जिसकी प्रक्रिया एक महीने बाद शुरू होगी, इसमें भी बेटियों को अम्बाह से मुरैना आरटीओ ऑफिस तक लाने ले जाने में समाज सेवी सुधीर आचार्य और उनकी आचार्य आनन्द टीम ने आवागमन की निशुल्क जिम्मेदारी उठाने का निर्णय किया है। शिविर में रविशकांत कटारे, अरविंद माहौर, आनन्द तोमर, महेंद्र सखबार का मुख्य सहयोग रहा।

## श्री गुरु चरण सरोज रज निज मन मुकर सुधार बरनौ रघुबर विमल जसु जो दायक फल चारि

### बजरंग सेना के सदस्यों ने किसमिस डे ना मना कर, कराया सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

मालनपुर - मालनपुर क्षेत्र के समीप संचालित शिवाजी पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गयाद्य जिसमें पंडितों द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ तुलसी पूजा की गईद्य इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए द्यबच्चों ने तुलसी शालिग्राम नाटक का मंचन किया और भक्ति गीत नृत्य आदि कार्यक्रम किए द्य बच्चों के जीवंत नाटक मंचन को देखकर सभी भाव विभोर हो गए द्यछात्रों ने जमकर तालियां बजाई द्य स्कूल के स्टाफ सदस्यों द्वारा तुलसी के पौधे लगवाकर स्कूल प्रागंण के विभिन्न स्थानों पर रखें तथा प्रतिदिन उन्हें पानी देने व पूजा करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर विद्यालय संचालक दिनेश



सिंह परिहार उर्फ बंटू ने तुलसी के महत्व को बच्चों को बताते हुए कहा कि जब दुनिया को सभ्यता का पता भी नहीं था तब हमारा देश संस्कारों की तुलसी से आंगन सजा रहा था। हिदू संस्कृति में माना जाता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वह घर तीर्थ के समान होता है। वहां मृत्यु के देवता यमराज भी नहीं आते हैं जो मनुष्य तुलसी मंजरी से भगवान श्री हरि की पूजा करते हैं उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति सुबह-सुबह तुलसी का पूजन करता है, उससे विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं द्यउन्होंने बताया कि तुलसी औषधिय गुणों से भी भरपूर होती है तुलसी असाध्य रोगों का निवारण करती है तथा इसके पूजन से मनुष्यों की मनोकामना पूर्ण होती है। कार्यक्रम के पश्चात सभी छात्रों को स्कूल संचालक ने तिलक लगाकर एक-एक तुलसी का पौधा दिया एवं फल और प्रसाद वितरित किया गया द्य इस अवसर पर विद्यालय के समस्त टीचर स्टाफ के सदस्य मोजूद रहे

### गांव गरीब किसान के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का 100 वा जन्म दिवस मनाया :अशोक वाजपेयी

## पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भितरवार पूर्व युवा मंडल अध्यक्ष ने किया बुजुर्गों का किया सम्मान


**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी**

ग्वालियर/ भितरवारएक सुलझे राजनेता प्रखर वक्ता कवि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई के विचारों को आत्मसात कर लोगों की सेवा करें। और उनकी मंशा के अनुरूप शासन की



हर योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य करें। यह बात भितरवार पूर्व युवा मंडल के भाजपा अध्यक्ष अशोक वाजपेयी ने कही। बीते रोज बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई का 100 वा जन्मदिन मनाया। जिसमें उपस्थित बुजर्गों के साथ श्री बाजपेई ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। वहीं इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री बाजपेई ने बुजुर्गों को पुष्प भेंटकर सम्मान कर कहा कि अटल जी के विचारों को हर भाजपा कार्यकर्ता आत्मसात करें और उनके बताए मार्ग पर चलकर लोगों की सेवा करें। वहीं इस दौरान गणमान्य बुजुर्गों ने भी अपने उद्बोधन में कहा अटल जी के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए, रामसेवक शर्मा,विनय राजोरिया, खड्ग सिंह, लक्ष्मण सिंह, हरिओम शर्मा, मयंक ,गगन दुबे, गोविंदपुरी, अरुण पचौरी ,भारत सिंह ,आदि उपस्थित थेग्वालियर/ भितरवारएक सुलझे राजनेता प्रखर वक्ता कवि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई के विचारों को आत्मसात कर लोगों की सेवा करें। और उनकी मंशा के अनुरूप शासन की हर योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य करें। यह बात भितरवार पूर्व युवा मंडल के भाजपा अध्यक्ष अशोक वाजपेयी ने कही। बीते रोज बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई का 100 वा जन्मदिन मनाया। जिसमें उपस्थित बुजर्गों के साथ श्री बाजपेई ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। वहीं इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री बाजपेई ने बुजुर्गों को पुष्प भेंटकर सम्मान कर कहा कि अटल जी के विचारों को हर भाजपा कार्यकर्ता आत्मसात करें और उनके बताए मार्ग पर चलकर लोगों की सेवा करें। वहीं इस दौरान गणमान्य बुजुर्गों ने भी अपने उद्बोधन में कहा अटल जी के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए, रामसेवक मवहीं इस दौरान गणमान्य बुजुर्गों ने भी अपने उद्बोधन में कहा अटल जी के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए, रामसेवक शर्मा,विनय राजोरिया, खड्ग सिंह, लक्ष्मण सिंह, हरिओम शर्मा, मयंक ,गगन दुबे, गोविंदपुरी, अरुण पचौरी ,भारत सिंह ,आदि उपस्थित थे।,विवहीं इस दौरान गणमान्य बुजुर्गों ने भी अपने उद्बोधन में कहा अटल जी के बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए, रामसेवक शर्मा,विनय राजोरिया, खड्ग सिंह, लक्ष्मण सिंह, हरिओम शर्मा, मयंक ,गगन दुबे, गोविंदपुरी, अरुण पचौरी ,भारत सिंह ,आदि उपस्थित थे।नय राजोरिया, खड्ग सिंह, लक्ष्मण सिंह, हरिओम शर्मा, मयंक ,गगन दुबे, गोविंदपुरी, अरुण पचौरी ,भारत सिंह ,आदि उपस्थित थे

## डॉ मनमोहन सिंह जैसे अर्थशास्त्री का जाना देश के लिए बड़ी क्षति :मंत्री राकेश शुक्ला




**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

भोपाल। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने गहरा दुख व्यक्त किया है।मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह जैसे अर्थशास्त्री का जाना देश के लिए बड़ी क्षति है। देश की अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मंत्री शुक्ला ने परमपिता परमात्मा से मृत आत्मा को श्री चरणों में स्थान एवं दंदरौआ धाम सरकार से शोक संतप्त परिवार को इस वज्रपात को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## भर्ती विसंगति को लेकर मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक ने किया विशाल धरना प्रदर्शन का शंखनाद

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**

अम्बाह। मुरैना। मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्री एल.के.दुबे जी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि संगठन द्वारा विगत कई वर्षों से संविदा नियमितीकरण एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को संविदा में समायोजन करने हेतु शासन प्रशासन एवं प्रबंधन का ध्यानाकर्षण पत्राचार, बैठक एवं ज्ञापन के माध्यम से करवाया गया था किंतु प्रबंधन के श्रमिक विरोधी नीतियों की वजह से संविदा नियमितीकरण एवं आउटसोर्स कर्मचारियों का संविदा में समायोजन नहीं हो सका । हाल ही में ऊर्जा विभाग द्वारा विभिन्न पदों जैसे लाइनमैन , कार्यालय सहायक , नर्सिंग स्टाफ आदि विभिन्न नियमित पदों हेतु भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है किंतु संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के हित लाभों का ध्यान नहीं रखा गया है । संगठन द्वारा दिनांक 12 जनवरी 2025 , युवादिवस ÷स्वामी विवेकनंद जयंती÷ को भोपाल स्थित डॉ. भोमराव अंबेडकर मैदान से माननीय ऊर्जा मंत्री के शासकीय आवास शिवाजी नगर भोपाल में रैली के माध्यम से भर्ती विसंगति को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिया जाएगा ।

कर्मचारियों की मुख्य मांगे -

1.विद्युत कंपनी द्वारा जारी विज्ञप्ति में आउटसोर्स कर्मचारियों को अनुभव का लाभ देते हुए आयु सीमा में छूट एवं बोनस अंक प्रदान किया जावे 2.संविदा नीति 2023 के अनुरूप संविदा कर्मचारियों को 50ल्ल का आरक्षण दिया जावे ।3. विद्युत कंपनियों में वर्षो से कार्यरत कार्यालय सहायक संविदा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर (आउटसोर्स) को ष्टक्क्रञ्ज प्रमाण में मध्य प्रदेश शासन के अनुरूप शिथिलता प्रदान



किया जावे।

4. नियमित एवं संविदा कर्मचारियों को एक कंपनी से दूसरी कंपनी में जाने हेतु पारदर्शी स्थानान्तरण नीति लागू की जावे।

5. भाजपा जनसंकल्प 2013 पृष्ठ क्रमांक 33 बिंदु 9.6 के लिखित वादे अनुरूप विद्युत संविदा कर्मचारियों को बिना शर्त नियमित किया जावे ।

6. भाजपा जनसकल्प 2023 के अनुरूप आउटसोर्स कर्मचारियों को संविदा का लाभ दिया जावे ।

7. माननीय मुख्य मंत्री जी के घोषणा अनुरूप आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन का भुगतान अप्रैल 2024 से प्रदान किया जावे

8. प्रतियोगी परीक्षा पास वर्ष 2013 नियमित की प्रतीक्षा सूची से संविदा पर नियुक्त परीक्षण सहायकों को बिना शर्त नियमित किया जावे।

9. विद्युत कंपनियों में कार्यरत तकनीकी संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को जोखिम भत्ता एवं राष्ट्रीय अवकाश के दिवस कार्य करने पर अतिरिक्त वेतन दिया जावे ।

10. आउटसोर्स कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जावे।

11. विद्युत कंपनियों में कार्यरत संविदा एवं नियमित परीक्षण सहायक , कार्यालय सहायक श्रेणी तीन ,असिस्टेंट रेवेन्यू ऑफिसर (ञ्जह्र) कर्मचारियों के वेतन विसंगति को दूर करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आज दिनांक 27.12.2024 को पोस्टर का विमोचन रोशनी घर परिसर ग्वालियर में किया गया इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री एल.के.दुबे जी, प्रदेश कोषाध्यक्ष आर.के.कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष विद्याकांत मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री प्रतीक द्विवेदी, ग्वालियर शाखा अध्यक्ष रामबाबू बंसकार, मुरैना शाखा अध्यक्ष शैलेष कुचया, ग्वालियर शाखा उपाध्यक्ष रणवीर शुक्ला, हरीश राजपूत,शिवेंद्र प्रताप सिंह, शिवानंद पांडेय, रवि प्रकाश गुप्ता , राजेंद्र बघेल, अवधेश राणा सहित सैकड़ों कर्मचारियों से विशाल धरना प्रदर्शन एवं रैली का समर्थन करते हुए पोस्टर विमोचन में शामिल हुए । जिलाध्यक्ष

**शैलेष गुप्ता कुचया**
**मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक अम्बाह**

## मप्र शासन सम्मान निधि से वरिष्ठ पत्रकार सनोलिया सम्मानित-



**निलेश मेहता, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

नागदा। प्रेस क्लब के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सनोलिया की पत्रकारिता को मप्र शासन ने एक बार पुनः सम्मानित किया है। आपकी उत्कृष्ट, वेतनभोगी एवं दीर्घकालीन, पत्रकारिता पर 20,000 रूपए प्रतिमाह (आजीवन) सम्मान निधि प्रदान करने की स्वीकृत हुई। यह निर्णय मप्र शासन जनसंपर्क विभाग के द्धारा गठित वरिष्ठ पत्रकारों की एक समिति की अनुशंसा पर लिया गया। गत दिनों भोपाल में आयोजित चयन समिति की बैठक में प्रदेश के चुनिदा पत्रकारों को चुना गया। जिसमें आपका भी नाम शामिल है।प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान एवं सचिव राजेश सकलेचा ने बताया पत्रकारिता सम्मान निधि के निर्धारित मांपदंडों की कसौटी पर खरा उतरने पर आपको यह सम्मान दिया गया। गौरतलब है, कि श्री सनोलिया को पूर्व में मध्यप्रदेश सरकार का उत्कृष्ट पत्रकारिता अवॉर्ड एक लाख रूपए राशि मिल चुकी है। वर्ष 2008 में उन्हे स्व. कन्हैयालाल वैद्य स्मृतिं उज्जैन संभाग का सर्वक्षेष्ठ पत्रकार चुना गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के हाथों 8 अप्रेल 2015 को भोपाल में आयोजित एक समारोह में यह अवॉर्ड मिला । इन दिनों आप मध्यप्रदेश शासन से राज्य स्तरीय अधिमान्य पत्रकार रहते हुए, देश की प्रमुख बहुभाषी हिंदुस्थान समाचार एजेंसी (नईदिल्ली) व दैनिक देशबंधु (भोपाल) संस्करण के संवाददाता है। प्रेस क्लब नागदा के पदाघिकारियों ने सम्मान निधि निर्णय पर सरकार का आभार माना है। इस उपलब्धि पर इष्ट मित्र, स्नेहिल जनों ने पत्रकार श्री सनोलिया को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया।

2025 का साल कैसा होगा, अपने नव वर्ष के सतसंग व नामदान कार्यक्रम में सन्त उमाकान्त जी महाराज देंगे संकेत जयगुरुदेव बाबा उमाकान्त जी महाराज का सतसंग व नामदान कार्यक्रम उज्जैन में, सभी सपरिवार सादर आमंत्रित उज्जैन (म.प्र.) निजधाम वासी बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, इस व?्त के महापुरुष, उज्जैन वाले दुःखहर्ता समर्थ सन्त सतगुरु बाबा उमाकान्त जी महाराज का सतसंग व नामदान कार्यक्रम नव वर्ष के उपलक्ष्य में 30, 31 दिसंबर 2024 और 1 जनवरी 2025 को समय परिस्थिति अनुकूल रहने पर बाबा जयगुरुदेव आश्रम, जयगुरुदेव नगर, पिंगलेश्वर रेलवे स्टेशन के सामने, मक्सी रोड, उज्जैन, मध्य प्रदेश में होगा। ये वही बाबा उमाकान्त जी महाराज हैं, जिनका दर्शन करने, सतसंग सुनने और उनके बताए रास्ते पर चलने से इंसान के दुःख, तकलीफों में आराम मिलने लगता है। पूरी तरह से निःशुल्क इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में सभी जाति-धर्म के लोग सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। आप अपने कीमती समय में से थोड़ा समय निकालिए और परिवार, रिश्तेदार व मित्रों सहित पहुंचकर आध्यात्मिक व भौतिक लाभ अवश्य लीजिए।

## भविष्य कैसा क्या होगा, हमें कैसे होशियार रहना होगा, बताया जायेगा



महाराज जी नए वर्ष के शुभ अवसर पर नया वर्ष कैसा होगा? बताने के साथ-साथ सभी तरह की परेशानी दूर करने, सुख-शान्ति व बरकत पाने का उपाय बताएंगे। साथ ही साथ इस मनुष्य रुपी हर मंदिर में जीते जी देवी-देवताओं व प्रभु से मिलने का भेद भी बताएंगे। यह अपने घर में ही बैठ करके थोड़ी देर करना रहेगा जो प्रभु दर्शन का कलयुग में सबसे आसान तरीका है। अतः आपसे निवेदन है कि इस नए वर्ष की शुरुआत समय के समर्थ सन्त सतगुरु दुखहर्ता परम् पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज का आशीर्वाद पाने के लिए ऊपर लिखे कार्यक्रम में समय निकालकर अपने परिवार, इष्ट मित्रों सहित अवश्य पधारिए।

## बकाया एरियर वसूली के लिए बिजली वितरण कंपनी ने नगर रक्षा समिति भूतपूर्व सैनिकों की टीम ने 25 हिटर जप्त किये बिजली चोरी के आठ केस बनाएं

मुरैना-डेढ़ करोड़ रुपए के एरिया की वसूली के लिए बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल के निर्देशन में महाप्रबंधक व्ही.सी. दागी के नेतृत्व में उपमहाप्रबंधक अभिषेक कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में बिजली वितरण कंपनी द्वारा नगर रक्षा समिति की महिला एवं पुरुषों एवं भूतपूर्व सैनिकों की टीमों के द्वारा विद्युत की बकाया एरिया राशि की वसूली के लिए एक अभियान योद्धा स्तर पर चलाया जा रहा है बिजली वितरण कंपनी ने मुरैना शहर के शिकारपुर रोड, अहमदनगर, दुर्गापुरी कॉलोनी मैं 25 घरों में 25 हीटर जप्त किये। वहीं बिजली वितरण कंपनी की टीमों ने एरियर वसूली के साथ-साथ आठ केस चोरी के भी बनाए हैं मुरैना शहर के उपभोक्ताओं को निर्विवाद सप्लाई देने के उद्देश्य से बिजली वितरण कंपनी द्वारा एरियर वसूली के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है उस चेकिंग अभियान में नगर रक्षा समिति भूतपूर्व सैनिकों और बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों की एक टीम का गठन किया गया है जो शहर में प्रतिदिन एरियर की वसूली, बिजली चोरी आदि पर लगाम लगाने के उद्देश्य निरंतर कार्रवाई को टीमों के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है

# शिवाजी पब्लिक स्कूल में हुआ तुलसी पूजन, स्कूल संचालक ने बच्चों को बाटें तुलसी पौध

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

मालनपुर- मालनपुर क्षेत्र के समीप संचालित शिवाजी पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गयाद्य जिसमें पंडितों द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ तुलसी पूजा की गईद्य इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए द्यबच्चों ने तुलसी शालिग्राम नाटक का मंचन किया और भक्ति गीत नृत्य आदि कार्यक्रम किए द्य बच्चों के जीवंत नाटक मंचन को देखकर सभी भाव विभोर हो गए द्यछात्रों ने जमकर तालियां बजाई द्य स्कूल के स्टाफ सदस्यों द्वारा तुलसी के पौधे लगवाकर स्कूल प्रागंण के विभिन्न स्थानों पर रखें तथा प्रतिदिन उन्हें पानी देने व पूजा करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर विद्यालय संचालक



दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने तुलसी के महत्व को बच्चों को बताते हुए कहा कि जब दुनिया को सभ्यता का पता भी नहीं था तब हमारा देश संस्कारों की तुलसी से आंगन सजा रहा था। हिदू संस्कृति में माना जाता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वह घर तीर्थ के समान होता है। वहां मृत्यु के देवता यमराज भी नहीं आते हैं जो मनुष्य तुलसी मंजरी से भगवान श्री हरि की पूजा करते हैं उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति सुबह-सुबह तुलसी का पूजन करता है, उससे विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं द्यउन्होंने बताया कि तुलसी औषधिय गुणों से भी भरपूर होती है तुलसी असाध्य रोगों का निवारण करती है तथा इसके पूजन से मनुष्यों की मनोकामना पूर्ण होती है। कार्यक्रम के पश्चात सभी छात्रों को स्कूल संचालक ने तिलक लगाकर एक-एक तुलसी का पौधा दिया एवं फल और प्रसाद वितरित किया गया द्य इस अवसर पर विद्यालय के समस्त टीचर स्टाफ के सदस्य मोजूद रहे

# शिक्षा महाकुंभअटल शिक्षा रत्न से सम्मानित हुए प्रदेश भर के शिक्षको के साथ सागर जिले के शिक्षक भी हुए सम्मानित

### ग्रामीण शिक्षकों को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू**

सागर-देश के 10 वें प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के 100 वें जन्मदिन सुशासन दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के बरेली स्थित शिवा गार्डन में शिक्षा महाकुंभ और 'राष्ट्रीय अटल शिक्षा रत्न सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने की।

मंत्री जी ने ग्रामीण शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान का आश्वासन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने प्रदेश भर से आए शिक्षकों से संवाद करते हुए घोषणा की कि अब ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकों को भी राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों के लिए चयनित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए मौजूदा पोर्टल को सीएम हेल्पलाइन की तरह मॉनिटरिंग करने की बात भी कही।स्कूल शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा, 'शिक्षा क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उनकी प्रेरणा को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है।' उन्होंने कार्यक्रम में अगले वर्ष के लिए उपस्थित शिक्षकों की संख्या को 1000 से बढ़ाकर 100,000 करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि शिक्षकों के योगदान को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है।शिक्षकों के कारण भी कई चुनौतियां होती हैं स्कूल शिक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैंने विभाग में आने के बाद पता किया कि शिक्षकों के लिए कौन-सी चुनौतियां हैं? लेकिन, बड़ी बात यह है कि इस दौरान शिक्षकों के कारण भी कई चुनौतियों के बारे में पता चला, जो चिंता का विषय है। इसका निवारण बहुत जरुरी है।उन्होंने इस दौरान यह भी जिक्र किया कि जब वह अखबारों में देखते हैं कि शिक्षकों की लापरवाही सामने आ रही है तो बड़ा दुःख होता है।कार्यक्रम की मुख्य बातों में ङ्क मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव और महामंत्री जितेंद्र सिंह ने शिक्षा क्षेत्र की समस्याओं को स्कूल शिक्षा मंत्री के सामने रखा। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर से आए 1000 शिक्षकों को 'राष्ट्रीय अटल शिक्षा रत्न' से सम्मानित किया गया। जिसमें सागर जिले के शिक्षक समूह की जिला समन्वयक श्री मति कृष्णा साहू , हेमलता पचौरिया, मनीष माथुर, विजय सिंह गौड़, शिवकुमार पाटकर सेवानिवृत शिक्षाविद आचार्य एम डी त्रिपाठी आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस पर मंत्री उदय प्रताप सिंह ने संघ द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का समाधान शीघ्र करने और 10 दिनों के भीतर संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया। इनमें शिक्षकों के ट्रांसफर, वेतन विसंगतियां और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी जैसे मुद्दे शामिल थे। शिक्षकों ने लिया संकल्प ङ्कशिक्षा जगत को मजबूत करने वाले इस कार्यक्रम में शिक्षक सन्दर्भ समूह के संस्थापक समन्वयक डॉ दामोदर जैन ने कहा कि शिक्षकों को हर बच्चे को अपना समझना चाहिए। इससे बच्चों को सीखने में मदद मिलती है और शिक्षक को सीखाने में। उन्होंने इस दौरान पूर्व में लाई गई भारतीय शिक्षा नीतियों का भी उल्लेख किया।कार्यक्रम के दौरान गुजरात के प्रसिद्ध शिक्षाविद् गिजूभाई के 'बाल देवो भव' सिद्धांत को आत्मनिर्भर शिक्षा का मार्गदर्शक बताया गया। शिक्षकों ने उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल शिक्षा क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा का मंच प्रदान किया बल्कि शिक्षकों को प्रेरित और सम्मानित भी किया। यह आयोजन शिक्षकों की प्रतिबद्धता और उनके समर्पण को बढ़ावा देने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## कलेक्टर श्री कोचर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

### समिति प्रबंधकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने दिये निर्देश



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू**

दमोह- कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज जिले के धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आज तुलसी वेयर हाउस में संचालित धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति खमरिया बिजौरा एवं जय वेयर हाउस में संचालित धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति मौसीपुरा में निरीक्षण समय बोरियों में धान की भराई निर्धारित वजन से कम पाई जाने एवं बोरियों पर टैग नही लगे होने से समिति प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये।कलेक्टर श्री कोचर ने ग्राम घाना मैली में मॉ संतोषी वेयर हाउस में संचालित धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति घानामैली के निरीक्षण दौरान गोदाम में भंडारित धान के बोरो में लगे टैंग में कृषकों की जानकारी नही लिखे होने से खरीदी केन्द्र प्रभारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। उन्होने सेवा सहकारी समिति सिग्रामपुर द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र कोडाकला एवं सिंगपुर खेल मैदान में धान के परिवहन तत्काल किये जाने के निर्देश परिवहनकर्ता को दिये गये।

# परिवहन अधिकारी नरसिंहपुर द्वारा ओवरलोड वाहनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई

**लोकेशन तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश**



खबर नरसिंहपुर जिले कर तेंदूखेड़ा से जितेंद्र शर्मा नरसिंहपुर जिला परिवहन अधिकारी के द्वारा ओवरलोड वाहनों से एवं स्पीड में चल रहे वाहनों से हो रही लगातार घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए कल दिनांक 27.12.2024 को एक्सीडेंट में मृतक बच्चन सिंह राजपूत की घटनास्थल हीरापुर गेट के सामने चेकिंग लगाते हुए। ताबड़तोड़ कार्रवाई की जिसमें 09 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए थाना तेंदूखेड़ा लाकर तीन वाहनों पर जब्ती करवाई 04 वाहनो पर 135000 की राजस्व वसूली का चालान काटते हुए करवाई की गई रात्रि 8ः00 बजे के बाद भी कार्रवाई चालू रही इस तरह से यदि जिला परिवहन अधिकारी संवेदनशीलता के साथ धमा चौकड़ी लगा रहे ओवरलोड वाहनों पर समय-समय पर कार्यवाही करते रहें। शराब पीकर चलने वाले ड्राइवरों पर भारी भरकम जुर्माना लगाकर कार्रवाई करते रहें तो एक्सीडेंट की घटनाओं में बहुत कमी आएगी गाडरवारा से तेंदूखेड़ा आने वाला नेशनल हाईवे नागिन मोड वाला रोड भी कहा जा सकता है। संपूर्ण रोड में जगह-जगह भारी मोड है जिसकी वजह से स्पीड में चल रहे ओवरलोड वाहनों पर ड्राइवरों द्वारा कंट्रोल न कर पाने की वजह से भी एक्सीडेंट की अधिकांश घटनाएं होती हैं ।जिला परिवहन अधिकारी का ककरा घाट पर चेक पोस्ट होना अनिवार्य है एक दिन की कार्रवाई में कुछ नहीं होने वाला डंपर मालिक आजाद खान देवरी सागर ने बताया हमारे सारे कागज कंप्लीट थे इसके बाद भी चालान हुआ। ओवरलोड की हमें जानकारी नहीं थी, की ओवरलोड का मानक क्या होता है। इसलिए जिला परिवहन अधिकारी ओवरलोड की मानक सूची जारी कर सभी डंपरों में चस्पा करवायें ताकि किसी वाहन मालिक एवं ड्राइवर को यह कहने को ना रहे कि मेरे संज्ञान में नहीं है ,ओवरलोड क्या होता है, जिला परिवहन अधिकारी नरसिंहपुर जितेंद्र शर्मा की ताबड़तोड़ कार्यवाही से अनियंत्रित चल रहे वाहनों में कमी आएगी शर्मा जी की यह कार्यवाही सराहनीय है ,ऐसी कार्रवाई निरंतर चलती रहनी चाहिए पॉल्यूशन विभाग को एनटीपीसी गाडरवारा से डंपरों में भरकर ले जाने वाली डस्ट फेफड़ों में सीधा प्रभाव डालती है। एनटीपीसी प्लांट से गाडरवारा होते हुए तेंदूखेड़ा एवं जहां तक इसका परिवहन किया जाता है सड़क पर गिरती हुई जाती है, इसके काफी गंभीर परिणाम देखे जा रहे हैं और एक्सीडेंट का कारण यह भी बन रही है इसलिए आरटीओ पुलिस प्रशासन एवं पॉल्यूशन विभाग की संयुक्त कार्रवाई होना अति आवश्यक है ।मध्य प्रदेश पुलिस ट्रैफिक पुलिस जिला परिवहन अधिकारी सभी की संयुक्त टीम के साथ अनियंत्रित चल रहे । वाहनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई

# श्रीमद्भागवत कथा में छठवें दिन श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह के प्रसंग में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

### जो भक्त कृष्ण रुक्मणी विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या समाप्त होती हैं - किशोरी वैष्णवी गर्ग

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेंद्र पटैल**

दमोह/ हिंडोरिया- कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से मेंहलबार माता बरेजा प्रांगण चौरसिया समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ, जिसे ब? ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास किशोरी जी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है।उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना व रुकमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन हेतु शामिल हुए आज पूरा प्रांगण श्रद्धालुओं से पूर्णरूपेण भरा था और सभी पुष्प वर्षा



के साथ खूब झूम और नाच कर रहे थे। कथा के दौरान किशोरी जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठवें दिन कथा स्थल पर रूकमणी विवाहउत्सव के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई।कथावाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया।रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल नंद के लाला अर्थात श्री कृष्ण जी को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत में भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया। उन्हें भार्या के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया, रुक्मणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है।मुख्य यजमान - समस्त चौरसिया समाज एवं सभी नगर बासी हिंडोरिया ने कथा श्रवण करने की आप सभी से कथा श्रवण करने की अपील की है।शनिवार को श्री कृष्ण सुदामा चरित्र होगा । कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग के यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें।कथा का समय दोपहर 2 बजे से श्रीहरि इच्छा तक।

सीधी के सुरा प्रेमी पी गए एक अरब से 'ज्यादा की शराब

# वैवाहिक कार्यक्रम एवं नव वर्ष में एक दिन में होता है लाखों का व्यापार नशा मुक्ति अभियान के दावे हो रहें खोखले साबित





### लगन में दोगुनी हो जाती है खपत

जानकारों का कहना है कि वैसे तो शराब की मांग हर सीजन में बनी रहती है। शराब दुकानों के सामने दोपहर से लेकर देर रात तक सुरा प्रेमियों का जमावड़ा लगा रहता है। लेकिन लगन के सीजन में यह खतप अन्य माह की अपेक्षा दोगुनी से भी 'यादा हो जाती है। सबसे 'यादा शराब की बिक्री अप्रैल, मई एवं जून माह में होती है। क्योंकि इस दौरान वैवाहिक कार्यक्रम काफी 'यादा होते हैं। इसके साथ ही वर्तमान आंकड़ो पर अगर ध्यान दें तो अग्रेजी नव वर्ष आगमन के अवसर पर जिले में सर्वाधिक मदिरा की विक्री होती है।

सीधी। सीधी जिले में सुरा◌्रमियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आबकारी विआज के परिवेश में शराब का चलन आम हो गया है। शादी.ब्याह से लेकर सामान्य पार्टियों में शराब परोसना शानो शौकत माना जाता है। हद तो यह है कि लोग गम के माहौल में भी शराब का सहारा लेते हैं, हालांकि यह सब एक बहाना होता है। सुरा प्रेमी तो केवल शराब पीने का मौका खोजते रहते हैं। जानकारो की माने तो सीधी जिले में पहले कई युवाओं के द्वारा कोडीन युक्त शिरप नशे के रूप में प्रयोग की जाती थी किन्तु पुलिस अधीक्षक सीधी के नेतृत्व में ताबड़ तोड़ कार्रवाई से जिले में नशा विक्रेताओं की कमर टूट गयी। जिससे जिले में कोडीन शिरप व टैबलेट की विक्री पर लगभग विराम लग गया है। जिसके चलते नशेड़ी मेडिकल नशे की जगह पर मदिरा की दुकानो की ओर रूख करने लगे हैं।

### महिलायें भी शराब की हो रही शौकीन -

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की नजर में भले ही सीधी जिले को आज भी पिछड़े जिले के रूप में देखा जाता है, वास्तविक विकास की गति से काफी पीछे होने के बाद भी पश्चिमी सभ्यता एवम ओटीटी प्लेटफॉर्म का सीधा असर यहॉ की सभ्यता, सोच और जीवन शैली पर पड़ रहा है। अपुष्ट सूत्रो की माने तो शहर में महिलाओं में भी मेट्रो सिटीज की तरह

### इनका कहना है -

वर्ष 2024.25 में आबकारी विभाग द्वारा 01 अप्रैल 2024 से ×0 नवम्बर 2024 तक की गई कार्यवाही में अवैध मदिरा के 4×7 प्रकरण बनें और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही देशी मदिरा 8×7.26 लीटर, महुआ लाहन 7525 कि.ग्रा. जप्त किया गया। आबकारी विभाग को वर्ष 202×.24 में 616101490.00, वर्ष 2024.25 में 674841778.00 रूपए की आय प्राप्त हुई है। मदिरा दुकानों के कायम प्रकरण ×09 हैं।



## पिपराव पुलिस ने 1200 किलोमीटर दूर से खोज लाई नाबालिक अपहृता को, परिजनों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

सीधी। महिलाओ व ब'चों के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा द्वारा जिले भर में अपहृत बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया इसी तरताम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में शेषमणि मिश्रा चौकी पिपराव पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को 1200 किलोमीटर दूर सूरत गुजरात से किया दस्तयाब।शेषमणि मिश्रा चौकी प्रभारी पिपराव ने बताया कि 26.09.2024 को फरियादी चौकी पिपराव थाना रामपुर नैकिन सीधी उपस्थित आकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराया कि उसकी नाबालिग लडकी उम्र 16 वर्ष कल सुबह घर से स्कूल के लिये गई लेकिन वापस घर नहीं आई। चारो ओर खोज खबर के बाद भी पता नही चल रहा है। फरियादी की रिपोर्ट अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना अपहृता को सूरत गुजरात से 26.12.2024 को दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, चौकी प्रभारी पिपराव उनि शेषमणि मिश्रा, सउनि ओमप्रकाश गौतम एवं टीम का विशेष योगदान रहा।



## कलेक्टर श्री कोचर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

## समिति प्रबंधकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने दिये निर्देश



**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज जिले के धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आज तुलसी वेयर हाउस में संचालित धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति खमरिया बिजौरा एवं जय वेयर हाउस में संचालित धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति मौसीपुरा में निरीक्षण समय बोरियों में धान की भराई निर्धारित वजन से कम पाई जाने एवं बोरियों पर टैग नही लगे होने से समिति प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कोचर ने ग्राम घाना मैली में मॉ संतोषी वेयर हाउस में संचालित धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति घानामैली के निरीक्षण दौरान गोदाम में भंडारित धान के बोरो में लगे टैंग में कृषकों की जानकारी नही लिखे होने से खरीदी केन्द्र प्रभारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये।उन्होने सेवा सहकारी समिति सिग्रामपुर द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र कोडाकला एवं सिंगपुर खेल मैदान में धान के परिवहन तत्काल किये जाने के निर्देश परिवहनकर्ता को दिये गये।

## कही समय से पहले स्कूल बंद कही स्कूल समय मे चौराहों पर घूमते शिक्षक




### शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक

### बनीकोडर की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त,लापरवाह अध्यापकों पर कब होगी कार्यवाही

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

बनीकोडर बाराबंकी ।। शासन की लाख शक्ति के बाद भी बनीकोडर मे अध्यापकों की मनमानी चरम पर ना आने का समय ना जाने का समय जिम्मेदार बेखबर आपको बता दें कि राजधानी से सटे जिले बाराबंकी खण्ड शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर के उच्च प्राथमिक विद्यालय धुनौली ठाकुरान जहां पर समय लगभग 2ः50 पर स्कूल का ताला बंद मिला वही भिटरिया चौराहे पर शिक्षण कार्य ना करके स्कूल के समय मे कई अध्यापक 12ः56 मिनट पर घूमते नजर आये इसके संबंध मे जिम्मेदार अधिकारी ही बता सकते है छुट्टी पर थे यह बिना सूचना के शासन के आदेश को ठेगा दिखा रहे है वही अध्यापक स्कूल समय मे जिम्मेदार अधिकारी के साथ फोटो खीचवाने मे मस्त आखिरकार सरकार की मंशा पर पानी फेरने मे क्यों कसर नही छोड रहे लापरवाह अध्यापक आखिरकार इन पर कौन लगाएगा अंकुश? लापरवाही पर कब होगी कार्यवाही?

## शिक्षा के माध्यम से हम किसी भी पद पर पहुंच सकते है-कलेक्टर गुप्ता



ओमप्रकाश परमार, देवास। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने खातेगांव विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्या सुनी और समस्याओं का निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर गुप्ता ने ग्रामीणों से जलजीवन मिशन, खाद वितरण, राशन वितरण, सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। और कहा कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों से मिलने वाले चावल को ग्रामीण बेचे नहीं। सरकार द्वारा आयरन युक्त चावल दिया जा रहा है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभ दायक है। आयरनयुक्त चावल होने से यह चावल महिलाओं के लिए और भी ज्यादा लाभदायक है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु प्रजापति, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही एकीकृत शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओंकारा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरणगांव में 100-100 फर्नीचर भेंट किये गए। इस दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने बच्चों से कहा कि शिक्षा का जीवन में क्या महत्व है ये हमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के जीवन से सीखना चाहिए। शिक्षा का जीवन में बहुत महत्व है। यदि हम शिक्षा पर ध्यान दे तो हम किसी भी पद पर पहुंच सकते है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बच्चों को कोडिंग फार एवरीवन अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि प्राइवेट कंपनी कोडिंग सीखने के लिए लाखों रुपये ले रही है। जिले के शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोडिंग सिखाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आपका कॉम्पिटिशन पूरे देश के बच्चों के साथ है, कही भी इंटरवियू देने जाओगे तो 10वीं और 12वीं का रिजल्ट आपका इम्प्रेशन दिखायेगा। स्मार्ट टीवी और फर्नीचर ये सब सहूलतें है। स्कूल अच्छा जब माना जायेगा तब परिणाम अच्छा आएगा। बच्चे अपनी पड़ने की अवधि बड़ाये। हमारे समय इतनी सुविधा नहीं थी आपके पास तो बहुत सी सुविधाएं है। इंटरनेट के माध्यम से आज सभी जानकारी आज आसानी से मिल जाती है। आज इतने सारे संसाधन होने के बाद भी बच्चे अधिकतर समय रील देखने में लगा रहे हैं। विद्यार्थी समय और संसाधनों का सही उपयोग करें।

# जिंदगी की हकीकतपत्रकार के द्वारा चर्चित होना चाहते हैं सभी नेता हो या अधिकारी सभी मुखपृष्ठ में आना चाहते

**जिंदगी की हकीकत**

सभी अपने पक्ष की बात करना चाहते हैं वाह आशा करते हैं पत्रकार हमारी अच्छाइयां दिखाएं पत्रकार की नैतिक जिम्मेदारी भी होती है और अगर वह अधिकारियों नेताओं की सुनता है तो पब्लिक रूठ जाते हैं जनता पत्रकार पर विश्वास करती हैं उनका विश्वास उठने लगता है जब उनकी कोई नहीं सुनता तब एक पत्रकार ही हैं जो उनकी पीड़ा सरकार के दफ्तरों तक सरकार के उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक एक आम आदमी की आवाज को पहुंचाने का काम करता है पत्रकार।अगर रेता निकलवाने की सूचना पत्रकार को मिले और



उसके खिलाफ खनन माफियाओं के खिलाफ पत्रकार खबर चलाएं बालू निकलवाने के खिलाफ लिखे तो अधिकारियों का मोद बिगड़ जाता है और माफिया जान के दुश्मन बन जाते हैं समाज का हर तबका मीडिया से सिर्फ कवरेज चाहता है वाह यह कभी नहीं जाने की कोशिश करता जिससे मैं कवरेज चाहता हूं उसको तनख्वाह तो मिलती है कि नहीं या उसके घर में चूल्हा जलता है कि नहीं साल में दो त्यौहार आते हैं पत्रकारों के जी ने राष्ट्रीय पर्व कहा जाता है इसमें पत्रकार अपने प्रेस के लिए विज्ञापन मांगता है विज्ञापन का कुछ हिस्सा उस को मिलता है उससे उसके बच्चों का और उसका पालन पोषण होता है इसके बाद भी जो लोग कमरे चाहते हैं पत्रकारों के आसपास रहना चाहते हैं उनके द्वारा चर्चित होना चाहते हैं वह कभी उनका दर्द नहीं समझते तो विज्ञापन की बात करो उससे तू आजा आनाकानी करते हैं या नहीं सोचते इसी विज्ञापन से इन्हें और उनके परिवार का भरण पोषण होता है पत्रकार की पीड़ा जो कोई नहीं समझता फिर भी पत्रकार अपना फर्ज निभाता है और जो भी गलत कार्य होते हैं उन को उजागर करने का काम करता है शासन के लोग अगर गलत करते हैं उन्हें आईना दिखाने का काम करता है पत्रकार अधिकारियों से रोकने की कोशिश करता है पत्रकार आम आदमी की आवाज को ऊपर तक पहुंचाने का कार्य करता है पत्रकार फिर भी पत्रकारों से नाराज जरा कल्पना करें पत्रकार कैसे जीता है कैसे कैसे उसको धमकियां मिलती है अपने समाज के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहता है।हर एक शख्स की अपनी अपनी जरूरत है

## वन स्टॉप सेंटर की सहायता के संबंध में दी जानकारी ज्वाड, कीरपुरा, बिठलपुर, छीताखेडली ग्रामों का भ्रमण

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

महिला बाल विकास विभाग अतंर्गत वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा ग्राम जवाड, कीरपुरा, बिठलपुर, छीताखेडली में आंगनबाडी केन्द्रों का भ्रमण कर महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी प्रशासक श्रीमती नंदिनी मीणा, श्रीमती रानू तिवारी भूषण (लीगल केस वर्कर), कु. मेघा चौहान (सोशल केस वर्कर) द्वारा वन स्टॉप सेंटर योजना के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान जन समुदाय को वन स्टॉप सेंटर योजना जिसमें



समस्त प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन सहायता जैसे आपातकालीन स्थिति में त्वरित रूप से संबल प्रदान कर असुरक्षित स्थिति में बचाव करना, चिकित्सकीय सहायता प्रदान करना, प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करने एवं परिस्थिति के अनुरूप पुलिस सहायता प्रदान करवाने में सहायता, विधिक सहायता एवं परामर्श प्रदान करना, 5 दिन का स्थाई आश्रय प्रदान करना, संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाईन नंबर 181 तथा चाइल्ड लाइन नंबर 1098 के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा लिंग भेद तथा बाल विवाह जैसी कुरितियों के प्रति जागरूक करते हुए घरेलू हिंसा के संबंध में कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया।

## समाजसेवी ने मुक्ति धाम पर अंतिम संस्कार करवाया



**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

पीलीभीत- बरखे?ा। कस्बे के समाजसेवी एवं रिटायर फौजी मोहमद अहमद इस समय समाज सेवा के लिए जाने जाते है वह अपनी पेंशन से अज्ञात व गरीब असाह लोगों की भरपूर मदद करने में आगे बड़कर उनकी मदद के लिये जाने जाते है उन्होंने रिटायरमेंट के बाद असाह एवं गरीब लोगों के लिए तथा अज्ञात शवो के दाह संस्कार के लिए बड़चड़ कर मदद करने लिये तैयार रहते है तथा बरखेड़ा में उनकी प्रशंसा होती है।वह कहते है कि मैंने संकल्प लिया है कि मैं गरीब एवं असाह लोगो की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता हूँ।

## ग्राम पंचायत बोड़ी के सरहा में आयोजित हुई विधिक साक्षरता शिविर बालकों का संरक्षण अधिनियम,मोटर एक्ट,घरेलू हिंसा,शिक्षा सहित दी कानूनी जानकारी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**



सिंगरौली/देवसर- नालसा की कार्ययोजना अनुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश आर.एन.चंद व विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड़ के निर्देशन एवं तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालंटियर अमरीश पाठक द्वारा दिनांक 27 दिसंबर 2024 दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत बोड़ी के ग्राम सरहा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।वहीं बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला न्यायाधीश विजय सोनकर मंचासीन रहे।कार्यक्रम की शुरुआत सर्व प्रथम मां वीणा वादिनी के छायाचित्र पर धूप दीप अर्पित कर किया गया।तत्पश्चात् मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश विजय सोनकर ने विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी,वहीं उन्होंने प्राधिकरण के अंतर्गत मिलने वाली विविध बारीकी जानकारियों से भी ग्रामीणों को रूबरू कराया।जिला न्यायाधीश श्री सोनकर द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को कानून की सामान्य जानकारियों से अवगत कराते हुए अपराध से बचने एवं कानून का पालन करने की समझाइश दी गई।साथ ही बालकों के प्रति संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि यह कानून बालकों के प्रति होने वाले लैंगिक अपराधों से बचाव हेतु बनाया गया है।ऐसे मामलों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष न्यायालयों की स्थापना भी की गई है।इस अधिनियम के तहत,बच्चों के साथ यौन अपराध करने वालों के लिए कठोर दंड का प्रावधान भी किया गया है।वहीं उन्होंने जमीन सम्बंधित होने वाले छोटे मोटे अपराध,साइबर अपराध,मोटर एक्ट,घरेलू हिंसा सहित कानून की अन्य सामान्य जानकारियों से अवगत कराते हुए कानून का पालन करने एवं अपराध से बचने की सलाह दी।कार्यक्रम का संचालन पीएलवी अमरीश पाठक द्वारा किया गया तो आभार ग्राम पंचायत सचिव बालेन्द शेखर द्विवेद्वी द्वारा व्यक्त किया गया।इस दौरान विधिक सेवा से अमित सिंह,कमलेश द्विवेदी एवं ग्राम पंचायत सरपंच,रोजगार सहायक, चौकीदार सहित सैकड़ों की तादाद में स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कबाड़ में तौला नौनिहालों का भविष्य अधिकारियों ने साधी चुप्पी

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**




जनपद एटा के कोतवाली नगर क्षेत्र में कबाड़ की दुकान में सर्व शिक्षा अभियान के तहत सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क वितरण होने वाली किताबें किलो के भाव में कबाड़ियों को तौल दी गई है किताबें खरीद कर ले जा रहे कबाड़ वाले का वीडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया बिक्री की गई किताबें वर्ष 2024 -25 की है वीडियो सामने आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने चुप्पी साध ली किताबें पांचवी कक्षा और तीसरी कक्षा की बताई जा रही है पूरा मामला बलदेव सहाय वाली गली का है कबाड़ में किताबें बेचने का वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मचा हुआ है किताबों के मुख्य पृष्ठ पर सर्व शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश सरकार अंकित है यह किताबें उत्तर प्रदेश सरकार की मनसा अनुसार परिषदीय विद्यालयों में निःशुल्क छात्र-छात्राओं को वितरण की जाती है सवाल यह उठ रहा है कि यह किताबें कहां से आई किस विद्यालय की और किसी व्यक्ति ने उन्हें कबाड़ में बेच दिया मामले पर बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार से जब दूरभाष द्वारा संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया कई बार प्रयास करने के बावजूद भी उनसे संपर्क नहीं हो सका इससे यह स्पष्ट होता है कि जब भी बेसिक शिक्षा विभाग की लापरवाही उजागर होती है जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं

## पुलिस ने कार्यवाही कर जप्त की 82 नग अवैध नशीली इंजेक्शन

**गजेन्द्र परिहार**

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अवैध नशे के तस्करों, व्यापारियों के विरूद्ध शहडोल पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही है। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रोहित ढांड नशीली इंजेक्शन लिये बेचने हेतु केन्द्रीय विद्यालय के पीछे जंगल तरफ खड़ा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के पास पहुंचे जहां एक व्यक्ति खड़े मिला। जो पुलिस को आता देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ की गई जिसमें उसने अपना नाम रोहित ढांड पिता चन्द्रशेखर ढांड उम्र 25 वर्ष निवासी बुढार रोड शहडोल का होना बताया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 82 नग अवैध नशीले इंजेक्शन पाया गया।

## संदीप गुप्ता की तृतीय पुण्यतिथि पर मूर्ति का हुआ अनावरण जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

जनपद एटा के अलीगंज में बांके लाल वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले स्वर्गीय संदीप गुप्ता की तीसरी पुण्यतिथि पर एक भव्य आयोजन किया गया जिसमें पांच हजार गरीबों को कंबल वितरण किए गए और दिव्यांगों को ड्राई साइकिल प्रदान की गई यह कार्यक्रम एस एस रिसोर्ट में आयोजित हुआ जहां स्वर्गीय संदीप गुप्ता की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलन कर और स्वर्गीय संदीप गुप्ता की प्रतिमा का अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह यादव उप जिला अधिकारी जगमोहन गुप्ता और चेयरमैन प्रतिनिधि सुजीत गुप्ता उर्फ बॉबी ने संयुक्त रूप से अनावरण किया इस अवसर पर पांच हजार जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए गए ताकि गरीबों लोग सर्दी से बच सके साथी दिव्यांगों को ड्राइसाइकिल दी गई ताकि उनका जीवन कुछ हद तक सरल हो सके कार्यक्रम



में बोलते हुए अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने कहा कि स्वर्गीय संदीप गुप्ता ने समाज सेवा क्षेत्र में अपार योगदान दिया उन्होंने कहा कि संदीप गुप्ता के अधूरे कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब मेरी है भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप जैन ने स्वर्गु संदीप गुप्ता जी को याद करते हुए उनके समाज के प्रति योगदान को सराहा पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह ने कहा कि संदीप गुप्ता की पहचान सिर्फ अलीगंज ही नहीं बल्कि कई अन्य जनपदों में भी बन चुकी थी कार्यक्रम के दौरान गुप्ता की पत्नी और अलीगंज नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने नम आंखों से कहा कि वह अब अपने पति के अधूरे कार्यों को पूर्ण करेंगी और उनके परिवार हमेशा समाज की सेवा करेगा इस कार्यक्रम के दौरान अलीगंज एसडीएम जगमोहन गुप्ता, गजेंद्र सिंह चौहान, विनोद आर्य, गोपाल शर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर अशोक रतन शाक्य, सम्यक शाक्य, सुशील गुप्ता, राजेश सक्सेना, अरुण दलपति सहित गणमान्य लोक मौजूद रहे।

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर, शनिवार 28 दिसम्बर 2024
खबरें बेबाक, बेखौफ बेहिचक


# पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर खरे नही उतरे बरखेड़ा के सरकारी सस्थान

## अधिकतर कार्यालय भूल गए राष्ट्रीय शोक मनाना




**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

पीलीभीत-बरखेड़ा। प्रमुखतःसे खण्ड विकास कार्यालय,कृषि रक्षा इकाई कार्यालय,पशु चिकित्सालय, राजकीय बीज भंडार, सहकारी समिति खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बरखेड़ा शामिल रहे।पूरे क्षेत्र के अधिकतर सरकारी विद्यालयों में भी राष्ट्रीय शोक पर ध्वज को नही झुकाया गया।जबकि केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह के निधन पर पूरे देश व प्रदेश में 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित होने के बावजूद भी बरखेड़ा क्षेत्र के सरकारी कार्यालय प्रमुख यह भूल गये कि पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर राष्ट्रीय ध्वज उनके सम्मान में झुके रहेंगे।शायद सभी सरकारी कार्यालयों प्रमुख सस्थान को केवल आज का अवकाश याद रहा।यही नही बरखेड़ा ड़े कांग्रेसी नेता अपने प्रिय नेता पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी भूल गये उनके निधन पर क्षेत्र के किसी कांग्रेसी संगठन ने दो मिनट का शोक नही दर्शाया और न ही श्रद्धांजलि देने की जहमत नही की।

# नगर पंचायत रामसनेही घाट पटेल पायका मैदान में एकलौता इण्डिया मार्का नल,आ रहा गन्दा पानी

## मिनी स्टेडियम रामसनेही घाट मैदान मे मंत्री जी के कार्यक्रम में इंडियामार्का नल से पानी की जगह निकलती है चाय, बड़े अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता**



**रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

राम सनेही घाट बाराबंकी। नगर पंचायत रामसनेही घाट मिनी स्टेडियम पटेल पायका मैदान में लगा इण्डिया मार्का नल से गंदा पानी आ रहा है, इस मैदान में प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे खेलने के लिए दूर दराज से आते है और इस मैदान में प्रतिमाह सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होता है जिसमें नगर पंचायत के ग्रामीण लोगो को यही गंदा पानी पीना पड़ता है और जो अधिकारी गण, कर्मचारी एवं नेता, विधायक, सांसद जन शामिल होते है उनके लिए बाहर से ऋह का पानी पीने के लिए आता है। जो बच्चे इस फील्ड में खेलने वाले और जो पुलिस की तैयारी करने वाले दौड़ करने की प्रैक्टिस करने आते हैं जब प्यास लगती है तो यही नल का गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ता है और कोई पानी पीने की व्यवस्था नहीं है इस तरह का पानी पीने से संक्रमक बीमारी हो जाने की संभावना है, सोचने का विषय यह है कि नगर पंचायत में जब ये भ्रष्टाचार है तो ग्राम पंचायत में क्या होता होगा यह तो सोचनीय का विषय है

# शंकरगढ़ के शिवराजपुर के पास हुआ हादसा ट्रैक्टर व हाईवा ट्रक की हुई भिड़ंत में कई जख्मी



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव**

शंकरगढ़ । थाना क्षेत्र के शिवराजपुर के पास एक तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने सामने से आ रहे ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। ट्राली में बैठे कई लोग इस टक्कर से घायल हो गए। पुलिस सभी घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए ले गई । जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को शाम करीब 4ः00 बजे प्रयागराज की तरफ से एक तेज रफ्तार हाईवा द्वश्च 66 द्ध 1450 आ रहा था। हाईबा के आगे एक बस लगी हुई थी। और चित्रकूट की तरफ से एक ट्रैक्टर न्यू हॉलैंड आ रहा था। ट्रैक्टर में कपारी गांव के कुछ सपेरे बैठे थे। बताया गया कि हाईवा ट्रक बस को ओवरटेक करते हुए ट्रैक्टर के सामने आ गया जिससे दोनों में टक्कर हो गई ।टक्कर इतनी भीषण थी की मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने दौड़कर सभी घायलों को ट्राली से नीचे उतारा और एंबुलेंस तथा शंकरगढ़ पुलिस को सूचित किया। मौके पर शंकरगढ़ पुलिस ने पहुंचकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले गई। गंभीर रूप से घायल वर्षा 19 पत्नी प्रीत नाथ , जानकी 9 पुत्री श्री पत नाथ को एक निजी अस्पताल तथा रुचि 10 पुत्री अल्पन नाथ , रीना 21 पत्नी जयवीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। टीना 15 पुत्री नजर नाथ मनु 16 पुत्र जोगेंद्र नाथ को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। शंकरगढ़ पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़कर थाने ले गई तथा वाहनों को अपने कब्जे में लेकर विधि कार्रवाई कर रही है।

# गए खालिस्तानी आतंकियों का विदेशी कनेक्शन

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

सोमवार को पुलिस मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकीयो से जुड़े नए खुलासे हो रहे हैं पुलिस ने जांच में दो युवकों को हिरासत में लिया जिससे पता चला कि विदेश में बैठे सिद्धू नामक युवक नेइन आतंकियों की मदद के लिए स्थानीय स्तर पर संपर्क किया थापंजाब में पुलिस चौकी पर हमला करने वाले जसप्रीत सिंह और वीरेंद्र सिंह पंजाब और पीलीभीत पुलिस नेसंयुक्त कार्रवाई में ढेर किया था इसके बाद जांच में पुलिस पूरनपुर के होटल हरजी पहुंची जहां आतंकी दो अन्य युबको के साथ ठहरे थे सीसीटी फोटो के आधार पर पुलिस ने दोनों मददगार युवकों को पहचान जसपाल सनी और दीपक के रूप मेंसिद्धू ने फर्जी आधार कार्ड भी विदेशी नंबर से भेजे थे पूछताछ में खुलासा हुआ है कि जसपाल सनी को विदेश में बैठे सिद्धू ने फोन कर आतंकियों की मदद करने को कहा था सिद्धू ने फर्जी आधार कार्ड भी विदेशी नंबर से भेजे थे जसपाल ने अपने गांव के दीपक के साथ मिलकर**तीनों आतंकियों को पूरनपुर के होटल में ठहराया**–जांच में अब सामने आया है कि सिद्धू हरियाणा का रहने वाला है डेढ़ साल पहले पूरनपुर और गजरौला जपती गांव में रह चुका है वहां उसने पैसे और **रहना सहना के बल पर** –कई दोस्त बनाएं सिद्धू के विदेश भागने के बाद पंजाब पुलिस उसकी तलाश में पीलीभीत पहुंची थी अब पुलिस सिद्धू का ठिकाना लगाने में जुटी है

# टोनाटार में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले चार आरोपियो को किया गिरफ्तार



**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

बलौदाबाजार। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी रखे हुए। इसी क्रम में 26 दिसंबर को थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा ग्राम टोनाटार में लगातार मिल रही शिकायत के बाद घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचिया शेखर कुमार पटेल उम्र 28 वर्ष चंद्रशेखर कोसले उम्र 28 वर्ष रामेश्वर कुर्रे उम्र 35 वर्ष एवं ऋतुराज चेलक उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 5 हजार सात सौ कीमत मूल्य का 33 पाव देशी मसाला शराब एवं 18.5 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है

# True एकेडमी में अबेकस विद्यार्थियों का पुरस्कार समारोह मनाया गया

## Keyon By Kumar International कुमार इंटरनेशनल होटल में Trucademy और अबाकस चैंप्स अकादमी के सहयोग से ईशान मीडिया हाउस के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब**

! अबाकस चैंप्स अकैडमी हर साल नेशनल लेवल के कंपटीशन करवाते हैं जिसमें हमारे पूरे ऑल इंडिया के बच्चों के लिए अबाकस की कंपटीशन करवाए जाते हैं और उसे कंपटीशन में अमृतसर के ट्रू अकादमी के 74 बच्चों ने नेशनल अवार्ड लेकर हमारे अमृतसर का नाम और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। ञ्चह्लह्वष्ड्डस्रद्गद्व4 के ओनर गौरव महाजन व शिखा महाजन जी ने बताया कि वह हर साल इस नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेते हैं और उनके अकादमी के ज्यादा से ज्यादा बच्चे नेशनल चैंपियन में अवार्ड जीतकर अकादमी का नाम रोशन करते हैं इस बार भी इस कंपटीशन के तहत उनके अकादमी के 7 बच्चे नेशनल विनर, 15 बच्चे रनर अप और 74 बच्चे एक्यूरेसी के एग्जाम में अव्वल आए हैं। आज के कार्यक्रम में उन सभी बच्चों को हमारे आए हुए मुख्य अतिथि अबाकस चैंप्स अकादमी के फाउंडर सरदार दविंदर सिंह जी, मैडम रविंदर कौर और विशेष अतिथियों में अश्विनी महाजन, मीरा महाजन ,मशहूर कलाकार सरदार अरविंद सिंह भट्टी जी व अदाकारा श्रीमती अमनदीप कौर जी , कुमार इंटरनेशनल होटल की मालकिन श्रीमती लक्ष्मी कुमार जी, गोल्डन सिटी डिजिटल स्टूडियो से सरदार रोबिन सिंह जी द्वारा उन सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया! कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किया गया !बच्चों ने अपनी अबाकस की प्रस्तुति भी दी! हमारे आए हुए मुख्य अतिथि मैडम रविंदर कौर द्वारा बच्चों को और उनके माता-पिता को बहुत अच्छा संदेश देते हुए कहा कि बच्चे हमारा जीवन का मूल है और हमें इनका सही मार्गदर्शन करना चाहिए और हमें इनको और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करते रहना चाहिए, यह हमारे देश का भविष्य है। ट्रू अकादमी के ओनर गौरव महाजन ने इस विजय का श्रेय अपने टीचर्स को देते हुए टीचर्स द्वारा करवाई गई मेहनत की बहुत प्रशंसा की जिनमें से मुख्य टीचर्स समिष्ठा महाजन, पूर्वी सहगल, जीविका दत्त, हीना महाजन, साक्षी, समष्टि चावला, दानिया चावला, कृतिका पाल, नवदीप कौर, निधि चावला, महक चावला, मुस्कान सूरी, मुस्कान तनेजा, अनमोल अरोड़ा, कनिका, भाविष्का महाजन को सम्मान चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया! कार्यक्रम के अंत में गौरव महाजन ,शिखा महाजन व अर्चना ठाकुर ने कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथियों विशेष्य अतिथियों को अपना विशेष समय देने के लिए बहुत आभार प्रकट किया और आए हुए सभी माता-पिता और बच्चों का धन्यवाद किया गया!




महिला की मौत से इलाके में सनसनी

# परिजनों ने लड़के एवं उनके संबंधियों पर दहेज में मोटरसाइकिल एवं रुपए की मांग को लेकर की गई हत्या का लगाया गंभीर आरोप।



**अंशु कुमार मुरलीगंज मधेपुरा**

मामला मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत साहेबगंज इटहरी के वार्ड नंबर 8 का है। जहां पूर्णिया जिला के बड़हरा कोठी थाना अंतर्गत ग्राम कल्याण कामत वार्ड नंबर 14 निवासी मोहम्मद शौकत ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री नूजहत प्रवीण का निकाह 1 वर्ष पूर्व मुरलीगंज थाना क्षेत्र के साहेबगंज इटहरी निवासी मोहम्मद शकूर के पुत्र मोहम्मद मुमताज के साथ किया। परिजनों के मुताबिक शादी के 6 महीने तक सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन 6 महीने बीत जाने के बाद मोहम्मद मुमताज अपनी पत्नी नुजहत प्रवीण के साथ बराबर मारपीट करता और घर (मायके)से रुपए और मोटरसाइकिल दिलाने की मांग करता रहता था। इसी क्रम में दिनांक 26 दिसंबर 2024 को शाम के करीब 4ः00 बजे मोहम्मद मुमताज अपने परिजनों के साथ मिलकर अपनी पत्नी नुसरत से पैसे और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट के क्रम में नूजहत प्रवीण को इतनी जबरदस्त चोट आई की उसकी मृत्यु घटनास्थल पर हो गई। रात के करीब 8ः00 बजे लड़की पक्ष के परिजनों को इस हत्या की जानकारी मिली तो उन्होंने साहेबगंज इटहरी वार्ड नंबर 8 स्थित मोहम्मद मुमताज के घर पहुंचकर देखा कि उनकी लड़की मृत अवस्था में पड़ी हुई है जिसके बाद मुरलीगंज थाना को सूचना दी गई। सूचना पाते ही तत्परता दिखाते हुए मुरलीगंज थाना अध्यक्ष अजीत कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, और स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी पति मोहम्मद मुमताज को गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक हिरासत भेजने की तैयारी में जुट गए। हालांकि लड़की के माता- पिता दोनों बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं, इसलिए मामले को लेकर लड़की के दादा 70 वर्षीय मोहम्मद अताबूल ने मुरलीगंज थाने में आवेदन देकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में लड़की के दादा ने साहिबगंज इटली निवासी मोहम्मद शकूर का पुत्र 1. मोहम्मद मुमताज 2. मोहम्मद शकूर पिता- मरहूम मोहम्मद दिलजान 3. मोहम्मद मुस्ताक उर्फ छोटू पिता मोहम्मद शकूर 4. बीवी जमील पति मोहम्मद शकूर सभी ग्राम साहेबगंज इटहरी वार्ड नंबर 8 के ऊपर इस हत्या का आरोप लगाया है। अब मामले को लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हकीकत का पता चल सकेगा।

# ब्रह्म श्री कुमार स्वामी जी स्वर्गीय डॉ. बलदेव राज चावला के निवास पर पहुँच परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त की

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब**

ब्रह्म-ऋषि कुमार स्वामी जी ने अपने शिष्यों सहित पूर्व स्वास्थ्य मंत्री पंजाब स्वर्गीय डॉ. बलदेव राज चावला जी के निवास स्थान पर पहुँच कर उनके ), प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन व बड़े सुपुत्र डॉ. जयंत चावला, डॉ. नरेंदर चावला, डॉ. राम चावला तथा अन्य परिवारिक सदस्यों के साथ मुलाकात की तथा अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। कुमार स्वामी जी ने डॉ. बलदेव राज चावला जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कुमार स्वामी जी इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय डॉ. बलदेव राज चावला उनके द्वारा चलाये रहे भगवन श्री लक्ष्मी नारायण धाम सेंटर्स महाब्रह्म श्री कुमार स्वामी जी के मेडिकल ब्यूरो के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने उनके द्वारा दिए गए बीज मन्त्रों से ठीक हुए लोगों तथा स्वामी जी द्वारा किए गए चमत्कारों के साक्ष्यों के साथ एक पुस्तक लिखकर उसका प्रकाशन भी करवाया, जिसके लिए वह उनके सदा आभारी रहेंगें। इस अवसर पर गुरु माँ, हरीश जी (कुमार स्वामी जी का कार्य



संचालन देखने वाले आदि भी उनके साथ थे। स्वामी जी तथा गुरु माँ ने कहा कि हम सब डॉ. चावला द्वारा समाज तथा उनकी संस्था के लिए किए गए कार्यों के लिए सदैव ऋणी रहेंगे। स्वामी जी ने कहा कि हमारी संस्था द्वारा स्वर्गीय डॉ. बलदेव राज चावला के नाम पर हर वर्ष एक दिवस मनाकर उन्हें याद करेगी।कुमार स्वामी जी ने डॉ. चावला जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. चावला बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ गए थे। उन्होंने संघ में अनेक दायित्वों का निर्वहन किया और सक्रिय राजनीतिक का हिस्सा भी बने। इसके साथ ही उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी और डॉक्टरी की डिग्री हासिल की। डिग्री हासिल करने के बाद अमृतसर नगर पालिका में हेल्थ ऑफिसर के पद पर जनता की सेवा शुरू की। आपातकाल के दौरान पार्टी आदेशानुसार अपने सरकारी पद से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद सरकार ने उन्हें जेल भेज दिया था। डॉ. चावला ने उन दिनों की याद में दो पुस्तकें भी प्रकाशित कटवाई जो उनके द्वारा लिखी गई थीं। डॉ. चावला श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में भी सक्रिय भाग लिया और 1990 व 1992 में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में जेल भी गए थे। डॉ. चावला ने दो बार लोकसभा और दो बार विधानसभा चुनाव लड़ा। उन्होंने बतौर स्वस्थ्य मंत्री भी पंजाब की जनता की सेवा निभाई और जनता के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। आज वो हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी यादें हमेशा हमारे मनों में ताजा रहेंगी। इस अवसर पर रूबी तलवार, विजय कुमार, आनंद आदि भी उपस्थित थे।

## एक नजर...

### जन संघर्ष समिति के तत्वाधान में विशाल धरना सम्पन्न



**संवाददाता- सुनील कुमार जाट**

गुलाना /शाजापुर 7 पुलिस चौकी गुलाना के चौकी प्रभारी के विरुद्ध विशाल धरना दिया गया चौकी प्रभारी द्वारा अपने कर्तव्यों, दाईत्वों का निर्वाह नहीं कर रहे हैं फरियादियों की एफ आई आर नहीं की जाती हैं यँहा तक की आवेदन भी नहीं लिए जाते हैं आरोपियों से सांठ गाँठ कर फरियादी पर क्रॉस केस कर दिया जाता हैं माफिया से महीना बाँधकर अवैध शराब बिकवाई जा रही हैं यंहा तक की चौकी प्रभारी एवं आरक्षक धनपाल राजपूत शराब के नशे में रहतें हैं झूठे केस में ड़साने की धमकी दी जाती हैं कुशवाह चौकी प्रभारी को उनके किये कृत्यों कई सड़ा दिलवा कर रहेंगे ऐसे आरोप धरने में उपस्थित लोगों नें लगाए धरने में रामेश्वर परमार सकतखेड़ी, बद्रीप्रसाद सोराष्ट्रीय, दिनेश सिंदल, शिवनारायण धारिया, भगीरथ सोलंकी, जीवन सोराष्ट्रीय, हीरालाल पटेल, ओम प्रकाश मोरटे, मनोज धानुक, मयूर कलमोदिया, भारत सिंह जलोदा, राधेश्याम जी, कालूराम सरपंच, हरिनारायण, अंसार खान, सद्दाम बाबा, जय प्रकाश गोयल, धर्मेंद्र सोराष्ट्रीय, ज्ञान सोराष्ट्रीय, अनिल मालवीय, विष्णु जाट, सलमान रसूलपुर, माखन बोयल, विजय सोराष्ट्रीय,कामरान खान, मोहम्मद रड़ीड़ गुड्डु,मनोज धानुक, शिव नारायण धारिया, संजय पितले, अविनाश सिंह, राजा भैय्या एवं अन्य लोग मौजूद थे

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर शिविर किया आयोजित



**केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

घट्टिया - राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घट्टिया तहसील मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों एवं उपस्थित माननीय वक्ताओं द्वारा उपभोक्ताओं को नवीन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 तथा उपभोक्ता संरक्षण संबंधित अन्य जानकारी दी गई ।जिला स्तरीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सरंक्षण दिवस कार्यक्रम में निम्नानुसार विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाना है नापतौल विभागखाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग ,पेट्रोल पंप,गैस एजेन्सीवस्तुओं के क्रय संबंधी सावधानियां एवं शिकायत का निवारण तथा बाट,तराजू की प्रदर्शनी ,खाद्य पदार्थों में मिर्च, मसाले, दूध, घी, मावा की शुद्धता परीक्षण, गैस सिलेण्डर का सही वजन, सुरक्षा संबंधी प्रदर्शनी एवं जानकारी दी गई।शिविर में मुख्य अतिथि जसवीर कौर अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम,अब्दुल वहाब खान भाजपा नेता,यशवंत मालवीय सरपंच,श्रीमती नुजहत बकाई जिला खाद्य अधिकारी,अमित जोशी ग्राहक पंचायत अध्यक्ष,वंदना बबेरिया कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ,उमेश कुमार पाण्डेय सहायक आपूर्ति अधिकारी,कैलाश यादव क्षिप्रा उपभोक्ता सहकारी समिति मौजूद थे।

### मामा मामी ने मन्या बड़ी धूम धाम से भांजी का जन्मदिन



**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद- गुरुवार को नन्हीं भांजी 'मिस्टी' (श्रीधा) दूसरा जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मम्मी, मामा, मामी, नाना,नानी सभी ने बिटिया को आशीर्वाद व उपहार भेंट किए। इस दरम्यान वहां रह रहे सभी बच्चे बेहद खुश नजर आए।घर पर उसका जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य द्वार से लेकर अंदर का पूरा घर रंगबिरंगे गुब्बारों से सजा हुआ था। सुबह से ही लोगों ने आशिष देना शुरू किया । मिस्टी को सभी बच्चों ने उपहार दिए।सभी ने मिस्टी को उपहार भेंट किये और आशीर्वाद दिया।

### टैंकर ब्लास्ट में मजदूर की हुई मौत पर साथियो ने अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के मैनेजर को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा: पुलिस के सामने चले लात-घूंसे



**प्रवीण गौतम,दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मैहर- अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री मैहर में हुए टैंकर ब्लास्ट से एक मजदूर की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए मजदूरों ने पुलिस के सामने ही फैक्ट्री के एचआर मैनेजर को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। उसे जमीन पर पटक कर लात-घूंसे से पिटाई कर दी।ये घटना मैहर के सरला नगर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री की है। जहां गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे एक टैंकर में ब्लास्ट हो गया था। मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी के मुताबिक,÷ टैंकर खाली था। उसमें वेल्डिंग करते समय हादसा हुआ है। हादसे में बदेरा निवासी प्रभुदयाल कुशवाहा (35 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया था। सतना के बिरला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गई।ब्लास्ट के वक्त मौजूद मजदूर राहुल कुशवाहा ने बताया÷ प्रभुदयाल कुशवाहा मेरा चचेरा भाई था। हादसे के समय मैं हेल्पर के तौर पर टैंकर के ही नीचे था। हालांकि मुझे कुछ नहीं हुआ।प्रबंधन के फेवर में बात करने पर भड़के थे मजदूर, बताया जा रहा है कि हादसे के बाद एचआर हेड उपेंद्र मिश्रा के सामने मजदूर अपनी बात रख रहे थे। इस बीच प्रबंधन के फेवर में लगातार बात करने पर मजदूर भड़क गए। उन्होंने एचआर हेड के साथ मारपीट कर दी। उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव कर उन्हें बचाया। बताया जा रहा है कि पिटाई से उन्हें काफी चोट आई है। उनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।टीआई अनिमेष द्विवेदी ने बताया कि अभी इस संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ पुलिस को शिकायत कीफैक्ट्री के मजदूरों ने इस पूरे मामले में फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए है। इसे लेकर पुलिस को शिकायती पत्र भी सौंपा है। मृतक मजदूर के परिजन को मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही ब्लास्ट के लिए फैक्ट्री के सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों को दोषी बताया है।

# 6 दिवसीय जल महोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन माचागोरा में साल भर जेटस्की, बनाना बोट का आनंद उठा सकेंगे पर्यटक

## जल महोत्सव के बीच नए साल पर पर्यटकों को मिली बड़ी सौगात

**धनंजय वडसमुद्रकरजोशी की रिपोर्ट**

छिंदवाड़ा। जिला सांसद विवेक बंटी साहू एवं जिला कलेक्टर शैलेंद्र सिंह के अथत प्रयासों के बाद माचा गोरा डैम में एक अद्भुत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके चलते जिले की जनता माचा गोरा डैम में उमर पड़ी। 2016 में बना यह डेम एक दार्शनिक स्थान बनने से वंचित था। किसी भी नेता या प्रशासन ने इसकी ओर ध्यान नहीं दिया था लेकिन वर्तमान कलेक्टर शैलेंद्र सिंह और सांसद विवेक बंटी साहू की नजर जब इस पर पड़ी तो उन्होंने इसे एक पर्यटन स्थल बनाने का निर्णय लिया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मनमोहन यादव ने भी पूरा सहयोग दिया जिसके चलते हजारों लोगों के लिए यह एक मनोरंजन और पर्यटन स्थल बन सका । जहां 6 दिन में लगभग डेढ़ लाख लोगों ने इस स्थान का आनंद उठाया और आगे भी उठा रहे हैं । 25 दिसंबर को लगभग 50000 की भीड़ यहां पर एकत्रित हो गई थी जिनका नियंत्रण करना भी मुश्किल हो गया था लेकिन पुलिस प्रशासन और प्रशासन की व्यवस्था से लोगों ने डेम के जलविहार का पूरा आनंद उठाया जिला प्रशासन व मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सयुंक्त शुरू हुए जल महोत्सव में पर्यटकों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को जल महोत्सव में हजारों पर्यटकों ने शामिल होकर वॉटर व एयर एक्टिविटी का लुड़्त उठाया। जल महोत्सव के बीच छिंदवाड़ा और आस-पास के जिलों के लिए अच्छी खबर यह है कि जल महोत्सव निरंतर चलता रहेगा व माचागोरा बोट क्लब पर जेटस्की, बनाना बोट सहित अन्य गतिविधियां साल भर जारी रहेंगी। साथ ही नए वर्ष के अवसर पर यहां टेंट सिटी भी लगी हुई है, जिसमें नाइट स्टे किया जा सकता है। पर्यटकों के लिए यहाँ मनोरंजन



और देसी भोजन का विशेष इंतजाम हमेशा रहेंगे। बुधवार को जिले के हजारों पर्यटकों ने माचागोरा जल क्षेत्र में पहुंच कर न सिर्फ वॉटर एक्टिविटी में भाग लिया बल्कि यहां बिक रहे पकवानों का स्वाद लिया और बच्चों ने खिलौने खरीदे। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह व सीईओ श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पहली बार आयोजित हुए जल महोत्सव को छिंदवाड़ा सहित आस-पास के जिलों से भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत ने बताया कि जल महोत्सव की अवधि बड़ा दी गई है, पर्यटक यहां मेले का आनंद जनवरी माह के प्रथम पखवाड़े तक उठा सकते हैं, इसके साथ सभी पर्यटकों को जानकारी दी गई कि माचागोरा बोट क्लब पूरी तरह स्थाई है ।और मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने यहां बोटिंग सहित अन्य साहसिक गतिविधियों की अनुमति दी है। माचागोरा बोट क्लब में बनाना बोट, पैडल वोट, मोटर बोट, जेटस्की जैसी सारी एक्टिविटी वर्ष भर जारी रहेगी। पर्यटक प्रबंधक गिरीश लालवानी ने बताया कि पर्यटकों के नाइट स्टे की उचित व्यवस्था के लिए जल क्षेत्र में टेंट सिटी लगाई गई है, साथ ही नव वर्ष पर यहां मेले के साथ पर्यटकों के मनोरंजन, भोजन की व्यवस्था की गई है। नव वर्ष का पैकेज पर्यटकों के लिए बहुत ही किफायती दामों में उपलब्ध है।

**विद्यार्थियों के नृत्य ने बंधा समां**-जल महोत्सव में प्रतिदिन शाम चौरई, अमरवाड़ा सहित आस-पास के स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एक से बड़कर एक नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां देते हुए विद्यार्थियों ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मौजूद कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह, सीईओ श्री अग्रिम कुमार, चौरई एसडीओपी श्री सौरभ तिवारी, एसडीएम श्री प्रभात मिश्रा, सीईओ श्री तरुण राहंगडाले ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।

एसडीओपी ने गाया गीत, जनता ने बजाई तालियां सांस्कृतिक कार्यक्रम में उस वक्त माहौल रोमांचक हो गया जब चौरई एसडीओपी श्री सौरभ तिवारी ने मंच पर पहुँचकर गीत गाया। मधुर आवाड़ में गीत प्रस्तुत कर रहे श्री तिवारी का उत्साह जनता और कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने किया। वर्ष भर चलने वाले यहां पर कार्यक्रमों से जिला छिंदवाड़ा की ही जनता को लाभ नहीं होगा बल्कि शिवानी बैतूल और आसपास के क्षेत्र के लोग भी यहां आएंगे जिससे आर्थिक लाभ आसपास के ग्रामीणों को भी मिलेगा इसे एक स्थाई पर्यटन स्थल अगर बना दिया जाता है तो यह छिंदवाड़ा के आर्थिक स्रोत के साथ-साथ अवकाश के क्षणों में जिले की जनता को भी इसका सीधा-सीधा लाभ मिलेगा जिले में काफी सालों बाद इस तरह का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसके लिए जनता जिले के सांसद विवेक बंटी साहू एवं जिला के कलेक्टर सैलरी की पूरी-पूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

## जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्थाओं का प्रशिक्षण हुआ आयोजित ।




अनूपपुर /जन अभियान परिषद अनूपपुर द्वारा नवांकुर संस्थाओ का जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय सूर्या होटल अनूपपुर में आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री मनमोहन सिंह जी के दुखद निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तदुपरांत श्री गणेश शर्मा जी मोहरी क्षेत्रीय विकास समिति के द्वारा आदर्श ग्राम की संकल्पना पर प्रकाश डाला ।अगले सत्र में संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद शहडोल श्री प्रवीण पाठक के द्वारा आदर्श ग्राम की अवधारणा पर प्रकाश डाला व जन अभियान परिषद की कार्ययोजना के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की तदुपरांत श्री शुसील शर्मा हार्ड संस्था द्वारा कार्ययोजना निर्माण,परियोजना प्रस्ताव निर्माण,बजट आंकलन आदि विषयों पर उपस्थित नवांकुर संस्थाओ को प्रशिक्षण प्रदान किया शोसल मीडिया का प्रभावी उपयोग व सफल गाथाओ का लोकव्यपिकरण विषय पर श्री आदर्श दुबे व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा प्रबोधन किया गया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय ने नवांकुर योजनाओं के सम्बंध बेहतर कार्य निष्पादन हेतु आवश्यक उपायो पर चर्चा की अंत मे कम्प्यूटर ऑपरेटर ब्रजेन्द्र मिश्रा द्वारा एम आई एस अपडेशन व दस्तावेजीकरण के सम्बंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन जिला समन्वयक उमेश कुमार पांडेय के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक फते सिंह, सरिमन साकेत बीस नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वामी नीलकंठ ओईला आश्रम के महंत श्री श्री 108 श्री बम जी महराज हुए ब्रह्मलीन





मैहर - अत्यंत ही द्रवित हृदय मन से आप सभी को सूचित करना पड़ रहा है कि स्वामी नीलकंठ गुरु महराज के परम शिष्य ओयला के महंत श्री श्री 108 श्री बम जी महराज का कल दिनांक 27 दिसंबर को इलाज के दौरान स्वर्गागमन बैकुंठ वास हो गया है। ज्ञात हो महाराज जी पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। सभी शिष्य मण्डली भक्त अनुयाई अपने पूज्य गुरुवर को अश्रु रूपेण श्रद्धा सुमन सहित श्रद्धांजलि अर्पित करते है!

## महाविद्यालय ने की कॉलेज चलो अभियान की शुरूआत शासकीय महाविद्यालय द्वारा शुक्रवार से कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत की गई



**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद-महाविद्यालय ने की कॉलेज चलो अभियान की शुरूआत शासकीय महाविद्यालय द्वारा शुक्रवार से कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत की गई। प्राचार्य प्रो. आईएस पंवार के निर्देशन में अभियान के तहत प्रभारी डॉ. श्रवण कोहरे ने शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बांगरदा में जाकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश की समय-सारणी, सीट संख्या, आरक्षण, संचालित हो रहे विषय व प्रवेश शुल्क के बारे में बताया। महाविद्यालय में चल रही गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, मुख्यमंत्री मेधावी योजना, आवास सहायता योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, विकलांग छात्र सहायता, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति आदि योजनाओं की जानकारी देकर विद्यार्थियों द्वारा पुछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य केके डोंगरे, वीरेंद्र सिंह सोलंकी, तरूण मंडलोई, राधेश्याम औचट, सुभद्रा मंडलोई, संगीता मुकाती विद्यार्थी व स्टॉफ उपस्थित था।

## जादू नहीं विज्ञान है, एवम् पालक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न।



**केसरिया हिंदुस्तान।**
**सुरभि व्यास जीरापुर।**

शासकीय हाई स्कूल खरपा में, जादू नहीं विज्ञान है, । एवम् पालक शिक्षक संघ की बैठक तहसील दार आर पी सिंह के मुख्य आतिथ्य एवम् सरपंच प्रतिनिधि राम विलास किरार की अध्यक्षता में हुई अतिथियों का स्वागत भंवर लाल वर्मा, हरीश लुहार, अशोक कुमार राठौर ने किया, स्वागत भाषण प्राचार्य राधेश्याम पुरविया ने दिया एवम् स्कूल की नवाचारी गतिविधियों से अवगत कराया,जादू नही विज्ञान है, समझना समझना आसान हैसोडियम धातु की एसिड से क्रिया , नारियल की जटा में आग लगना ,मैग्नीशियम धातु का दहन जलती हुई आग का सेवन करना आदि क्रियाएं भगवान सिंह मालवीय जी शा.उ.मा.वि. गागोरनी के शिक्षक एवम् अनिता मालवीय के द्वारा प्रयोग बताए गए। वही पालक शिक्षक संघ की बैठक में बच्चों के नियमित अध्ययन एवम् समय पर स्कूल में उपस्थित होने एवम् निदांत्मक कक्षा में उपस्थिति नियमित रखे। इस वर्ष कक्षा 9 वी की परीक्षा फरवरी में हो जाएगी एवम् मार्च में हाई स्कूल एवम् हायर सेकेंडरी की परीक्षा संपन्न होगी। इसलिए समय कम है, बच्चों को रात के समय हल्का भोजन करना चाहिए, एवम् कोशिश करे कि सूर्यास्त से पूर्व ही भोजन करे, बिस्तर में लेट कर पढ़ाई न करे, बैठ कर ही पढ़ाई करें। सुबह का समय अध्ययन के लिए बहुत ही अच्छा रहता हैं। पालक बच्चों से अन्य काम न ले जरूरी काम को छोड़कर जिससे की उनकी पढ़ाई बाधित न हो। तहसील दार आर पी सिंह ने बताया कि जादू नहीं विज्ञान सभी स्कूल में बताया जाए जिससे अंध विश्वास समाप्त हो। पालक शिक्षक की मीटिंग होती रहना चाहिए, सतत संपर्क जरूरी है। इस अवसर पर राधेश्याम नागर पटवारी, रामगोपाल कुशवाह मंत्री, मुकेश किरार रोजगार सहायक, कौशल्या मालवीय, गायत्री गुप्ता, देवेंद्र जोशी, संजय जोशी, शिवसिंह कुशवाह, आदि उपस्थित रहे संचालन जितेंद्र मालवीय द्वारा किया गया।

## गाय माता की पूजन अर्चना एव गुड़ खिला कर गौ वंश की सेवा की



**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

रायसेन।जिले की तहसील सिलवानी अंचल के ग्राम मुआर में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन हिमालय ऋषिकेश से पधारे संत स्वामी सदा शिव नित्यानंद गिरी महाराज ने कहा की जब समुद्र मंथन हुआ तो समुद्र में से गाय माता निकली ।उसका नाम कामधेनु गौ माता रखा गया। जो की जीवों की कामना पूरी करती है। स्वामी ने कहा की गाय की सेवा करने मात्र से बड़ी से बड़ी बीमारियां और दुख दर्द मिट जाते हैं। जहां गाय होती है बहा सभी तीर्थ होते है। गाय एक जीता जागता तीर्थ है।गाय की सेवा मात्र से जीव को कई जन्मों के पाप कट जाते है।

**गौ माता जो चारा खिलाया**-और पिलाया पानी स्वामी जी ने गौ शाला का निरीक्षण किया और गौ माता को गुड़ खिलाकर फूल माला चढ़ाकर पूजा अर्चना की। गौ शाला समिति के सभी सदस्यों ने संतश्री महाराज का फूलमालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया और आशीर्वांचन सुनकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्वामी सदाशिव नित्यानंद गिरी महाराज ने कहा की मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग

### मयंक त्रिपाठी के नेतृत्व में व फुन्देलाल सिंह के मार्गर्शन में सैकड़ों कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन अनुपपुर

राहुल गांधी के ऊपर दर्ज मुकदमा वापस लेने एवं बाबा साहब अंबेडकर के अपमान करने के विरोध में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मयंक त्रिपाठी के नेतृत्व में व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह के मार्गदर्शन में इंदिरा तिराहे में सैकड़ों कोंग्रेसियों की उपस्थिति में विशाल धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मयंक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए यह बात कही उक्त कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव वरिष्ठ कांग्रेस विधायक फूंदेलाल सिह के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इंदिरा चौराहा में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कोंग्रेसियो ने स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम कलेक्टर अनुपपुर के माध्यम से तहसील दार अनुपपुर को ज्ञापन सौंपे।कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किये व यह बात कही कि 18 वी लोकसभा के

**कामशाल जलायेंगे हर अन्याय को मिटाएं**-नहीं सहेगा हिंदुस्तान-मुख्य अतिति श्री फुंदेलाल सिंह केशीतकालीन सत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान




निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का अपमान देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। संविधान के पचहतर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। यही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ अंबेड्कर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवदी मानसिकता उजागर कर दी। अमित शाह ने कहा की अभी एक फैशन हो गया है-अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अनबेडकर, अंबेडकर. अंबेडकर इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मो तक स्वर्ग मिल जाता। आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत बीजेपी कीसंविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और वैशाखी सरकार बना कर लोकतन्त्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया था और बाबा साहेब का अपमान किया गया है लेकिन दुख की बात ये है की प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने की बजाय आरोप प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है लेकिन मोदी सरकार डॉ अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है। उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठपकर यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया। बीजेपी ने साजिश के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के खिलाफ संगीन धाराओ के तहत एफआईआर दर्ज दी गई।

# कलेक्टर महोदय के निर्देश पर खनिज विभाग की बड़ी कार्यवाही, बरबसपुर (आमाडांड) में संचालित अवैधक्रशर सील,एवं दर्री टोला में स्थित पत्थर खदान में भी कार्यवाही

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**



एमसीबी। बीते दिन दिनांक 26.12.2024 को स्थान ग्राम दर्री टोला तहसील नागपुर अंतर्गत आने वाले खसरा क्रमांक 208/1, 208/2, 211 रकबा 1.113 हे. क्षेत्र पर श्री प्यारेलाल साहू निवासी लोहारी के पक्ष में स्वीकृत खनिज साधारण पत्थर उत्खनीपट्टा के मौका जांच में खदान में पाई गई अनियमितताओं एवं उत्खनन योजना अनुसार खनन कार्य नहीं किए जाने के कारण ,पट्टा शर्तों के उल्लंघन एवं पर्यावरणीय नियमों के पालन नहीं किए जाने के कारण पट्टाधारक श्री प्यारेलाल साहू निवासी लोहारी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 , एवं खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्यवाही की गई है 02.श्री लक्ष्मण मिश्रा निवासी बरबसपुर के द्वारा स्वयं के निजी भूमि खसरा क्रमांक 842/1 रकबा 0.380 हे.क्षेत्र में बिना वैध अनुमति के क्रशर स्थापित किए जाने के छत्तीसगढ़ खनिज(खनन परिवहन तथा भंडारण )नियम 2009 के तहत कार्यवाही किया जाकर मौके पर ही क्रशर को सीलबंद किया गया है । बता दे कि विभाग लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध उत्खनन और परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है, सूचना मिलते ही विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

## भौतिक संसाधनों का तनाव एवं अनावश्यक विचारों का बोझ घर नहीं ले जावें, जीवन को आनंद मय जीयें- सीईओ डॉ. अंसारी



**विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

मप्र राज्य आनंद संस्थान द्वारा 27 दिसंबर को एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय आनंद अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत सभागार कसरावद में किया। कार्यशाला में कसरावद जनपद सीईओ डॉ. रीमा अंसान ने अवपे विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भौतिक संसाधनों का तनाव एवं अनावश्यक विचारों का बोझ घर नहीं ले जावें जीवन को आनंद मय जीयें। सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित प्रेरणा गीत से किया। जिला समन्वयक केबी मंसारे ने आनंद संस्थान का परिचय दिया। सत्र शुरूआत में स्वयं के आनंद और तनाव मुक्त जीवन जीने तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के लिए विधियों से परिचित कराया। कार्यशाला में रिश्ते सत्र लिया। शांत समय से स्वयं अनुभव कराया गया। प्रेरक वीडियो फिल्म दिखाई और ताली की मनोरंजक गतिविधियां कराई। प्रतिभागियों ने मेहसूस किया कि मानव में अहं, नफरत, लालच, बुराई, जलन की भावना, क्रोध से जीवन तनाव में रहता है। खुद का खुद से संपर्क करें। प्रतिभगियों ने कहा एक अलग प्रकार की कार्यशाला रही। ऐसी कार्यशाला की समय समय पर जरूरत महसूस की। विभागों के साहठ कर्मचारी शामिल रहें। प्रतिभागियों ने कहा प्रति माह हमें ऐसी कार्यशाला की जरूरत है। मास्टर ट्रैनर गणेश कानडे ने जीवन का लेखा जोखा सत्र लिया। प्रतिभिगियों को समापन पर प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर राकेश पीसीओ भारतसिह दसौंधी, पायल नामदे, दुर्गा कर्मा, रामचंद्र पाटीदार, संगीता सांवले, रमेश चक्रवर्ती का सहयोग रहा।

## ग्राम पंचायत कंचनपुर के अंतर्गत करौंदी जहला में नामी गुंडा रामाधार पाण्डेय द्वारा प्रशासन को ठेंगा दिखा कर 24/2 मध्य प्रदेश शासन की आराजी पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान निर्माण कर लिया गया

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



मध्य प्रदेश शासन की आराजी पर अवैध ईट का कारोबार किया है आराजी नंबर 24/2 रकवा 1.223 मध्य प्रदेश शासन दर्ज राजस्व अभिलेख है उक्त आराजी में शासकीय प्राथमिक स्कूल निर्मित है एवं बाउंड्री बनी हुई है उक्त विषय अंकित व्यक्ति द्वारा स्कूल की आराजी में मकान बनाकर अवैध कब्जा कर लिया है वह स्कूल के ग्राउंड के बाहर लगी शासकीय आराजी में अवैध रूप से ईट का भट्ठा लगाकर अपने उपयोग में ले लिया है और बर व पक्का मकान बनाकर अवैध रूप से अतिक्रमण किए हुए हैं स्कूल के बच्चों के खेल के समय गेंद बहार जाने पर आना आवश्यक गाली-गलौज किया जाता है उक्त शासकीय आरजी में विद्यालय की बाउंड्री निर्माण के समय हल्का पटवारी एवं आर आई द्वारा सीमांकन किया गया था जिला कलेक्टर मैहर अनुविभागीय के अधिकारी मैहर जिला मैहर तहसीलदार महोदय मैहर 24/2 की सीमांकन करा कर दोषियों के ऊपर शक्त से शक्त कार्यवाही के निर्देश दिए जाए।

# घरों को पहुंचे श्रमिकों एवं परिवारजनों ने कलेक्टर का किया आभार व्यक्त

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह - पथरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम करैया लखरौनी निवासी आवेदक राजेन्द्र अहिरवाल द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि 20 श्रमिक जिसमें 04 नाबालिग है कृषि फार्म मालिक कृष्णा बंजारा (आवेदन के अनुसार) के गन्ने के खेत में ग्राम पिराची कुरैली ग्राम पंचायत पंढरपुर तहसील व जिला- सोलापुर (महाराष्ट्र) द्वारा श्रमिकों को गन्ना कटाई की मजदूरी का भुगतान के साथ वापिस घर आने नहीं दिया जा रहा है एवं जबरदस्ती कार्य कराया जा रहा है।कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के माध्यम से शिकायत/आवेदन पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु श्रम कार्यालय दमोह द्वारा संबंधित जिले के कलेक्टर सोलापुर (महाराष्ट्र) को श्रमिकों के घर वापिसी हेतु प्रेषित किया गया था। जिला श्रम अधिकारी जी. डी. गुप्ता के निर्देशन में नोडल बंधक श्रम वैभव निखिल मार्टिन द्वारा संबंधित जिले सोलापुर (महाराष्ट्र) के सहायक श्रमायुक्त (कामगार), संबंधित थाना प्रभारी पढरपुर (महाराष्ट्र) से समन्वय किया जाकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाकर श्रमिकों के शीघ्र वापिसी के लगातार प्रयास किये गये। जिले के केवलारी, सुहेला एवं शिकायती पत्र से संबंधित श्रमिक सकुशल 22 दिसम्बर 2024 को 06 दिवस के भीतर वापिस अपने घरों को पहुंच गये। घर पहुंचे श्रमिकों एवं परिवारजनों द्वारा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं श्रम विभाग दमोह का आभार व्यक्त किया गया।

# थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मोटर सायकल चोरी कर उसका इन्जन चेचिस एक दूसरे मो.सा.मे बदलकर बिक्री करने वाले आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उप निरीक्षक अरविन्द सिहं राठौर द्वारा मोटर सायकल चोरी कर उसका इन्जन एवं चेचिस एक दूसरे मोटर सायकल मे बदलकर बिक्री करने वाले आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि फरियादी सुनील सोनी पिता कुन्जबिहारी सोनी निवासी मुड़ियारी थाना बैकुण्ठपुर जिला रीवा द्वारा थाना आकर जुबानी रिपोर्ट लेख कराया की मै दिनांक 18/12/22 को सब्जी मण्डी रीवा आया था जहा अपनी मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.19 एम.क्यू.3495 को सब्जी मण्डी मे खड़ी कर दिया था वापस आने पर मोटर सायकल नही थी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया सूचना पर थाना मे अप.क्र. 1098/2022 धारा 379 ता.हि पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया दौरान विवेचना प्रकरण मे संन्देही अतुल सिंह पिता विजयराज सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी उमरी पोस्ट बाबूपुर थाना रामपुर बघेलान जिला सतना एवं शैलेन्द्र सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी मध्येपुर चौकी नौवस्ता थाना चोरहटा को अभिरक्षा मे लिया जाकर पूछताछ की गई जो वर्ष 2022 मे सब्जी मण्डी रीवा से एच.एफ. डिलक्स मोटर सायकल चोरी कर उसमे एम.पी.19 एम.व्ही.4417 का इन्जन एवं चेचिस अदला बदली कर बिक्री करने के लिये रीवा लाये थे । पूछताछ पर प्रकरण मे धारा 411,420 ता.हि का इजाफा किया जाकर आरोपियो के कब्जे से बदले गये इन्जन के साथ मोटर सायकल को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

1-अतुल सिंह पिता विजयराज सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी उमरी पोस्ट बाबूपुर थाना रामपुर बघेलान जिला सतना

2- शैलेन्द्र सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी मध्येपुर चौकी नौवस्ता थाना चोरहटा

जप्त माल- बदले हुए इन्जन के साथ एच..एफ.डीलक्स मो.सा. कीमती 30000 रु.

**महत्वपूर्ण भूमिका ।**

थाना प्रभारी उप निरी. अरविन्द सिंह राठौर, स.उ.नि रामनिवास बागरी,प्र.आर. आर.डी. पटेल प्र.आर. बलराम, आर. जितेन्द्र सेन, आर. रवि पाण्डेय, आर. अभिषेक सिंह, आर. सागर गौतम, सैनिक शिवम पाण्डेय ।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिरोंज में मनाया गया दो दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस*



**आसिम दाद खान दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिरोंज में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा राष्ट्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संचार परिषद के तत्वधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया यह आयोजन भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया जिसमें प्रथम दिवस दिनांक 23 दिसंबर 2024 को नगर के विभिन्न विद्यालयों के 200से अधिक विद्यार्थियों द्वारा गणित विषय को लेकर पोस्टर एवं मॉडल तैयार किए गए तथा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ एवं अतिथि के रूप में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अशोक नगर के प्राचार्य डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता के द्वारा छात्रों को गणित विषय की जानकारी एवं गणित विषय के फार्मूले एवं जो गणित की समस्याएं हैं जिससे छात्रा को गणित समझने में कठिनाई आती है उसको सरलता से समझने के उपाय बताएं एवं शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नाकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं छात्रों को बताया कि श्रीनिवास रामानुजन को गणित में अधिक रुचि थी जितनी और विषयों में नहीं थी साथ ही उन्होंने गणित के विभिन्न बिंदुओं पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दूसरे दिवस दिनांक 24 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय की विद्यार्थियों मैं क्विज कंपटीशन कराया गया साथ ही श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई गई जिसका उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहन देना थासाथ ही शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्रचार द्वारा बच्चों को अपने उज्जवल भविष्य की ओर मोटिवेशन दिया गया और पढ़ाई से संबंधित समस्याओं के उपाय बताए गए कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य श्री अंकुर सक्सेना एवं विभाग अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र दोहरे ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में मुख्य निर्णायक की भूमिका गणित विषय के विशेषज्ञ डॉ. लालचंद राजपूत, वरिष्ठ अध्यापक श्री संजीव माथुर एवं वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती रूमाना शाहीन ने निभाई । विभिन्न प्रतियोगिताओं में क्विज कंपटीशन मैं प्रथम स्थान शिवम् बघेल - शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिरोंज को मिला साथ ही द्वितीय स्थान आसिम अहमद - शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिरोंज को मिला इसी के साथ पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के छात्र आकांश सक्सेना को मिला तथा द्वितीय स्थान शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिरों के छात्र मुस्कान चौहान एवं फरहान खान को मिला इसी के साथ मॉडल मेकिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान संस्कार ग्रीन वैली स्कूल रहा तथा द्वितीय स्थान ईशान इंटरनेशनल स्कूल रहा कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं अन्य विद्यालय से आए छात्रों एवं अतिथियों का धन्यवाद किया गया इस कार्यक्रम में समस्त शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे

## टीकमगढ़ में मनाई महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती: प्रतिमा स्थल पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### समाज के प्रतिभावान युवाओं को किया गया सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मनोज सिंह**



12 साल पहले हुआ था महाराजा खेत सिंह की प्रतिमा का निर्माण कार्यक्रम के संयोजक गोपाल सिंह राय ने बताया कि 12 साल पहले हॉकी स्टेडियम के पास महाराजा खेत सिंह की विशाल प्रतिमा का निर्माण कराया गया था। आज भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना सहित समाज के लोगों ने महाराजा खेत सिंह खंगार की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर उन्हें याद किया।कार्यक्रम में क्षत्रिय खंगार समाज के प्रतिभावान युवाओं के साथ शहर के सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर खंगार समाज के लोगों ने महाराजा खेत सिंह की शौर्य गाथा को याद किया। साथ ही भजन संध्या के माध्यम से महाराजा खेत सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अंशुल व्यास, शंकर सिंह राय, विक्की राय, विवेक राय सहित आयोजन मिति के लोग मौजूद रहे।महाराजा खेत सिंह ने हिंदू राष्ट्र की नींव रखी कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना ने कहा कि खेत सिंह खंगार सम्राट पृथ्वीराज सिंह चौहान के सामंत थे। उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर युद्ध जीते।महुआ विजय के बाद पृथ्वीराज सिंह चौहान ने खेत सिंह महाराज को गढ़कुंड का आधिपति बनाया। महाराजा खेत सिंह ने गढ़कुंडार में अपना किला स्थापित किया। इसके बाद खेत सिंह महाराज ने स्वतंत्रत हिंदू राष्ट्र की स्थापना की।टीकमगढ़ में शुक्रवार को महाराजा खेत सिंह खंगार की 884वीं जयंती मनाई गई। खंगार समाज के लोगों ने हॉकी स्टेडियम स्थित प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित किया गया।




# १० यूनिट रक्त का संग्रहण

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय की रासेयों इकाई द्वारा महाविद्यालय श्योपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 10 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। प्राचार्य पीएम एक्सीलेंस कॉलेज डॉ एसडी राठौर के निर्देशन में आयोजित उक्त स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जिला संगठक डॉ ओपी शर्मा तथा कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रेमचंद एक्का, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ एसएन शर्मा, डॉ सुभाषचंद, डॉ विपिन बिहारी शर्मा, डॉ लोकेन्द्र जाट, डॉ सीमा चौकसे, सुश्री अंजली दादौरिया, उमंग हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम के नोडल डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया तथा अन्य स्टॉफ का सहयोग रहा।

# प्रदेश सरकार पर कर्ज़, किसानों का दर्द और बेरोज़गारी का मर्ज़ प्रदेश सरकार 1 साल में विफल रही पूर्व सी सीएम कमलनाथ

(छिंदवाड़ा संवाददाता मारुति लाल विश्वकर्मा) मो 9302168920 छिन्दवा?ा- मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार का एक साल का कार्यकाल 13 दिसंबर को पूरा हो गया। अब बीजेपी इस एक साल को स्वर्णिम कार्यकाल बताकर अपनी पीठ थपथपा रही है। लेकिन मोहन सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, दलितों और सभी वर्गों के लोगों के लिए व?या किया है यह विचारणीय है। महिला सुरक्षा, दलित और आदिवासी सुरक्षा के मामले में मध्यप्रदेश का रिकॉर्ड और भी खराब हो गया है। स्वास्थ्य शिक्षा का हाल यह है कि मध्यप्रदेश की पहचान व्यापमं और नर्सिंग जैसे घोटालों से होने लगी है। समाज की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था, हर पहलू पर इतनी नाकामी क्यों हासिल हो रही है? इससे बढ़कर चिंता की बात यह है कि मध्य प्रदेश सरकार इन सारे विषयों पर एकदम चुप है। क्या जनता के विकास के ये सबसे महत्वपूर्ण पैरामीटर सरकार की प्राथमिकता से बाहर हो गए हैं? ऐसा लगता है कि मध्य प्रदेश की सरकार ने जमीनी सच्चाई से पूरी तरह पीठ फेर ली है और प्रदेश को उसके हाल पर छोड़ कर, खुद सिर्फ झूठी ब्रांडिंग से अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त हो गई है। हकीकत से मुंह फेर कर मोहन सरकार झूठे प्रचार-प्रसार में मस्त है। जबकि चुनावों के पहले बीजेपी ने बड़े-बड़े वादे कर जनता को गुमराह करने का काम किया। आज प्रदेश की जनता खुद सरकार से सवाल करना चाहती है कि वादों का वा हुआ? सरकार कर्ज पर कर्ज लेकर अपनी गाड़ी को चला रही है। और सपने ऐसे दिखाए जा रहे हैं कि प्रदेश ने विकास के कई सोपान गढ़ लिए हैं। दलितों पर अत्याचार-पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्याचार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। सारे प्रदेश में दलितों पर हो रहे अत्याचारों से यही लगता है कि यह साल दलित अत?याचार पर केन्द्रित रहा है। शिवपुरी के इंदरगढ़ में एक दलित युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में





दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं पर आरोप लगे। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन? ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घटती रहीं। दुर्भाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस तरह के विषयों पर कुछ भी कहने से बचते रहे और दलितों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने में पूरी तरह नाकाम रहे।

कर्ज के भरोसे सरकार-मध्य प्रदेश में कर्ज दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसा कोई महीना नहीं बीतता है जब सरकार कर्ज न ले रही हो। सरकार पिछले 11 महीनों में 40 हजार 500 करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है। राज्य यादव सरकार के एक साल पूरे होने के साथ कर्ज का आंकड़ा 52.5 हजार करोड़ तक पहुंचने वाला है। दिसंबर 2023 से अब तक सरकार ने 47.5 हजार करोड़ का कर्ज लिया है। साल 2024 के अंत तक राज्य पर कुल कर्ज 4 लाख करोड़ से अधिक हो जाएगा। पिछले 6 माह में हर महीने 05-05 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 30 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। 31 मार्च 2025 तक मप्र सरकार का कर्ज 4.21 लाख करोड़ पहुंचेगा। मौजूदा वित्त वर्ष में सरकार अपनी जरूरतों के लिए लगभग 25 हजार करोड़ का अतिरिक्त कर्ज लेगी। पिछले साढ़े चार साल में मप्र सरकार पर कर्ज का बोझ सबसे तेजी से बढ़ा है। मार्च 2020 की स्थिति में सरकार पर लगभग 2.01 लाख करोड़ का ही कर्ज था, लेकिन पिछले साढ़े चार साल में यह दोगुना हो गया है।

वादे पूरे करने में नाकाम मोहन सरकार-सरकार अपने कार्यकाल का एक साल पूरा होने का जश्न मना रही है। लेकिन? अपने वादों को भूल गई है। चुनावों के समय जो वादे किये थे उन पर ध्यान ही नहीं है। लाडली बहनों को 3,000 रुपये की राशि देने का वादा, किसानों को उपज का दाम मिलना, युवाओं को रोजगार देने का वादा, महिलाओं को सुरक्षा देने का वादा, भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने का वादा ऐसे तमाम वादे थे जो एक साल में शुरू ही नहीं हुए हैं।

किसान परेशान, जश्न में सरकार-मध्य प्रदेश में खाद की कमी के कारण किसानों की आय पर भी काफी असर पड़ा है। किसानों ने खाद की कमी के कारण अपनी फसल ही नहीं बोई। किसानों को ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पहले साल के कार्यकाल में ऐसे मामले हैं जहां मोहन यादव की सरकार बैकफुट पर नजर आई।

राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल-13 दिसंबर 2023 को मोहन यादव राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। मोहन यादव के पहले कार्यकाल में मध्य प्रदेश में क्राइम के कई ऐसे मामले आए जिसके राज्य सरकार की किरकिरी हुई। वैसे तो प्रदेश को शांति का टापू कहा जाता है लेकिन प्रदेश में दिनोंदिन बढ़ रहे अपराधों ने मध?यप्रदेश को बदनाम किया है। अपराधों के आंकड़ों में लगातार इजाफा हो रहा है। व?या महिलाएं व?या बच्चियां, कोई सुरक्षित नहीं है। साइबर क्राइम भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

नौकरियों की घोषणा पर भर्ती नहीं-राज्य के युवाओं को साधने के लिए मोहन यादव की सरकार ने एक लाख पदों पर भर्ती की घोषणा की थी। दिसंबर महीने से भर्ती शुरू होनी थी लेकिन कई विभाग ऐसे हैं जो यह रिपोर्ट तक नहीं दे पाए हैं कि उनके विभाग में कितने पद खाली हैं। बीते एक साल से भर्ती नहीं होने पर युवाओं में ओवरएज होने का डर है।

नर्सिंग घोटाला से धूमिल हुई छवि-राज्य में नर्सिंग घोटाले के बाद प्रदेश सरकार की छवि धूमिल हुई है। राज्य में कॉलेजों की संख्या कम की गई है। नर्सिंग घोटाले सामने आने के बाद समय पर परीक्षाएं नहीं हो पाई हैं। पूरे मामले की निगरानी कोर्ट में चल रही है। सरकार ने पूरे मामले में लीपापोती कर हजारों बच?चों के भविष?य के साथ खिलवाड़ की है। राज्य के कई छात्र संगठन भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

किसानों की धान खरीदी का वादा पूरा नहीं

**(लेखक, मध?यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता है**

## बाड़ी में आर्य वीर दल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**शैलेन्द्र चौहान केसरिया हिन्दुस्तान**

बाड़ी जिला आर्य वीर दल रायसेन मध्य प्रदेश के तत्वावधान में तहसील बाड़ी में श्रीं अरूण कुमार आर्य तहसील प्रभारी बाड़ी =के नेतृत्व में पांच दिवसीय आर्य वीर दल प्रशिक्षण शिविर (आवासीय) का आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यक्रम दिनांक 31 दिसम्बर से 04 जनवरी 2025 तक आयोजित किया गया है।इस शिविर में 12 वर्ष से अधिक उम्र से लेकर 40तक के युवक भाग लें सकते हैं। पंजीयन शुल्क मात्र 100रु है समय से पूर्व पंजीयन कराएं और शिविर में अधिक से अधिक युवाओं को शिविर में भेजने के लिए प्रेरित करें।, स्थान दुर्गा मंदिर बाड़ी।

# जिला प्रशासन की साख पर बट्टा लग रहा आबकारी विभाग, वायरल वीडियो केस में साधी चुप्पी

## ठेकेदार की अवैध शराब पैकारी पर मेहरबान आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप, डीसी खरे तक पहुंचा मामला

क्या यह मान लिया जाए की आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप ही ठेकेदार से अवैध शराब की पैकारी कराते हैं बीते दिनों जयसिंहनगर शराब दुकान से भारी मात्रा में बोलेरो से शराब लोड कराने पैकारी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जिसकी जानकारी सतीश कश्यप को लगने पर उन्होंने जांच और कार्यवाही की बात कही थी लेकिन न जाने ऐसा क्या हुआ कि साहब ने मीडिया के सवालों का जवाब देने से बचने का नया तरीका निकाला और फोन उठाना बंद कर दिया, जबकि मामले में सहायक आबकारी आयुक्त रीवा आलोक खरे का कहना है कि इस संबंध में कार्यवाही के लिए वह आबकारी अधिकारी को निर्देश करेंग



**गजेन्द्र परिहार**

शहडोल। शहडोल जिले में ब्यौहारी बाणसागर से लेकर दूसरे छोर अनूपपुर तक लगभग 100 दुकानों में अवैध पैकारी पर आबकारी विभाग की चुप्पी तो ठीक थी लेकिन उसके बाद जयसिंह नगर शराब दुकान के वायरल वीडियो पर भी जांच की बात कहने के बाद सतीश कश्यप की चुप्पी कई सवालों को जन्म दे रही है बताया जाता है कि इस समय शहडोल का आबकारी विभाग मेरी मर्जी की तर्ज पर संचालित हो रहा है साहब का जिसे मन हुआ उसे प्रभाव दिया नहीं तो एक ही को कई प्रभाव दे दिए और जिस ठेकेदार को छह उपकृत कर दिया जिसे चाहा साइडलाइन कर दिया। इस बीच साहब के जयसिंहनगर शराब ठेकेदार से साइलेंट पार्टनरशिप की चर्चा भी आम हुई मानो तभी के बाद से साहब ने जयसिंहनगर मामले में चुप्पी साध ली है।

बताया जाता है कि जैसीनगर शराब दुकान पर आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप की विशेष मेहरबानी है इन मेहरबानियों के बीच डीसी रीवा आबकारी की टीम शहडोल जिले के जयसिंहनगर शराब दुकान पर छापा मार कार्यवाही करती है और सील करने की कार्यवाही की जाती है लेकिन आबकारी अधिकारी को फिर भी किसी प्रकार की कमी कथित ठेकेदार पर नजर नहीं आती इस बीच यह चर्चा जोरों से आम है कि कथित रंजीत और भोला गुप्ता से आबकारी अधिकारी साइलेंट पार्टनरशिप में काम कर रहे हैं यही कारण है कि अपना नुकसान बचाने कथित शराब ठेकेदार पर सब कार्यवाही नहीं करते।

### वायरल हुआ था वीडियो

बीते दिनों जयसिंहनगर शराब दुकान बस स्टैंड जयसिंहनगर से भारी मात्रा में शराब की खेप प्राइवेट स्थानीय बोलेरो वाहन में लोड करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था वायरल वीडियो में यह बताया जाता रहा कि प्रतिदिन भारी तादाद पर शराब की खेप दुकान से ले जाकर आसपास के गांव में खफाई जाती है वायरल वीडियो के बाद हमारी टीम ने मामले में खबर लगाकर जानकारी आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप को दी सतीश कश्यप अपने मामले में बात करने जांच करने और कार्यवाही करने की बात कही लेकिन कार्यवाही तो अब तक कुछ दिखाई नहीं दी बस सब का फोन उठाना बंद हो गया बहरहाल मामले में खबरों का सिलसिला जारी है।

### प्रशासन की साख पर बट्टा

आबकारी विभाग की उदासीनता और शराब ठेकेदारों पर मेहरबानी न सिर्फ जिला प्रशासन की साख पर बट्टा का काम कर रही है अपितु संवेदनशील वर्तमान कलेक्टर केदार सिंह की लोकप्रियता पर भी प्रभाव डालती प्रतीत हो रही है..!! संवेदनशील कलेक्टर के अधीनस्थ आबकारी विभाग आता है बताया जाता है कि कलेक्टर द्वारा साड़ निर्देशित किया गया है किसी प्रकार का अवैध कार्य अथवा भ्रष्टाचार कलेक्ट्रेट की किसी भी शाखा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं कड़े फटकार व निर्देश भी विभागों को लगाए गए हैं बावजूद इसके आबकारी विभाग की उदासीनता और ठेकेदारों पर मेहरबानी से संवेदनशील कलेक्टर की लोकप्रिय छवि पर बट्टा लगता प्रतीत हो रहा है।

### क्या सच है पार्टनरशिप की चर्चा

बताया जाता है कि जैसीनगर शराब दुकान पर आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप की विशेष मेहरबानी है इन मेहरबानियों के बीच डीसी रीवा आबकारी की टीम शहडोल जिले के जयसिंहनगर शराब दुकान पर छापा मार कार्यवाही करती है और सील करने की कार्यवाही की जाती है लेकिन आबकारी अधिकारी को फिर भी किसी प्रकार की कमी कथित ठेकेदार पर नजर नहीं आती इस बीच यह चर्चा जोरों से आम है कि कथित रंजीत और भोला गुप्ता से आबकारी अधिकारी साइलेंट पार्टनरशिप में काम कर रहे हैं यही कारण है कि अपना नुकसान बचाने कथित शराब ठेकेदार पर सब कार्यवाही नहीं करते।

लगातार


जिले में गली-गली बिक रही अवैध शराब, कौन बना शराब कारोबारियों का मसीहा...!!

लाइसेंसी की आड़ में हो रही शराब की पैकारी.. सो रहे जिम्मेदार अधिकारी

### इनका कहना है

**जानकारी आपके माध्यम से संज्ञान में आई है इस संबंध में आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप से मैं बात करता हूं और कार्यवाही हेतु निर्देशित करता हूं।**

**आलोक खरे**
**डीसी आबकारी आयुक्त, रीवा**

**(इस संबंध ने आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप से दूरभाष में संपर्क साधा गया तो उनका फोन नहीं उठा। )**

# खबर का असर: पुलिस द्वारा पम्प चोरी का खुलासा, 6 पम्प बरामद एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकल जप्त

पुलिस की नाकामी, नहीं लिखी जाती एफआईआर, चोरों के लिए चारागाह बना सोहागपुर थाना क्षेत्र

## फैक्ट्री संचालक से लेकर आम आदमी तक परेशान, शेड, मशीनरी, समर्शियल पंप भी नहीं सुरक्षित

शहडोल जिले का सोहागपुर थाना क्षेत्र अपराध और अपराधियों के लिए मानो चारागाह बन चुका है जहां पुलिस की नाकामी की वजह से चोरी की वारदातें थम नहीं रही हैं तो वहीं दूसरी ओर पुलिस द्वारा चोरी के मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की जा रही अपितु मामला सिर्फ शिकायत लेकर ठंडे बस्ते के हवाले कर दिया जा रहा है, बीते दिनों बाणगंगा कॉलोनी में दो घरों से रात के अंधेरे में समर्शियल पंप चोरी कर लिए गए पुलिस ने मामला सूचना लेकर रफा दफा कर दिया, हालांकि मामला तत्कालीन थाना प्रभारी आनंद झारिया के संज्ञान में लाया गया था कार्यवाही का आश्वाशन भी था लेकिन हुआ कुछ भी नहीं यहां तक की संदिग्धों से भी पूंछताछ नहीं की गई। इसके अलावा रेत और कबाड़ जैसे अवैध कारोबार के लिए भी सोहागपुर चारागाह बन चुका है।

**रिजवान खान**

शहडोल। अपराध और अपराधियों की गढ़ बन चुके सोहागपुर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था मानों बेपटरी हो चुकी है, रेत माफियाओं का तो सोहागपुर थाना क्षेत्र गढ़ बन चुका है, जहां लकी जैसे बड़े माफिया अवैध रूप से अपना यार्ड संचालित कर रहे हैं, जहां बड़े पैमाने पर ओवरलोड रेत लाकर उसे डंप कर बिना रॉयल्टी टीपी के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खपाया जाता है बताया जाता है कि इस पर स्थानीय पुलिसकर्मी खुफिया तंत्र की मेहरबानियां है इसी प्रकार अन्य भी रेत माफिया है जिन पर मेहरबानी का सिलसिला जारी है तो दूसरी ओर चोरी की वारदातों पर लगाम कसने भी सोहागपुर पुलिस असफल साबित हो रही है। फिर चाहे मामला घरों के कमर्शियल पंप की चोरी का हो, ठेकेदार की सेंटरिंग चोरी का हो, या फिर लगभग 500 करोड़ की लागत से बन रहे एथेनॉल फैक्ट्री में सेंध लगाने का लगभग सभी मामलों में सोहागपुर पुलिस नाकाम ही साबित हो रही है।

**नहीं दर्ज की जाती प्राथमिकी**

फरियादियों द्वारा बताया गया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने जब फरियादी थाना पहुंचते हैं तो उनकी एफआईआर नहीं दर्ज की जाती अभी तो उन्हें लिखित सूचना देने की बात कही जाती है, आग्रह करने पर डरा धमका कर फरियादी को वापस भेज दिया जाता है, और दी गई लिखित सूचना को भी जांच के नाम पर ठंडे बस्ते के हवाले कर दिया जाता है चोरी के कुछ मामले ऐसे होते हैं जिनमें संदिग्ध अथवा संदेही से प्रथम दृष्टिया पूछताछ में उनका खुलासा हो सकता है लेकिन सोहागपुर पुलिस इसके लिए भी ठोस कदम नहीं उठाती।

**एथेनॉल फैक्ट्री में सेंध**

बताया जाता है कि लगभग 500 करोड़ की लागत से शहडोल के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटासी में एथेनॉल फैक्ट्री एसएमपरिमल का निर्माण कार्य जारी है जिस एथेनॉल फैक्ट्री को शहडोल के विकास के सीधा जोड़कर देखा जा रहा है उसे विकास कार्य पर भी चोर उसके बट्टा लगाने का कार्य कर रहे हैं और पहरेदार इस पर लगाम नहीं लग पा रहे, बीते दिनों एसएम




परिमल एथेनॉल फैक्ट्री के संचालक द्वारा लिखित शिकायत और दो वाहन सोहागपुर पुलिस के सुपुर्द किए गए थे एवं आए दिन हो रही चोरी की लिखित शिकायत सौंपी गई थी संभवत मामले में भी अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई ना ही ठोस कार्यवाही की गई।

**विकाश पर लग सकता है बट्टा**

जिस प्रकार से शासकीय ठेकेदारों के निर्माण अधीन कार्यो सेंटरिंग निर्माण संबंधी कलपुर्जे, तो प्राइवेट एथेनॉल फैक्ट्री में चोरी सेंध आदि का सिलसिला जारी है उसे सरकारी निर्माण कार्य प्रभावित तो होते ही हैं साथ ही यदि ऐसा ही रहा तो भविष्य में भी कोई बड़ा व्यापारी सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी बड़े प्रोजेक्ट को लॉन्च करने से पहले 100 बार सोचने को विवश होगा जिसके लिए पूर्णतः सुहागपुर पुलिस जिम्मेदार होगी, आम आदमी के लिए कमर्शियल पंप खरीदना बहुत मुश्किल होता है ऐसे में चोरी के बाद पुलिस का मामले को गंभीरता से ना लेना पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहाहै, अब देखना यह होगा की ट्रेनिंग के बाद सुहागपुर प्रभारी भूपेंद्र पांडेय को पुनः सोहागपुर का प्रभार मिला है तो वह चोरी के मामलों में किस प्रकार से लगाम लगाते हैं।

अन्य मामलों को लेकर चर्चे में पुलिस चोरी ही नहीं अपराधिक अन्य मामलों को लेकर भी सोहागपुर पुलिस चर्चे में रहती है, फिर चाहे लकी, चुम्मन, चेकलाल, जैसे रेत माफिया को संरक्षण देने का मामला हो या फिर मामला अवैध रूप से कॉल खनन से जुड़ा हो हर मामले में शहडोल जिले का सोहागपुर थाना क्षेत्र जिला मुख्यालय में सुर्खियों में रहता है, बताया जाता है कि कथित एक सोहागपुर पुलिसकर्मी द्वारा मूल दायित्व को तिलांजलि देकर अवैध गतिविधियों को संरक्षण दे रहा है, जिसके एवज में अवैध रेत के प्रति बड़े वाहन से 20 तो छोटे वाहन से 10 और ट्रैक्टर से 5 हजार की वसूली की जा रही है। तो ऐसा ही कुछ रेट बुढ़ार क्षेत्र से भी सुनने को मिल रहा है।[

**इनका कहना है**

**मै अभी हाल ही में ट्रेनिंग से लौटा हू समर्षियल पंप चोरी का मामला मेरे संज्ञान में आया है जिस पर जांच जारी है जल्द ही कार्यवाही की जायेगी, पटासी में मोनू सिंह परिहार की फैक्ट्री में कबाड़ चोरी का मामला भी संज्ञान में आया था जिसको लेकर ठोस कदम उठाये जायेंगे।**
**भूपेन्द्रमणि पांडेय**
**थाना प्रभारी, सोहागपुर**

**गजेन्द्र परिहार**

शहडोल। 10 दिसंबर 2024 को फरियादी प्रत्यूष गौतम निवासी सोहागपुर के रिपोर्ट लेख कराए कि ग्राम पिपरिया खेत से मेरा पम्प तीन हॉर्सपावर का चोरी हो गया है एवं पूर्व मे भी मेरे दो-तीन पम्प चोरी हो गए हैं। जिसकी रिपोर्ट पर थाना सोहागपुर में अपराध क्र. 518/24 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना संदेही बुलट बैगा उर्फ बाबूलाल पिता श्यामदीन बैगा एवं राहुल बैगा पिता बुद्धू बैगा दोनो निवासी ग्राम छतबई की पता तलाश कर पूँछताछ की गई जिनके कब्जे से दो टुल्लू पम्प, एक समरसिबल पम्प की दस्तयाबी दोनो आरोपियों के घर से की गई। प्रकरण में चोरी किए गये पम्प को विजय प्रजापति पिता गणेश प्रजापति निवासी ग्राम छतबई, हरिदीन बैगा पिता बहिरा बैगा निवासी ग्राम बकेली, ऊदा नायक पिता धेना नायक निवासी ग्राम कटहरी के पास बेचना बताए है। गोले बैगा पिता भद्दू बैगा निवासी ग्राम छतबई के द्वारा विजय प्रजापति के यहाँ चोरी की मशरूका बिक्री कराने में सहयोग किया गया है। प्रकरण में कुल 6 पम्प एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया है जो कुल मसरूका की कीमत 1,70,000/- रूपये है। आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आरोपी गोपाल बैगा निवासी छतबई का फरार है जिसकी पता तलाश की जा रही है।

# पुलिस ने चंदन की लकड़ी की तस्करी व अवैध हथियार रखने वाले 04 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गजेन्द्र परिहार**




शहडोल। शुक्रवार को, थाना बुढार की पुलिस टीम ने रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध वाहन की घेराबंदी कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है 01. मुकेश कचेर पिता महेश कचेर पिता ग्राम चन्नौड़ी थाना बुढार, 02. जागेश्वर सिंह पिता मटरू सिंह निवासी ग्राम नेमुहा थाना बुढार, 03. मुन्ना महरा पिता मंगल महरा निवासी ग्राम हथगला चौकी केशवाही थाना बुढार, 04. कैलाश बाबू राठौर पिता जमादार राठौर निवासी ग्राम अमलाई थाना अमलाई शहडोल एवं उनके पास से अवैध चंदन की लकड़ी एवं देशी कट्टा एवं 07 नग जिन्दा कारतूस आदि कुल कीमती 4,00,000 रूपये बरामद किया गया है। बुढार पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान नायरा पेट्रोल पंप, सरईकापा के तेज गति से आ रहे संदिग्ध वाहन मारुति जेन कार क्रमांक एमपी 18 सी 0523 को रोका गया एवं नहीं रुकने पर पीछा कर गुप्ता गोपालपुर तिराहा के पास कार को घेराबंदी कर रोका गया एवं पूछताछ एवं वाहन की तलाशी ली गई। जिनके पास से एक देशी कट्टा, 07 नग जिन्दा कारतूस एवं चंदन की लकड़ी एवं अन्य सामग्री पायी गई। उक्त सामग्री रखने के संबंध में उनसे वैध दस्तावेज मांगने पर उन्होंने कोई वैध दस्तावेज नही प्रस्तुत किया। जिस पर उक्त सामग्री को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याया संहिता एवं आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पुलिस ने कार्यवाही कर जप्त की 20 नग अवैध नशीली कफ सीरफ

**गजेन्द्र परिहार**



शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अवैध नशे के तस्करों, व्यापारियों के विरूद्ध शहडोल पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही है। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पंकज प्रजापति नशीली सिरप लिये बेचने हेतु केन्द्रीय विद्यालय के पीछे जंगल तरफ खड़ा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के पास पहुंचे जहां दो व्यक्ति अलग-अलग मोटर सायकिल लिये खड़े हैं। पुलिस को आता देखकर उनमें से एक व्यक्ति मोटर सायकिल लेकर भाग गया। मौके पर एक व्यक्ति मिला जिसे पूछताछ करने उसने अपना नाम पंकज प्रजापति पिता राजू प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी कोटमा रोड का होना बताया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 20 नग नशीली कफ सिरफ पाया गया। उक्त नशीली कफ सिरफ के बारे में दस्तावेज मांगने पर कोई वैध दस्तावेज न होना बताया एवं पूछताछ में उसने बताया कि उक्त नशीली सिरफ संतोष प्रजापति निवासी कुंआ से बेचने हेतु लिया था। जिससे उक्त नशीली कफ सिरफ को जप्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं म0प्र0 ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# पुलिस ने मवेशियों की तस्करी के संगठित नेटवर्क को किया ध्वस्त, 06 आरोपी गिरफ्तार

## 45 नग पड़ा व 03 नग भैंस और 02 ट्रक एवं 01 चार पहिया कार को किया जप्त

**गजेन्द्र परिहार**

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव द्वारा जिले में पशु तस्करी के संबंध में लगातार समीक्षा कर पशु तस्करी में रोकथाम के सार्थक प्रयास हेतु थाना प्रभारियो एवं राजपत्रित अधिकारियो को निर्देशित किया गया है। गुरूवार को थाना सोहागपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मवेशियों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाना सोहागपुर के ऊपर हाईवे पर पुलिया के पास स्टॉपर लगाकर वाहन चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान एक अल्टो कार (एमपी 18 जेडएफ 2722) को रोका गया, जिसमें बैठे दो व्यक्तियों ने अपने नाम आशुतोष रजक (ग्राम बिरूहुली, थाना बुढार, जिला शहडोल) और पंकज मिश्रा (वार्ड नंबर 5, थाना सोहागपुर, जिला शहडोल) बताए। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे मवेशी लदे ट्रकों की पायलेटिंग कर रहे थे। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने दो ट्रक क्रमांक एनएल 01 एजे 0964 व यूपी 71 टी 9528 को उपस्थित पुलिस स्टाफ व साक्षियो की सहायता से रूकवाया गया। जो ट्रक क्रमांक यूपी 71 टी 9528 का ड्रायवर मौका देखकर भाग गया उक्त ट्रक में अन्य दो व्यक्ति चिन्टू वर्मा पिता सुखदेव वर्मा उम्र 30 साल निवासी आदर्श नगर टिकुरिया टोला सतना थाना कोलगवा जिला सतना (म.प्र.) व फिरोज खान पिता जाकिर खान उम्र 28 साल निवासी ग्राम केशवाही मौहार टोला जिला शहडोल के दस्तयाब हुए जिन्हे अभिरक्षा में लिया गया। इसी प्रकार ट्रक क्रमांक एनएल 01 एजे 0964 में ड्रायवर सदाब अहमद पिता हारून अहमद उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मितवापुर थाना कोकराज जिला इलाहाबाद व अन्य व्यक्ति मो. सारिफ पिता मो साबिर उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सिरियवा थाना चरवा जिला कौशाम्बी (उ.प्र.) के दस्तयाब हुए। जो



दोनो ट्रक उक्त दस्तयाब संदेही व्यक्तियो व कार सवार सहित तस्दीक हेतु थाना परिसर सोहागपुर में खड़ा कराया गया। ट्रक क्रमांक एनएल 01 एजे 0964 में जिसमें 26 नग पड़वा व 01 नग भैंस को निर्दयता पूर्वक ठूंस ठूंस कर भरा होना पाया गया। जो मवेशी को ट्रक से उतरवाकर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। ट्रक क्रमांक यूपी 71 टी 9528 मे जिसमें 19 नग पड़ा व 02 नग भैंस को निर्दयता पूर्वक ठूंस ठूंस कर भरा होना पाया गया जो मवेशी को ट्रक से उतरवा कर थाना परिसर में सुरूक्षार्थ ऱखा गया। आरोपीगण चिन्टू वर्मा पिता सुखदेव वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी आदर्श नगर टिकुरिया टोला वार्ड 43 थाना कोलगवां जिला सतना, फिरोज खान पिता मोहम्मद जाकिर उम्र 28 वर्ष निवासी केशवाही थाना बुढार जिला शहडोल, नूर आलम निवासी कोतमा जिला अनूपपुर, साजिद खान निवासी कोतमा जिला अनूपपुर, मो शकील उर्फ कल्लू बाबा निवासी ब्यौहारी जिला शहडोल, मोहित सिंह निवासी बुढार जिला शहडोल, आशुतोष रजक पिता सुन्दर लाल रजक निवासी ग्राम बिरूहली थाना बुढार जिला शहडोल, पंकज मिश्रा पिता तुलसीप्रसाद निवासी वार्ड नं. 05 थाना सोहागपुर जिला शहडोल, सदाब अहमद पिता हारुन अहमद निवासी मितवापुर थाना कोकराज जिला इलाहाबाद, मो. सारिफ पिता मो. साबिर निवासी ग्राम सिरियवा थाना चरवा जिला कौशाम्बी, अयूब मुसलमान निवासी लपटा जिला अनूपपुर, सोनू मुसलमान पिता अयूब खान निवासी अनूपपुर, तिवारी निवासी विजयराघवगड़, मुस्तहिक निवासी कोतमा, बल्लू निवासी कोतमा, डल्लू मुसलमान निवासी लहसुई कोतमा जिला अनूपपुर के द्वारा संगठित तौर पर नेटवर्क तैयार कर मवेशियो की अवैध परिवहन का कार्य किया जा रहा है जो आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 11 घ (ड) पशु क्रूरता अधिनियम 1960 6,11 म.प्र.कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 1959 एवं 317(2),317(5),112 बी.एन.एस. का कायम कर विवेचना में लिया जाता है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# देशभक्त, महान अर्थशास्त्री एवं सादगीपूर्ण राजनेता डॉ.मनमोहन सिंह

**(राकेश अचल-विभूति फीचर्स)**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का विदा होना एक भावुक क्षण है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद डॉ. मनमोहन सिंह उन प्रधानमंत्रियों में से दूसरे हैं जो लगातार एक दशक तक प्रधानमंत्री रहे । डॉ मनमोहन सिंह जन्मजात राजनीतिज्ञ नहीं थे। वे मूलत~ अर्थशास्त्री थे और उनकी यही विशेषता राजनीति में कांग्रेस के और देश के काम आयी। डॉ मनमोहन सिंह जनता के सामने लच्छेदार भाषण नहीं दे सकते थे,इसलिए वे कभी लोकसभा का चुनाव नहीं जीते । उन्हें कांग्रेस ने हमेशा राज्यसभा भेजकर राजनीति में टिकाये रखा। आप यूं भी कह सकते हैं कि कांग्रेस डॉ. मनमोहन सिंह की वजह से सत्ता में बनी रही। लगातार तीन दशक तक देश की सेवा करने वाले डॉ. मनमोहन सिंह ने 2अप्रैल 2024 को राज्यसभा के साथ ही देश की सक्रिय राजनीति से भी विदाई ले ली थी। डॉ. सिंह की उम्र अभी 92 साल थी।

मैंने अपने पत्रकारिता के लम्बे कार्यकाल में डॉ. मनमोहन सिंह जैसा दूसरा कोई नेता नहीं देखा । मैं उनसे एक वित्त मंत्री के रूप में भी मिला और एक प्रधानमंत्री के रूप में भी । दोनों भूमिकाओं में वे केवल और केवल डॉ. मनमोहन सिंह ही रहे। उनके चेहरे पर सदैव एक स्निग्ध मुस्कान मौजूद रही । उनके संवाद में स्वर सधे हुए रह। न कोई उतार न कोई च?ाव, न कोई नाटकीयता और न कोई बुनावट। वे स्थितप्रज्ञ राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने अपने ऊपर कटु से कटु प्रहार सहे किन्तु कभी विचलित नहीं हुये । उनका विचलन उनकी आँखों में ही झलकता रह गया । उत्तेजना उनकी राजनीति का अंग कभी नहीं बन पायी। भले ही उन्हें उत्तेजित और अपमानित करने की कोशिश विपक्ष ने की हो या उनके अपने दल के नेताओं ने।विपक्ष ने डॉ.मनमोहन सिंह के बारे में संसद के बाहर और भीतर क्या कुछ नहीं कहा ? कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी ने डॉ.मनमोहन सिंह के सामने क्या कुछ उच्छ्श्रृंखलता नहीं की ? लेकिन डॉ.मनमोहन सिंह खामोश रहे। विपक्ष उन्हें डॉ. मौन सिंह कहकर अपमानित करता रहा किन्तु उनका काम हमेशा बोलता रहा। मुझे लगता है कि मौन ही डॉ. मनमोहन सिंह की असली ताकत थी। आज के नेताओं को उनके स्वभाव और आचरण से सीखना चाहिए। लेकिन डॉ.मनमोहन सिंह बनकर काम करना ,देशसेवा करना आसान काम नहीं। गाल बजाना और मौन रहना दो अलग-अलग विधाएँ हैं।



डॉ.मनमोहन सिंह के बारे में गूगल देव मुझसे ज्यादा सूचनाएँ रखते हैं ,लेकिन मैं अपनी जानकारी और अनुभव से कहता हूँ कि डॉ मनमोहन सिंह होना आसान नहीं। डॉ. मनमोहन सिंह देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनकी उपाधियों को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी गयी। अभिजात्य परिवार में जन्में डॉक्टर मनमोहन सिंह ने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की उपाधि हासिल की । डॉ. सिंह ने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। उनकी पुस्तक इंडियाज़ एक्सपोर्ट ट्रेंड्स एंड प्रोस्पेक्ट्स फॉर सेल्फ सस्टेंड ग्रोथ भारत की अन्तर्मुखी व्यापार नीति की पहली और सटीक आलोचना मानी जाती है।

राजनीति में प्रवेश करने से पहले वे अर्थशास्त्री ही बने रहे। डॉ? सिंह अर्थशास्त्र के यशस्वी अध्यापक रहे । वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने डॉ. सिंह की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किया । इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया।

डॉ.मनमोहन सिंह अपनी प्रतिभा के बल पर ही भारतीय रिजर्व बैंक के 15 वें गवर्नर बनाये गए। उन्होंने योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के रूप में देश की अविस्मरणीय सेवा की । भारत के आर्थिक इतिहास में हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब डॉ.सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मन्त्री रहे। उन्हें भारत के आर्थिक सुधारों का प्रणेता माना गया है। आम जनमानस में ये साल निश्चित रूप से डॉ. सिंह के व्यक्तित्व के इर्द-गिर्द घूमता रहा है।कोई 20 साल पहले जब डॉ.मनमोहन सिंह को देश का तेरहवां प्रधानमंत्री बनाया गया ,तब उनकी उम्र 72 साल की थी ।उनके पास राजनीति की विरासत नहीं थी। वे न नेहरू थे और न गाँधी। मनमोहन सिंह ने 22 मई 2004 से प्रधानमंत्री पद सम्हाला और अप्रैल 2009 तक इस पद पर रहे। लोकसभा के चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की अगुवाई वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन पुन~ विजयी हुआ और सिंह दोबारा प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए। प्रधानमंत्री सिंह ने वित्तमंत्री के रूप में पी. चिदम्बरम को अर्थव्यवस्था का दायित्व सौंपा था, जिसे उन्होंने कुशलता के साथ निभाया। वर्ष 2009 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी का प्रभाव भारत में भी देखने को मिला। परन्तु भारत की बैंकिंग व्यवस्था का आधार मज़बूत होने के कारण उसे उतना नुक़सान नहीं उठाना पड़ा, जितना अमेरिका और अन्य देशों को उठाना पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक की 90 वीं सालगिरह के मौके पर आज के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी इस बात की सराहना की।

डॉ.मनमोहन सिंह केवल प्रधानमंत्री के रूप में ही नहीं बल्कि प्रतिपक्ष के नेता के रूप में भी हमेशा याद किये जायेंगे । वे 1998 और 2004 में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता रहे ,जो शालीनता का सबसे महत्वपूर्ण काल था। डॉ. मनमोहन सिंह को देश -विदेश के अनेक सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं। भारत ने भी उन्हें पदम् विभूषण सम्मान दिया ,हालाँकि वे भारतरत्न है। बहरहाल देश डॉ.मनमोहन सिंह को जब भी याद करेगा

## रोजगार कार्यालय के बाबू 700 की रिश्वत लेते गिरफ्तार



धौलपुर (शकील खान)जिले की एसीबी की टीम ने शुक्रवार को रोजगार कार्यालय का लिपिक को 700 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बाबू ने इंटर्नशिप के लिए जगह बदलवाने के लिए 1500 रुपए की रिश्वत मांगी थी। धौलपुर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने रोजगार कार्यालय में तैनात बाबू दीपक गोयल पुत्र जगदीश गोयल को 700 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। राजस्व विभाग में इंटर्नशिप के लिए चयनित किए गए दीपक कुमार ने बताया कि राजस्थान **सरकार की योजना के तहत उसका-** राजस्व विभाग में इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ था। उसे बाड़ी में तैनाती दी गई थी। युवक ने रोजगार कार्यालय में जाकर अपना स्थान बाड़ी से बदलवाने के लिए बाबू दीपक गोयल से बात की थी, जिसके लिए बाबू ने बाड़ी **से दूसरी जगह के लिए स्थान बदलवाने के लिए 1500**-रुपए की मांग की थी।सौदा 700 रुपए में तय होने के बाद युवक ने बाबू दीपक गोयल को 700 रुपए दे दिए। जिसे एसीबी कीटीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पूरे मामले में एसीबी की टीम ने बाबू दीपक गोयल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व मेंकार्रवाई में जुटी है।

## 28 दिसम्बर को अभियान के तहत 03 विकासखण्डों के 04 स्थानों पर लगेंगे शिविर

मुरैना /अभियान के तहत 28 दिसम्बर को 03 विकासखण्डों के 04 स्थानों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिनमें अम्बाह जनपद के ग्राम रूपहटी, पहाडग? के ग्राम सुखपुरा, सरसेनी और सबलगढ़ विकासखण्ड के ग्राम जमुनीपुरा में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## रोजगार मेला 30 दिसम्बर को

मुरैना /बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये एक दिवसीय रोजगार मेला एवं अप्रेन्टिशिप मेले का आयोजन 30 दिसम्बर को जिला रोजगार कार्यालय परिसर चम्बल कॉलोनी में प्रातः 11 से आयोजित होगा। मेले में चेकमैट सर्विस प्रायवेट लिमिटेड गुजरात की कंपनी द्वारा सुरक्षा वार्ड हेतु कक्षा 10वीं, 12वीं, ग्रेजुऐट बेरोजगारों की भर्ती की जायेगी। जिसमें 20 से 35 वर्ष के युवाओं का चयन करेंगे। जिसका वेतन 19 हजार रूपये होगा। नौकरी फाई डॉट कॉम ग्वालियर द्वारा डिप्टी मैनेजर के लिये ग्रेजुऐट उम्मीदवारों का चयन कर करेंगे, जिसमें कक्षा 18 से 35 वर्ष तक के युवा भाग ले सकेंगे। वेतन 18 हजार से 29 हजार रूपये तक होगा। पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर द्वारा मैनेजर पद हेतु कक्षा 12वीं एवं ग्रेजुऐट योग्यताधारी 18 से 35 वर्ष के युवाओं का चयन करेंगे, जिसके 8 हजार से 28 हजार रूपये तक होगा। डिक्सोन टेक्नोलॉजी प्रायवेट लिमिटेड नोएडा द्वारा मशीन ऑपरेटर कक्षा 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण, आईटीआई युवा 18 से 26 वर्ष के भाग ले सकेंगे। वेतन 10 हजार 871 से लेकर 11 हजार 772 रूपये रहेगा। इसी प्रकार जेके टायर प्राइवेट लिमिटेड बानमौर द्वारा अप्रेन्टिशिप आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक समस्त इंजीनियर व्यवसाय के युवाओं की भर्ती करेंगे, जिसमें 18 से 26 वर्ष तक के युवा सम्मिलित हो सकेंगे। वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपये होगा।

### मृतक चरण सिंह और लक्ष्मण गिरी के परिजनों को 15-15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता

मुरैना 27 दिसम्बर, 2024/नायब तहसीलदार मुरैना एवं जौरा के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मृतक चरण सिंह पुत्र चेतराम निवासी टंच रो? मुरैना और लक्ष्मण गिरी पुत्र राम गिरी निवासी धौंधा के परिजनों को 15-15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

विदित है कि 25 मार्च को दोपहर 03 बजे तरेनी मानपुर के पास मोटर सायकिल से टक्कर होने पर चरण सिंह की मृत्यु हो गई थी। मृत्यु के घटना के संबंध में मुरैना तहसीलदार द्वारा प्रतिवेदन भेजा। इस पर कलेक्टर ने 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह राशि मृतक की पत्नि श्रीमती प्ररागो के खाते में जमा की गई हैइसी प्रकार तहसील जौरा के अंतर्गत पहाडग? मुख्यालय पर 22 जून को दोपहर 1:30 बजे डस्टर कार द्वारा टक्कर मारने से लक्ष्मण गिरी पुत्र राम गिरी निवासी धौंधा की मृत्यु हो गई। तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने मृतक की पत्नि श्रीमती गिरिजा गिरी निवासी धौंधा के खाते में 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

## तीन फर्मो के अमानक उर्वरकों के क्रय, विक्रय, भण्डारण एवं स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध

मुरैना /तीन फर्मो के अमानक पाये गये उर्वरकों के ऋय, विक्रय, भण्डारण एवं अन्य स्थान पर ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध उर्वरक पंजीयन अधिकारी एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री पी.सी. पटेल ने लगाया है। श्री पटेल ने जारी प्रतिबंधित आदेश में कहा है कि निर्माता कंपनी कृभको का उर्वरक विक्रय डीएमओ गोदाम कैलारस से किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता का नमूना 18 नवम्बर, 2024 को लिया गया था, जो परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया है। इस उर्वरक के बैच लॉट ऋमांक 02 एवं नमूना कोड एफएस-23 के स्कंध को जिले में ऋय, विक्रय, भण्डारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है। इसी प्रकार पारादीप फास्फेट लिमिटेड का उर्वरक विक्रय मध्यप्रदेश राज्य विपणन सहकारी संस्था मर्या. पोरसा द्वारा किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता का नमूना 26 नवम्बर, 2024 को लिया गया था, जो परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया है। इस उर्वरक के बैच लॉट ऋमांक 11/2024 एवं नमूना कोड एमएल-09 के स्कंध को जिले में ऋय, विक्रय, भण्डारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है। त्रिपल सुपर फास्फेट का उर्वरक विक्रय मध्यप्रदेश राज्य विपणन सहकारी संस्था मर्या. पोरसा द्वारा किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता का नमूना 26 नवम्बर, 2024 को लिया गया था, जो परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया है। इस उर्वरक के बैच लॉट ऋमांक नमूना कोड एमएल-10 के स्कंध को जिले में ऋय, विक्रय, भण्डारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है।

### भर्ती विसंगति को लेकर मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक ने किया विशाल धरना प्रदर्शन का शंखनाद

अम्बाह। मुरैना। मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्री एल.के.दुबे जी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि संगठन द्वारा विगत कई वर्षों से संविदा नियमितीकरण एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को संविदा में समायोजन करने हेतु शासन प्रशासन एवं प्रबंधन का ध्यानाकर्षण पत्राचार, बैठक एवं ज्ञापन के माध्यम से करवाया गया था किंतु प्रबंधन के श्रमिक विरोधी नीतियों की वजह से संविदा नियमितीकरण एवं आउटसोर्स कर्मचारियों का संविदा में समायोजन नहीं हो सका । हाल ही में ऊर्जा विभाग द्वारा विभिन्न पदों जैसे लाइनमैन , कार्यालय सहायक , नर्सिंग स्टाफ आदि विभिन्न नियमित पदों हेतु भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है किंतु संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के हित लाभों का ध्यान नहीं रखा गया है । संगठन द्वारा दिनांक 12 जनवरी 2025 , युवादिवस ÷स्वामी विवेकनंद जयंती÷ को भोपाल स्थित डॉ. भोमराव अंबेडकर मैदान से माननीय ऊर्जा मंत्री के शासकीय आवास शिवाजी नगर भोपाल में रैली के माध्यम से भर्ती विसंगति को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिया जाएगा ।

कर्मचारियों की मुख्य मांगे

1.विद्युत कंपनी द्वारा जारी विज्ञप्ति में आउटसोर्स कर्मचारियों को अनुभव का लाभ देते हुए आयु सीमा में छूट एवं बोनस अंक प्रदान किया जावे ।



2.संविदा नीति 2023 के अनुरूप संविदा कर्मचारियों को 50त्न का आरक्षण दिया जावे ।3. विद्युत कंपनियों में वर्षो से कार्यरत कार्यालय सहायक संविदा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर (आउटसोर्स) को ष्ठष्टश्वञ्ज प्रमाण में मध्य प्रदेश शासन के अनुरूप शिथिलता प्रदान किया जावे।

4. नियमित एवं संविदा कर्मचारियों को एक कंपनी से दूसरी कंपनी में जाने हेतु पारदर्शी स्थानान्तरण नीति लागू की जावे।

5. भाजपा जनसंकल्प 2013 पृष्ठ ऋमांक 33 बिंदु 9.6 के लिखित वादे अनुरूप विद्युत संविदा कर्मचारियों को बिना शर्त नियमित किया जावे ।

6. भाजपा जनसकल्प 2023 के अनुरूप आउटसोर्स कर्मचारियों को संविदा का लाभ दिया जावे ।

7. माननीय मुख्य मंत्री जी के घोषणा अनुरूप आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन का भुगतान अप्रैल 2024 से प्रदान किया जावे

8. प्रतियोगी परीक्षा पास वर्ष 2013 नियमित की प्रतीक्षा सूची से संविदा पर नियुक्त परीक्षण सहायकों को बिना शर्त नियमित किया जावे।

9. विद्युत कंपनियों में कार्यरत तकनीकी संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को जोखिम भत्ता एवं राष्ट्रीय अवकाश के दिवस कार्य करने पर अतिरिक्त वेतन दिया जावे

10. आउटसोर्स कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जावे।

11. विद्युत कंपनियों में कार्यरत संविदा एवं नियमित परीक्षण सहायक , कार्यालय सहायक श्रेणी तीन ,असिस्टेंट रेवेन्यू ऑफिसर (ऋह्) कर्मचारियों के वेतन विसंगति को दूर करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आज दिनांक 27.12.2024 को पोस्टर का विमोचन रोशनी घर परिसर ग्वालियर में किया गया

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री एल.के.दुबे जी, प्रदेश कोषाध्यक्ष आर.के.कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष विद्याकांत मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री प्रतीक द्विवेदी, ग्वालियर शाखा अध्यक्ष रामबाबू बंसकार, मुरैना शाखा अध्यक्ष शैलेष कुचया, ग्वालियर शाखा उपाध्यक्ष रणवीर शुक्ला, हरीश राजपूत,शिवेंद्र प्रताप सिंह, शिवानंद पांडेय, रवि प्रकाश गुप्ता , राजेंद्र बघेल, अवधेश राणा सहित सैकड़ों कर्मचारियों से विशाल धरना प्रदर्शन एवं रैली का समर्थन करते हुए पोस्टर विमोचन में शामिल हुए

## नगर निगम मुरैना द्वारा 28 दिसंबर को होने वाला कवि सम्मेलन अपरिहार्य कारणों से स्थगित

मुरैना नगर निगम मुरैना द्वारा मेला रंगमंच पर 28 दिसंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था । उक्त कवि सम्मेलन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है । आगामी तिथी घोषित करने के लिए इसकी सूचना पृथक से जारी की जाएगी। यह बात नगर निगम के मेला अधिकारी दर्शन दंडोतिया द्वारा जारी की गयी है। ~बकाया एरियर वसूली के लिए बिजली वितरण कंपनी ने नगर रक्षा समिति भूतपूर्व सैनिकों की टीम ने **25 हिटर जप्त किये बिजली चोरी के आठ केस बनाएं-** मुरैना-डेढ़ करोड़ रुपए के एरिया की वसूली के लिए बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल के निर्देशन में महाप्रबंधक व्ही.सी. दागी के नेतृत्व में उपमहाप्रबंधक अभिषेक कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में बिजली वितरण कंपनी द्वारा नगर रक्षा समिति की महिला एवं पुरुषों एवं भूतपूर्व सैनिकों की टीमों के द्वारा विद्युत की बकाया एरिया राशि की वसूली के लिए एक अभियान योद्धा स्तर पर चलाया जा रहा है बिजली वितरण कंपनी ने मुरैना शहर के शिकारपुर रोड, अहमदनगर, दुर्गापुरी कॉलोनी मैं 25 घरों में 25 हीटर जप्त किये। वहीं बिजली वितरण कंपनी की टीमों ने एरियर वसूली के साथ-साथ आठ केस चोरी के भी बनाए हैं मुरैना शहर के उपभोक्ताओं को निर्विवाद सप्लाई देने के उद्देश्य से बिजली वितरण कंपनी द्वारा एरियर वसूली के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है उस चेकिंग अभियान में नगर रक्षा समिति भूतपूर्व सैनिकों और बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों की एक टीम का गठन किया गया है जो शहर में प्रतिदिन एरियर की वसूली, बिजली चोरी आदि पर लगाम लगाने के उद्देश्य निरंतर कार्रवाई को टीमों के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है जिससे बकायादार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है बिजली वितरण कंपनी द्वारा लाइन लॉस को काम करने के उद्देश्य से निरंतर चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है और सफेद तार के खिलाफ भी निरंतर कार्रवाई की जा रही है इस कार्रवाई में सवा कुंटल सफेद तार भी जप्त किया गया है डिस्कनेक्शन कर बिजली वितरण कंपनी ने 50 लख रुपए का राजस्व के रूप में एरिया भी इकट्ठा किया है बिजली वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक अभिषेक कुमार चौरसिया ने बकायादार उपभोक्ता से अपील करते हुए कहा है असुविधा से बचने के लिए बिजली वितरण कंपनी को बकाया एरियर की राशि जमा कर। डिस्कनेक्शन और सुविधा से बचें। समय पर बिजली वितरण कंपनी का बकाया राशि का भुगतान करें। जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# एससी एसटी की धाराओं में फर्जी फसाने वाली पेशेवर महिला गीता देवी का थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने जांच में किया बड़ा खुलासा

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। गीता देवी पत्नी राजेश निवासी जुनेदपुर थाना आलापुर जिसने अनेकों लोगों के विरुद्ध फर्जी तहरीर देकर एससी एसटी की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया है। उस एससी एसटी धाराओं में फर्जी फसाने वाली पेशेवर महिला गीता देवी द्वारा दिनांक 24/11/2024 को दिए गए एक लिखित प्रार्थना पत्र की जांच में थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने सिद्ध कर दिया कि तहरीर फर्जी है दो लोगों को फर्जी फंसाने के लिए दी गई है।गीता देवी की तहरीर में लगाए गए आरोप

गीता देवी ने दिनांक 24/11/2024 को थाना अध्यक्ष आलापुर को दी गई तहरीर में धर्मेंद्र यादव पुत्र राम अवध निवासी हाफिज पुर एवं रहबर आलम पुत्र नवी आलम निवासी ग्राम इन्दईपुर दोनों लोगों पर आरोप लगाया कि दोनों एक ही मोटरसाइकिल पर बैठकर हथिनाराज की तरफ से आ रहे थे गीता देवी के दरवाजे पर पहुचे तो गीता देवी ने हाथ देकर रोका और कहा तुम लोगों ने मेरी वीडियो वायरल क्यों किया इस पर पीछे बैठे रहवर आलम ने गीता देवी को थप्पड़ मारा जिससे प्रार्थिनी गिर गई और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

## थाना अध्यक्ष राकेश कुमार के द्वारा की जांच में शिकायत फर्जी पाई गई तहरीर कारण भी किया खुलासा

गीता देवी पत्नी राजेश कुमार निवासी ग्राम जुनेदपुर थाना आलापुर जनपद अंबेडकरनगर द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र के संबंध में मौके पर जाकर जाँच की गई तो ज्ञात हुआ कि आवेदिका गीता देवी द्वारा मु0अ0स0 155/22 धारा 323/504/506/328/354 (ख) व 3/8 एससी एसटी एक्ट बनाम शाहिद मुनीर सिद्दीकी निवासी हुसैनपुर मुसलमान के विरुद्ध पंजीकृत कराया था। बाद विवेचना प्राप्न साक्ष्य के आधार पर आरोप पत्र स0 ए-158/22 दिनाँक 19.8.22 को माननीय न्यायालय प्रेषित किया जा चुका है। इसी मुकदमे को लेकर वादिनी गीता देवी व विपक्षी धर्मेन्द्र यादव पुत्र राम अवध निवासी हाफिजपुर थाना आलापुर जनपद अंबेडकरनगर के मध्य बातचीत के क्रम में आवेदिका धर्मेन्द्र यादव के घर पर गयी था। उसी समय पत्रकार हरिलाल प्रजापति भी मौजूद था। उसी मुकदमे को लेकर विपक्षी धर्मेन्द्र यादव व आवेदिका के मध्य मुकदमे में सुलह समझौते की बाता की जा रही थी और यह भी कहा गया था कि यह मुकदमा मैंने





उच्चाधिकारियों के दबाव में लिखवाया था। इन्ही सभी बातो को हरिलाल प्रजापति द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से रिकार्डिंग करके सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिससे आवेदिका के बदनामी हुई एवं बेइज्जती महसूस की गई। इसी बात को लेकर आवेदिका द्वारा दिनाँक 24.11.24 को समय लगभग 10 बजे धर्मेन्द्र उपरोक्त एवं रहबरे आलम पुत्र नवी आलम निवासी ग्राम इन्दईपुर पर आरोप लगाया कि दोनो एक ही मोटर साइकिल पर बैठकर हाधिनाराज की तरफ से आ रहे थे और प्रार्थिनी के दरवाजे पर पहुँचे तो प्रार्थीनी ने हाथ देकर रोका और कहा तुम लोगो ने मेरी वीडियो वायरल क्यो की। इस पर पीछे बैठे रहबरे आलम ने गीता देवी को थप्पड़ मारा जिससे प्रार्थिनी गिर गयी और जाति सूचक शब्दों को प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। घटना के समय दोनो व्यक्ति एक साथ बाइक से उसके घर पर नहीं गए थे।जिस समय की घटना है विपक्षी धर्मेंद्र यादव गाड़ी लेकर शादी में गया था। जिसकी पुष्टि लालमन मौर्य पुत्र गंगाराम मौर्य निवासी जुनैदपुर के द्वारा की गई क्योकि यह भी कार चलाता है और यह भी उस दिन कार लेकर शादी में गया था तथा रहवरे आलम के घर पर कैमरा लगा हुआ है कैमरे से भी इस बात की पुष्टी हुई है कि रहबरे आलम उसी दिनाँक उसी समय एक मय्यत में तीन लोगो के साथ मजगंवा गया था उसके बाद अपने घर आया था इसके बाद हथिनाराज के पास उसकी ट्रेक्टर ट्राली फस गयी थी जिसके लिये जैक एवं जैक राड लेने घर आया था आने जाने का समय विपक्षी रहवरे आलम कैमरे में मौजूद है एवं अन्य गवाही से भी उपरोक्त बात की पुष्टी की गई। आरोपी गण रहबरे आलम के मो0 न0 7860292826 एवं धर्मेन्द्र के मो0न0 9721266416 की दिनांक 24.11.24 की अवलोकन किया गया तो अवलोकन से आरोपीगण दोनो मे बात होना और न ही अन्य दिनो मे बात होना पाया गया एवं दोनो के मोवाइल नंबर की लोकेशन भिन्न भिन्न पायी गई। इससे स्वतः साबित हो रहा है कि दोनों ही आरोपी गण एक साथ नहीं थे और न ही उनके द्वारा दिनाँक 24.11.24 को आवेदिका के साथ किसी प्रकार की घटना कारित की गई विपक्षी धर्मेन्द्र यादव के द्वारा पूर्व में आवेदिका का वीडियो रिकार्डिंग बनाकर वायरल की थी इसी पटना को लेकर आवेदिका द्वारा झूठा प्रार्थना पत्र दिया गया है। जिसपर किसी कार्यवाही की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है। आवेदिका के द्वारा लगाये जा रहे आरोपो की जाँच से पुष्टी नहीं हो पा रही है।

शाहिद मुनीर सिद्दीकी को फर्जी तरीके से एससी एसटी में फंसाने का खुलासा होने पर बदला लेने के लिए दी गई तहरीर

एक स्टिंग ऑपरेशन में गीता देवी ने खुद कबूला था कि किस तरह उन्होंने पुलिस के उच्च अधिकारियों और विकास विभाग के अधिकारियों के कहने पर शाहिद मुनीर सिद्दीकी को फर्जी तरीके से एससी एसटी में फंसाया था। उस वीडियो के कुछ अंश को सी न्यूज पर दिखाई गई खबर के वायरल होने के बाद धर्मेंद्र यादव व रहबर आलम को फसाने की साजिश की गई थी। लेकिन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार की जांच में गीता देवी की तहरीर में लगाए गए आरोप फर्जी पाए गए।

## मिडिया पर चली खबर के बाद गीता देवी ने धर्मेंद्र यादव को जेल भेजने की खुले आम दी थी धमकी

मिडिया पर चली खबर जब जनपद में वायरल हुई तो गीता देवी से कई स्तरों पर पूछताछ शुरू हुई। कहते हैं कि सबसे ज्यादा दबाव पुलिस विभाग की तरफ से था। इसी से परेशान होकर गीता देवी ने धर्मेंद्र यादव को वीडियो बनाने का जिम्मेदार मानते हुए धर्मेंद्र यादव को जेल भेजने की खुले आम धमकी दी थी। गीता देवी ने पहले वकील से तहरीर बनवाई थी जिसमें उसने धर्मेंद्र यादव पर आरोप लगाया था कि उसने गीता देवी का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल किया जिसकी खबर भी कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चली। लेकिन उस तहरीर में उल्लेख किए गए अश्लील वीडियो को गीता देवी पुलिस को उपलब्ध नहीं करा पायी। मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा था तो एक स्थानीय पत्रकार ने थाने में पैरवी की। तत्समय प्रभारी थानेदार ने बताया कि अश्लील वीडियो प्रस्तुत करें तभी मुकदमा दर्ज होगा। जब थाना अध्यक्ष राकेश कुमार छुट्टी से वापस आए तो दूसरी तहरीर दी गई जिसमें अश्लील वीडियो का मामला हटाकर थप्पड़ मारने, जाति सूचक शब्द कहने जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया गया। जांच में यह आरोप भी फर्जी सिद्ध हुआ।

गीता देवी एक पेशेवर महिला है जिसका काम ही लोगों को एससी एसटी के फर्जी मुकदमे में फंसाना या धमकी देकर धन उगाहना है

**गीता देवी और उसके परिवार ने एससी.एसटी एक्ट का दुरुपयोग कर अवैध धन उगाही को अपना पेशा बना लिया है। 2022 में इसने 2 मुकदमे और इसकी पुत्री ने एक मुकदमा थाना आलापुर में दर्ज कराया। मां बेटी किसी बिजनेस मैन, नामी गरामी या रसूखदार व्यक्ति को अपना निशाना बनाती है। यह पहले थाने पर तहरीर देने की धमकी देती है अगर सामने वाले ने डर कर समझौता कर लिया तो ठीक, वरना फिर थाने पर तहरीर देकर पुलिस से प्रताड़ति करवाती है उसके बाद इंसान पैसा देकर समझौता कर ही लेता है नहीं तो फिर कुछ बिकाऊ टाईप के पत्रकार और छोटे मोटे नेता से पैरवी कराकर मुकदमा दर्ज करवा देती है।फिर अदालत से गिरफ्तारी कुर्की आदि कर डर दिखाकर बड़ी धनराशि की वसूली करके अदालत में सुलह कर लेती हैं।**

## कहीं पुलिस की मिलीभगत से तो नहीं गीता देवी वसूली का रैकेट चलाती है

गीता देवी द्वारा बार बार फर्जी तहरीर देने का खुलासा हो जाने के बाद भी उसके ऊपर पुलिस प्रशासन का चाबुक आज तक नहीं चला। कब चलेगा यह कह पाना मुश्किल है। क्योंकि वीडियो में बताने के हिसाब से पुलिस के बहुत बड़े-बड़े लोगों का संरक्षण मिल रहा है विकास विभाग से भी कुछ लोग मिले हुए जो अपने विरोधियों को धमकाने के लिए गीता देवी का प्रयोग करते है फिर उसको संरक्षण भी देते हैं। फिलहाल देखना यह होगा की जो गीता देवी जनता में दहशत फैलाई है उससे जनता को कब राहत मिलेगी। नए कप्तान साहब को इसका संज्ञान में लेकर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। वैसे कप्तान साहब के लिए कार्यवाही करना किसी चुनौती से कम नहीं है।

**दूध बेचकर घर जा युवक को दबंगों ने पीटा**

# पुलिस ने पीड़ति का ही कर दिया शांतिभंग में चलान

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर। मार्केट से दूध बेचकर घर वापस जा रहे युवक को रास्ते में खड़े दबंगों ने रोककर मारना पीटना शुरू कर दिया। पीड़ति युवक ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी और पुलिस ने आरोपियो को छोड़कर पीड़ति का शांतिभंग में चलान कर दिया।हंसवर थाना क्षेत्र के ग्राम वर्गी निजामपुर निवासी कुलदीप यादव 25 दिसंबर को शाम लगभग 08 बजे बाइक से हंसवर बजार से दूध बेचकर घर वापस जा रहा था। पीड़ति गांव के पास दुर्गा मंदिर पहुंचा ही था कि रास्ते में खड़े लाठी डंडा लेकर गांव के दबंग हिमांशु उर्फ गुड्डू यादव पुत्र रामजीत, अमन यादव पुत्र जर्नादन यादव, कृष्ण यादव पुत्र बृजेश यादव, संगम पुत्र राजपत तिवारी द्वारा पीड़ति मारना पीटना शुरू कर दिया और भद्दी गालियां देने लगे। पीड़ति ने इसकी सूचना पुलिस को दी लेकिन स्थानीय पुलिस दबंगों के प्रभाव में आकर पीड़ति को ही शांति भंग में चालान कर दिया।

# काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा साहित्य रत्न मानद सम्मान से विभूषित हुए :डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर । अपने हुनर की जोर आज़माइश करते रहो जिज्ञासु । ज़िंदिगी में क़स्मित के सितारे चमकते ज़रूर हैं ।। चर्चित कवि व मंच संचालक डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु का यह शेर कामयाबी के लिए व्यक्ति के पुरुषार्थ एवं आत्मविश्वास को बयां कर रहा है । ऐसे तमाम शेरों की श्रृंखला को जिज्ञासु किताब बना देते हैं । जी हां पेशे से परिषदीय शिक्षक जिज्ञासु कवि एवं मंच संचालन के साथ-साथ प्रेरक वक्ता के रूप में अच्छी पहचान रखते हैं । अपने इन्हीं शौक के चलते जिज्ञासु कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं द्वारा सम्मानित हो चुके हैं । अटल एवं महामना मालवीय जयंती के अवसर पर काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा जिज्ञासु को साहित्य रत्न मानद सम्मान प्रदान किया गया । जिज्ञासु की इस उपलब्धि पर शिक्षकों कवियों एवं साहित्यकारों द्वारा सोशल मीडिया पर बधाई एवं शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है ।

# अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-6 व कक्षा-9 के प्रवेश परीक्षार्थी 20 जनवरी 2025 तक करें आवेदन

**प्रवेश परीक्षा तिथि-16 फरवरी 2024**

अम्बेडकर नगर।मुख्य विकास अधिकारी अंबेडकर नगर/नोडल अधिकारी अटल आवासीय विद्यालय आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय अमराई गांव रुदौली अयोध्या में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश हेतु प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिसमें 28 दिसम्बर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक आवेदन पत्र वितरण एवं प्राप्ति का कार्य किया जाएगा तथा अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा-6 में 140 और कक्षा-9 में 140 उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाना है जिसमें आधी सीटें छात्राओं के लिए होंगी। उन्होंने बताया कि आवेदन हेतु पात्रता की शर्तों के तहत अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-6 हेतु अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2013 से पहले और 31 जुलाई 2015 के बाद नहीं होना चाहिए एवं कक्षा-9 हेतु अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2010 से पहले और 31 जुलाई 2012 के बाद नहीं होना चाहिए तथा अनुसूचित जाति, अनूसचित जनजाति और अन्य पिछ?ा वर्ग सहित सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों पर लागू होगा। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के बच्चों के लिए आवेदन हेतु ऐसे अद्यतनीकृत रूप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरांत दिनांक 30 नवम्बर 2024 को कम से कम 3 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हो उनके प्रति परिवार अधिकतम दो बच्चे पात्र होंगे तथा अनाथ बच्चों हेतु अनाथ श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार वह बच्चे जो कोविड से अनाथ हुए हैं जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु ऐसे पात्र बच्चे कक्षा-6 के लिए जन्मतिथि 01 मई 2013 से पहले और 31 जुलाई 2015 के बाद नहीं होनी चाहिए और कक्षा-9 के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक का जन्म 01 मई 2010 से पहले और 31 जुलाई 2012 के बाद नहीं होना चाहिए। इस क्रम में उन्होंने बताया कि सीट आरक्षण के तहत कुल सीटों के स्थानों में 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, 27 प्रतिशत अन्य पिछ?ा वर्ग, 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 02 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण तथा राज्य के मानदण्डों के अनुसार दिव्यांग बच्चों (शारीरिक दिव्यांगता, श्रवण बाधित और दृष्टि बाधित) के लिए आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया कार्यक्रम के तहत 28 दिसम्बर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक आवेदन पत्र वितरण एवं प्राप्ति, 27 जनवरी 2025 तक आवेदनों की छंटनी व सूचीकरण, 08 फरवरी 2025 से 14 फरवरी 2025 तक प्रवेश पत्र वितरण, 16 फरवरी 2025 दिन रविवार को प्रवेश परीक्षा तथा 22 फरवरी 2025 को परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्राओं से अपील किया कि संबंधित विकास खण्ड कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं श्रम विभाग कार्यालय अम्बेडकरनगर से आवेदन फार्म प्राप्त करके संलग्नकों (माता/पिता का श्रमिक पंजीयन कार्ड, बच्चें एवं माता पिता का आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अंकपत्र की छायाप्रति एवं 02 फोटो) सहित अपना आवेदन भर कर जमा कर सकते हैं तथा अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग के मो0न0-6394773392, 7985676704, 7800934869 एवं 8545954977 पर संपर्क करके प्राप्त किया जा सकता है।

# किरण गुप्ता की शिकायत पर ईओ ने किया निरीक्षण



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या।नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी सीमा राय ने गुरुवार के शाम को किरण गुप्ता की शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण किया। वह पंचायत कर्मियों के साथ वार्ड नंबर 5 में पहुंची और समस्याओं की जानकारी ली।वार्ड नंबर 5 में किरण गुप्ता ने शिकायत करते हुए कहा कि कॉलोनी में 14 लोगों ने मकान लिया है जिनमें से आठ लोग मकान बनवाकर परिवार सहित रह रहे हैं। लेकिन नगर पंचायत द्वारा कोई भी सुविधा अभी तक मुहैया नहीं कराया है शिकायतकर्ता में मांग किया है की सड़क नाली एवं प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण नारकीय जिंदगी हो गई है। क्यों बरसात के दिनों में जीन दूभर हो जाता है। बरसात का एवं घरों का पानी इकट्ठा हो जाने के कारण रोग फैलने की आशंका हमेशा बनी रहती है। अधिशासी अधिकारी ने बताया की सफाई के लिए बोल दिया गया है।

# समिति केन्द्रो में बफर लिमिट से दो गुना अधिक धान, समिति प्रबंधको में चिंता की लकीरे

### आनलाइन व आफलाइन कोटा फूल 15 जनवरी के बाद दोबारा मिलेगा किसानों को मौका

**कमलेश रजक**
**ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

बलौदाबाजार। धान खरीदी को चालू हुए डेढ़ माह बीत गए है। बीते इन डेढ़ माह में अब तक 45 प्रतिशत तक धान की ही खरीदी कर ली गई है। वही खरीदी की गई धान में से महज 28 फीसदी धान का ही उठाव हो सका है। धान का उठाव सही समय पर नहीं होने की स्थिति में खरीदी केन्द्रो में बफर लिमिट से दो गुना अधिक धान खरीदी केन्द्रों में पड़ा हुआ है, इससे अधिकांश खरीदी केन्द्रों में जगह समस्या की वजह से खरीदी प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही संग्रहित धान का उठाव सही समय पर नहीं होने की वजह से समिति प्रबंधकों के माथे पर चिंता की लकीरे देखी जा रही है। वर्तमान समय में धान की आवक तेजी से बनी हुई है। लेकिन आवक के साथ-साथ उठाव कार्य सुस्त चल रहा है। शासन-प्रशासन पीछले साल की स्थिति को देखते हुए भी सबक नहीं ले पाई है। यदि फिर से ऐसे ही स्थिति चलती रही तो निश्चित रूप से खरीदी केन्द्रों को नुकसान होने की स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता। वही डिओ जारी नहीं होने के चलते मिलर्स धान का उठाव नहीं कर रहे है।उल्लेखनीय है कि इस वित्तीय वर्ष में धान की खरीदी 14 नवम्बर से 31 जनवरी तक की जाएगी ताकि सभी पंजीकृत किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर बेच सके। लेकिन डेढ़ माह हो जाने के बाद भी 45 फीसदी ही धान की



खरीदी हो पाई है। 55 प्रतिशत धान की खरीदी 30 दिनों में करना है। वही 15 जनवरी तक आनलाईन एवं आफलाइन टोकन फुल हो गए है। 15 जनवरी तक 75 प्रतिशत तक धान खरीदी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। 15 दिनों में 25 प्रतिशत तक धान खरीदी किया जाना है। जिला सहकारी बैंक लवन की शाखा के अंतर्गत 15 उपार्जन केन्द्र आते है। इन 15 उपार्जन केन्द्रो में इस वर्ष 14433 किसान पंजीकृत है। जिनमें से 8205 किसानों के द्वारा 3 लाख 40 हजार 853 क्वींटल धान बेचा गया है। जिनमें से 22 करोड 63 लाख 10 हजार रूपये तक किसानों से ऋष्टा की वसूली की जा चूकी है। वही परिवहन की स्थिति को देखे तो खरीदी किये गये धान में महज 89 हजार 745 क्वींटल धान का ही परिवहन हो सका है। दो लाख 44 हजार 387 क्वींटल धान का परिवहन होना शेष है। धान खरीदी के साथ ही धान का उठाव नहीं होने की वजह से समिति प्रबंधकों की चिंता बढ़ गई है। अधिकतर समिति केन्द्रों में धान रखने की जगह नहीं है, इसलिए खरीदी प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। धान का उठाव सही समय पर नहीं किया गया तो सूखत की समस्या होगी। वही यदि बदली से बारिश होती है तो निश्चित तौर पर नमी बढ़ जाएगी। दोनो ही स्थिति में समिति व सरकार को नुकसान होगा। खरीदी केन्द्रों के समिति प्रबंधकों का कहना है कि इस बार क्षमता से ज्यादा धान की खरीदी हो गई है उनके पास भी रखने के लिए जगह नहीं है। खरीदी केन्द्रों में जाम की स्थिति बनी हुई है। धान का उठाव सही समय पर करने की मांग समिति प्रबंधकों के द्वारा किया गया।

**क्या कहते है शाखा प्रबंधक**-समिति केन्द्रों में धान का उठाव के लिए हर तीसरे दिन में उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा जा रहा है। वर्तमान में 45 प्रतिशत तक धान की खरीदी कर ली गई है। 31 जनवरी तय खरीदी समय तक सभी किसानों का धान खरीदी कर लिया जायेगा।

**गिरधारी ध्रुव शाखा प्रबंधक**
**जिला सहकारी बैंक शाखा लवन**

## मिशन शक्ति के अंतर्गत अंशिका भारती बनी एक दिन की प्रधानाचार्या



निचलौल। आपको बता दें कि निचलौल क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कर्नल विजन एकेडमी बहरौली में आए दिन नई नई एक्टिविटी होती रहती है पढ़ाई के साथ साथ यह विद्यालय नए नए क्रियाकलापों व गतिविधियों के लिए जाना जाता है हाल ही में उस विद्यालय में जीके कंप्टीशन और डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ था जिसमें लगभग 40 विद्यालयों के बच्चे प्रतिभाग किए थे।आपको बता दें कि आज फिर इस विद्यालय में मिशन शक्ति के तहत एक दिन के लिए विद्यालय की छात्रा को प्रधानाचार्या बनाया गया और अन्य दस छात्राओं को सहायक अध्यापिका बनाया गया कक्षा 5वीं की छात्रा अंशिका भारती को एक दिन की प्रधानाचार्या तथा सहायक अध्यापिका रीना चौहान, श्वेता पटेल, पल्लवी गुप्ता, नेहा यादव,सलोनी तिवारी, अंकिता कसौधन, अनुष्का कसौधन , नेहा मद्धेशिया, काजल मद्धेशिया, खुश्बू चौधरी को बनाया गया इन सभी छात्राओं ने विद्यालय में पठन पाठन के कार्यो को सुचारू रूप से संचालित किया ......तथा प्रधानाचार्य व समस्त अध्यापको के साथ विद्यालय के भविष्य में होने वाले कार्यो की समीक्षा की तथा विभिन्न प्रकार के सुझाव प्रकट किए इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अहमद रज़ा , सहायक अध्यापक श्री अजीत कन्नौजिया , श्री दीपेश श्रीवास्तव , श्री आनन्द ज्योति व सहायक अध्यापिका गुड़िया कसौधन, सपना गुप्ता, शालिनी मिश्रा, अंजली गौड़, अर्चना विश्वकर्मा , प्रिया मिश्रा , अंजू यादव, मोहिनी मोदनवाल विद्यालय के अन्य सदस्य कमरान, सोनू , साधुशरण , सुनीता प्रजापति, संजय गुप्ता, पिंटू पटेल आदि लोग उपस्थित रहे ........

## कृषि विज्ञान केन्द्र में हुई विभागीय कार्यों की समीक्षा

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**




मथुरा। कृषि विज्ञान केन्द्र मथुरा के सभागार में संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक, सहकारिता आगरा मण्डल, आगरा की अध्यक्षता में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गयी, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर उपस्थित रहे। विवेक कौशल, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, सुमित कुमार शर्मा, सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक के समस्त अनुभाग अधिकारी, सतवीर सिंह, क्षेत्र प्रबन्धक, इफको मथुरा और समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (सह.), समस्त शाखा प्रबन्धक, जिला सहकारी बैंक लि., समस्त शाखा प्रबन्धक, उप्र सहकारी ग्राम्य विकास बैंक लि. मथुरा, जिला प्रबन्धक, पीसीएफ, की उपस्थिति में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में बकाये से वसूली पर विशेष जोर दिया गया, संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक, सहकारिता आगरा मण्डल, आगरा द्वारा बकाये की राशि का शत-प्रतिशत आरसी कराये जाने पर जोर देते हुए उप्र सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा-92'ख' के अन्तर्गत कुर्की/ नीलामी सम्बन्धी विधिक कार्यवाही कराकर बकाया से शत-प्रतिशत वसूली किये जाने पर बल दिया गया। जनपद की सहकारी समितियों पर उर्वरक की उपलब्धता बनाये रखने पर भी संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक द्वारा इफको के प्रबन्धक सतवीर सिंह को निर्देशित किया गया कि जनपद में सिंचाई के दृष्टिगत यूरिया की कमी न रहने पाये इसके लिये शीर्ष स्तर से वार्ता कर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करें। शाखा प्रबन्धकों को निर्देश दिये गये कि जमा निक्षेप एवं ऋष्टा वितरण के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें, साथ ही सहकारिता विभाग के अधिकारियों को वसूली सम्बन्धी उक्त कार्य में सहयोग प्रदान कर विधिक कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद के निम्न 10 बड़े बकायेदारों से एक सप्ताह में वसूली कराये जाने हेतु सम्बन्धित अपर जिला सहकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## पुलिस ने पहले दर्ज नही किया मुकदमा, अब आरोपी की नही कर रही गिरफ्तारी

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर। महिला संबंधी अपराध के प्रति जैतपुर थाना अध्यक्ष के द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सीधा निर्देश है कि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाए। महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई है ताकि अपनी बात को खुलकर महिलाएं कह सकें। लेकिन पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में पुलिस अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी सात माह बाद भी नहीं कर पाई है। शुरू से ही पुलिस के द्वारा विपक्षी का सहयोग किया जा रहा है।पहले तो पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया बाद में उच्च अधिकारियों तक भी गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ अंततः थक हारकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो न्यायालय ने विपक्षी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। मुकदमा तो किसी तरीके से दर्ज हो गया बाद में विपक्षी के प्रभाव में आकर विवेचक के द्वारा मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाकर कोर्ट में पेश किया गया। जानकारी होने पर वादिनी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दोबारा विवेचना किए जाने की मांग की। मामले में दोबारा विवेचना की जा रही है। पूरा मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां 17 वर्षीय नाबालिक लड़की काल्पनिक नाम पूजा बीते 25 मार्च 2024 को दोपहर करीब 2 बजे शौच के लिए गांव के बाहर गई थी।

## संस्कृति विवि में लगाया गया विज्ञान मेला और प्रदर्शनी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच को बड़ावा देने, वैज्ञानिक तरीकों के उपयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विज्ञान मेले और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले और प्रदर्शनी में वैज्ञानिक सोच को बड़ावा देने के लिए जनपद के विभिन्न कालेजों के विद्यार्थियों ने मॉडल, पोस्टर और नवाचार के द्वारा अपनी सोच को मूर्तरूप दिया। उद्घाटन सत्र के दौरान वक्ताओं ने प्रतिभागियों को गंभीर रूप से सोचने और समस्याओं से निपटने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्कृति विश्वविद्यालय के स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डा.डीएस तौमर ने कहा कि वैज्ञानिक सोच को बड़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करना चाहिए। बीच के अंतर को पाटने में मदद के लिए व्यावहारिक अनुभव पाने के लिए व्यवहारिक शिक्षा पर ध्यान देना होगा। ऐसे मौकों पर प्रतिभागियों को एक साथ काम करने, विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए और परियोजनाओं पर सहयोग करना चाहिए। प्रचारक, मथुरा विभाग अरुण ने कहा कि विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी एक आकर्षक मंच है जो छात्रों, शिक्षकों और विज्ञान को एक साथ लाता है। संस्कृति विवि में कैप्स के निदेशक डा. रजनीश त्यागी ने कहा कि ऐसे मेले में उत्साही लोग अपने नवीन विचारों, प्रयोगों और परियोजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक साथ आते हैं। यह उनको एक उच्च स्तरीय मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम के




संकाय समन्वयक डा. सुनील कुमार ने मेले और प्रदर्शनी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की एंकर सुश्री शुभ्रा पांडे और देवांशु सिंह थे। कार्यक्रम की संयोजक डा. नेहा पाठक थीं। छात्र कार्यक्रम समन्वयक कार्तिकेय पालीवाल थे। कार्यक्रम में 20 स्कूलों के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। परियोजनाओं की विविधता और विचार की गहराई ने न्यायाधीशों और आगंतुकों को समान रूप से प्रभावित किया। प्रत्येक प्रोजेक्ट का मूल्यांकन उसके आधार पर किया गया। कार्यक्रम का समापन एक पुरस्कार समारोह के साथ हुआ। संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरित किये गए। प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। नवाचार और पर्यावरणीय प्रभाव के लिए भी विशेष पुरस्कार दिए गए। विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ (प्रथम रैंक के लिए 11000 रुपये, दूसरे रैंक के लिए 5000 रुपये और 2500 रुपये)। कार्यशील माडल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार रतन लाल फूल कटोरी (दीपांशु, कृतिका), द्वितीय पुरस्कारः श्रीजी इंटरनेशनल (हिमांशु, गीतू, रितिका सिंह, माही, मान्या), तीसरा पुरस्कारः श्रीजी इंटरनेशनल (साक्षी, रितु, दिव्या, याह्वी, काजल, खुशी) को प्रदान किया गया। गैर-कार्यशील मॉडल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार रतन लाल फूल कटोरी (पाखी, आध्या), दूसरा पुरस्कार पंडित देव दत्त मेमोरियल (तनु, शिवानी, तुलसी, अंशुल), तृतीय पुरस्कार सरस्वती विद्या मंदिर कोसी (यतिका, ललिता, शिवम, देवेश) को प्रदान किया गया। पोस्टर प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार श्रीजी इंटरनेशनल (मनीष पांडे), द्वितीय पुरस्कार राधा स्वामी पब्लिक स्कूल (योगिता शर्मा), तीसरा पुरस्कारः श्री त्यागी मॉडर्न पब्लिक स्कूल (अंकित) को प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में संस्कृति विवि के एसओई विभाग की प्रो. डा. रेनू गुप्ता, संस्कृति स्कूल आफ फार्मेसी के डीन डा. डीके शर्मा, डा. केके सिंह, प्रो. वेराचिल्ई, डा. गजेंद्र सिंह चौहान, डा. कुंदन कुमार चौबे शामिल थे।

## एक नजर...

### नजीबाबाद निवासी सोनू वाल्मीकि को मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया

**नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि।**



राष्टीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष संस्थापक भगवत प्रसाद मकवाना ने नजीबाबाद निवासी सोनू वाल्मीकि को मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है राष्टीय अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने सोनू वाल्मीकि को मोर्चा को मजबूत बनाने के लिए नए लोगों को जोड़ों ने और पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने का निर्देश दिया है। यह जानकारी की मोर्चा राष्टीय अध्यक्ष श्री मकवाना नै जारी एक प्रेस नोट मैं दी। उधर सोनू वाल्मीकि के मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनने पर मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं नए सोनू वाल्मीकि को बधाई देते हुए कहां के उनके आने से मोर्चा और मजबूत होगा में।
ईमानदारी आज भी जिंदा है।

### एक युवक ने पाया मोबाइल पत्रकार को लौट कर यह सिद्ध कर दिया कि ईमानदारी आज भी जिंदा है।



**नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि।**

वरिष्ठ पत्रकार मनोज बाल्मीकि अपने साथी को साथ लेकर गुरुवार की रात 9 बजे अंबेडकर नगर स्कूटी से अपने ऑफिस से अंबेडकर नगर,, शाहजहीर, सरायमीर से होते हुए बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ की ओर जा रहे थे जब वह मोहल्ला शाहजहीर घास मंडी के निकट पहुंचे तभी टूटी फूटी सड़कों के झटके में जेब से मोबाइल गिर गया जब पत्रकार मनोज वाल्मीकि रात 10 बजे अपने घर पहुंचा और किसी को फोन करने के लिए जेब में रखा मोबाइल निकलना चाहा तो जेब खाली मिली मोबाइल न पाकर परेशान हो उठे और उन्होंने अपने साथी राजकुमार सेठी से ले जाने की जानकारी की तो उन्होंने फोन नहीं होने की बात कही तब अपने नंबर पर फोन मिलाया तो फोन पर मोहल्ला बन मोमोहल्लाशाहजहीर घास मंडी में पड़ा पाया है। और 2 घंटे से फोन आने का इंतजार कर रहा हूं इसलिए सोने घर नहीं गया हूं आप सरायमीर बिजली ट्रांसफार्मर पर आ जाइए मोबाइल ले जाओ, तब मनोज वाल्मीकि अपने दोस्त राजकुमार सेठी के साथ सरायमीर पहुंचे जहां आदिल ने मोबाइल फोन लौट कर यह साबित कर दिया कि ईमानदारी आज भी जिंदा है। आदिल ने यह भी बताया कि एक मोबाइल साथ मडीं मे पडा मिला है जिस किसी का हो वह सरायमीर बिजली ट्रांसफर के पास आकर ले ले कई व्हाट्सएप ग्रुप पर चला रखा है।

### सड़के खराब होने से नागरिकों को परेशानी।

**नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्वनी वाल्मीकि।**



नगीना की सड़के खराब होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्गो को स्टेशन रोड से जोड़ने वाली बाजार लोहारी सराय , मंडी मौलगंज ,तहसील मार्केट अंबेडकर नगर आदि मोहल्लों की सड़कों की स्थिति पिछले कई माह से बहुत खराब है अंबेडकर नगर व लोहारी सराय की सड़कों की हालत तो इस समय बहुत ही खराब है सड़क में जगह जगह गडढे होने के कारण अब हल्की बारिश में पानी भरने के कारण इन सड़कों की हालत और अधिक खराब हो गई है नगर की इन खराब गडढे युक्त सड़कों से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है नगर पालिका के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे सड़कें खराब होने के कारण नागरिकों व राहगीरों को अनेक परेशानियों का समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं सर्वश्रेष्ठ अर्थशास्त्री जी के निधन पर विनम्र श्रद्धांजली

**ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी कॉन्टैक्टर्स कंटेक्सुअल एम्पलाइज यूनिट ----------**



**अनूपपुर जिला ब्यूरो विकास कुमार की रिपोर्ट**

राजनगर /अनूपपुर /मध्य प्रदेश - खबरें विस्तार से एस ई सी एल हसदेव क्षेत्र क्षेत्र के अंतर्गत राजनगर ओपन कास्ट में हड़ताल में बैठे ड्राइवरों ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं सर्वश्रेष्ठ अर्थशास्त्री जी के निधन पर राजकीय शोक विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी कॉन्टैक्टर कंटेक्सुअल एम्पलाइज यूनिट बिलासपुर की ओर से भारत सरकार द्वारा जो राजकीय शोक घोषित किया गया है हम भारत के नागरिक होने के नाते आदेश का सम्मान करते हैं और राजकीय शोक में 7 दिन तक शांतिपूर्ण रुप से गहरा शोक व्यक्त करते हैं

# रूपम सिनेमा और यमुना घाट, गोकुल बैराज में हुआ मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान /नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्राधिकरण के तत्वाधान में शैलेन्द्र कुमार सिंह जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ÷अग्निकांड, भगदड़ व् डूबने के परिदृश्य पर मेगा मॉक एक्सरसाइज÷ का आयोजन जनपद में चिन्हित दो स्थलों पर किया गया। रूपम सिनेमा निकट श्री कृष्ण जन्मभूमि पर अग्निकांड व् भगदड़ परिदृश्य पर व् यमुना घाट, गोकुल बैराज पर डूबने के परिदृश्य पर ड्रिल का आयोजन किया गया। योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी( वि/रा) इंसिडेंट कमांडर की भूमिका निभाते हुए कण्ट्रोल रूम में रूपम सिनेमा हॉल में अग्निकांड व् भगदड़ की सूचना उपलब्ध होने पर घटना स्थल पर पहुंचे जहा पर कुल 08 व्यक्तियों को प्रभावित बताया गया जिनका रेस्क्यू अग्निशमन विभाग व सिविल डिफेन्स के स्वयंसेवको के द्वारा कराया गया। तीन व्यक्तियों को रूपम सिनेमा में स्थापित मेडिकल पोस्ट पर प्राथमिक उपचार के बाद डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया व पांच व्यकितयों को प्राथमिक उपचार मेडिकल पोस्ट पर ही उपलब्ध कराया गया। उक्त मॉक ड्रिल के बाद गोकुल बैराज पर डूबने के परिदृश्य पर मॉक ड्रिल कराया गया जिसमे दो व्यक्तियों के डूबने का परिदृश्य बना कर राज्य आपदा मॉक बल की टीम की सहायता से उनका रेस्क्यू किया गया, रेस्क्यू के उपरांत मेडिकल पोस्ट पर प्राथमिक उपचार के बाद उनको डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया। मॉकड्रिल के दौरान योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी( वि/रा ), सौरभ, तहसीलदार सदर, सुशील, तहसीलदार महावन, सुशील कुमार, आपदा विशेषज्ञ, अग्निशमन अधिकारी अपनी टीम के साथ, पुलिस/प्रशासन की टीम, राज्य आपदा मोचक बल की टीम मनीश के नेतृत्व में सिविल डिफेन्स टीम, आपदा मित्र आदि मौजूद रहे।



# पुलिस ने पहले दर्ज नही किया मुकदमा, अब आरोपी की नही कर रही गिरफ्तारी

### विपक्षी के प्रभाव में पॉक्सो एक्ट के मामले में पुलिस नही है गंभीर

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर। महिला संबंधी अपराध के प्रति जैतपुर थाना अध्यक्ष के द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सीधा निर्देश है कि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाए। महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई है ताकि अपनी बात को खुलकर महिलाएं कह सकें। लेकिन पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में पुलिस अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी सात माह बाद भी नहीं कर पाई है। शुरू से ही पुलिस के द्वारा विपक्षी का सहयोग किया जा रहा है।पहले तो पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया बाद में उच्च अधिकारियों तक भी गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ अंततः थक हारकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो न्यायालय ने विपक्षी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। मुकदमा तो किसी तरीके से दर्ज हो गया बाद में विपक्षी के प्रभाव में आकर विवेचक के द्वारा मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाकर कोर्ट में पेश किया गया। जानकारी होने पर वादिनी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दोबारा विवेचना किए जाने की मांग की। मामले में दोबारा विवेचना की जा रही है। पूरा मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां 17 वर्षीय नाबालिक लड़की काल्पनिक नाम पूजा बीते 25 मार्च 2024 को दोपहर करीब 2 बजे शौच के लिए गांव के बाहर गई थी।उसका आरोप है जैसे ही अरहर के खेत के पास पहुंची पहले से घात लगाए बैठे आकाश पुत्र शिवप्रसाद ने उसे खेत में खींच ले गए। उसके साथ दुष्कर्म करने की नीयत से कपड़े फाड़ कर जबरदस्ती करने लगा। मौका पाकर चीख पुकार करने लगी तो विपक्षी के द्वारा लात घुसो थप्पड़ से उसकी पिटाई कर दी गई। किसी तरीके से अपनी जान बचाकर वहां से भागी तो विपक्षी लगातार जान से मारने की धमकी देता हुआ चला आ रहा हैं। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ऐसे में जैतपुर थानाक्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा राम भरोसे ही चल रही है।

## कार मालिक से ठगी, अनजान व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेज से अपने नाम करवाई कार, थाना सामान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रीवा। जिले में एक क्रेटा कार वाहन का बिना फिजिकल वेरिफिकेशन किया वाहन मालिक की अनुपस्थिति में मालिकाना हक एक युवक को दे देने का आरोप है। पूरे मामले में पुलिस ने एक युवक को आरोपी बनाया है। बताया गया कि फर्जीबाड़े की भनक गाड़ी के मालिक को लगी तो उसने परिवहन विभाग सहित थाने में भी फर्जीवाड़ी की शिकायत की। जहां विभाग ने जानकारी मिलते ही जांच कर कार को मूल मालिक के नाम कर दिया।कार मालिक मनोज मिश्रा ने बताया कि वहां एमपी 17 सीबी 5846 उनके पति देवेंद्र मिश्रा के नाम से रजिस्टर्ड है। जिसे जवा के रहने वाले अभिषेक कुमार पिता विजयकांत द्विवेदी ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अपने नाम कर लिया था। जैसे ही मामले की जानकारी उन्हें हुई तो उन्होंने आपत्ति दर्ज कराते हुए मामले की शिकायत सामान थाने में की।

**विभाग ने मलिक के गैर मौजूदगी में वाहन किया ट्रांसफर**–फरियादी की पत्नी ने आरोप लगाया कि वहन ट्रांसफर के दौरान नियमों को दरकिनार करते हुए उनकी गैर मौजूदगी में कार को ट्रांसफर कर दिया गया। जब मामले की शिकायत की गई

# स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री आज करेंगे चर्चा

### अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व अपर कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों के साथ स्वामित्व योजना के संबंध में बैठक ली

मुरैना /म.प्र. शासन राजस्व विभाग के आदेशानुसार स्वामित्व योजना का केन्द्र स्तरीय कार्यक्रम 27 दिसंबर को प्रातः 11 बजे टाउन हॉल मुरैना में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से संपूर्ण देश के स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से बात करेंगे, जिसमें मुरैना जिले के विभिन्न हितग्राही भी उपस्थित होंगे। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष मुरैना में समस्त अधिकारियों के साथ बैठक ली और सभी अधिकारियों से दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की।इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद ने संबंधित विभागों को कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं सौंपने के लिए आदेश जारी कियें हैं। जिसमें संपूर्ण मंच व्यवस्था के लिये एसडीएम मुरैना, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, तहसीलदार सीताराम वर्मा और अधीक्षक भू-अभिलेख श्री बालकृष्ण मिश्रा व्यवस्थाएं देखेंगे। कार्यक्रम स्थल पर संपूर्ण व्यस्थाओं के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री राजन बी नाडिया, डिप्टी कलेक्टर रामनिवास सिंह सिकरवार, तहसीलदार श्रीमती वंदना यादव, बानमौर तहसीलदार श्री आनंद यादव और नायब तहसीलदार सुश्री ज्योति लाचाकार को व्यवस्थाएं सौंपी हैं।कार्यक्रम स्थल पर वचुअर्ल कनेक्टीविटी एवं एलईडी तथा लाईव प्रसारण की संपूर्ण व्यवस्था के लिये जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री सुनील त्यागी, ई-गवेर्नेंस प्रबंधक श्री मनीष शर्मा, श्री वैदेही शरण को सौंपी है। आगंतुको के लिये खाद्य एवं पेयजल व्यवस्था कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री एसएल बाथम एवं डीएसओ श्री संजीव शर्मा को व्यवस्था सौंपी है। मंच पर सोफा एवं कुर्सी, साज सज्जा, साउण्ड की व्यवस्था नगरनिगम के श्री रहीम चौहान, कार्यक्रम स्थल के आस-पास सफाई की व्यवस्था स्वास्थ्य अधिकारी श्री जगदीश टैगोर, मंडी सचिव पंजाब सिंह राजौरिया, गाड़ी अड्डा प्रभारी श्री रवि घुरैया को व्यवस्थाएं सौंपी हैं। कार्यक्रम स्थल पर हितग्राहियों को लाने की जिम्मेदारी जनपद सीईओ मुरैना श्री महावीर जाटव को सौंपी है। कार्यक्रम स्थल पर विद्युत, जनरेटर की व्यवस्था एमपीबी के श्री अभिषेक चौरसिया, दिनेश कुमार राजौरिया को सौंपी है। कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस चिकित्सक दल एवं दवाईयां उपस्थित रहें इसके लिये श्री पदमेश उपाध्याय को जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर फूल मालाएं, बुके, गुलदस्ता की जिम्मेदारी सहायक संचालक उद्यानिकी श्री अशोक कौशिक, ट्राफिक व्यवस्था के लिये डीएसपी श्रीमती बिन्दु परमार, संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था के लिये संबंधित थाना प्रभारी विजय भदौरिया रहेंगे। मंच संचालन के लिये खेल विभाग के श्री श्याम सिकरवार को जिम्मेदारी सौंपी है। संपूर्ण कार्यक्रम का कवरेज, फोटो वीडियोग्राफी के लिये जनसंपर्क विभाग को दायित्व सौंपा है।



**अपर कलेक्टर ने टाउन हॉल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया**–स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण 27 दिसंबर को टाउन हॉल से किये जायेंगे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था के लिये अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद ने दोपहर 1 बजे टाउन हॉल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये।

# दो युवकों की रतहरा नहर में डूबने से मौत, नहर किनारे पार्टी करने गए थे युवक

रीवा। जिले में नहर में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों गुरुवार देर रात नहर किनारे पार्टी करने गए हुए थे। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव डल ने मौके पर पहुंचकर शव की तलाश शुरू की। एसडीआरएफ की टीम ने देर रात ही एक शव को बरामद कर लिया। जबकि एक युवक का शव शुक्रवार दोपहर मिला। दोनों ही शवों को अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। उधर परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। जबकि पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है।

**शौच के लिए नहर में गया था युवक**–जानकारी के मुताबिक एक युवक शौच के लिए नहर में गया और पैर फिसलने से वह नहर के पानी में समा गया। जिसे बचाने दूसरा युवक भी नहर में कूदा और वह भी डूब गया। एचडीआरएफ प्लाटून कमांडर विकास मिश्रा ने बताया कि युवक के साथियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया **रात में ही एक युवक का शव बरामद कर लिया गया था**–जबकि दूसरे युवक का शव शुक्रवार की दोपहर बरामद किया गया है। मृतकों सहित चारों व्यक्ति शहर के बाईपास स्थित इटौरा के रहने वाले हैं। एक मृतक का नाम सौरभ सतनामी है और दूसरे का नाम मनीष वर्मा है। युवक की मौत के बाद परिजनों ने हत्या किया आशंका व्यक्त की है। मृतक के पिता शिवचरण साकेत ने बताया कि उनका बेटा पेपर देकर आया था। घर से कुछ दोस्त अपने साथ उसे कहीं ले गए थे। शाम को उसके मौत की सूचना मिली शरीर पर चोट के निशान है, जिससे यह जाहिर होता है कि उसके साथ मारपीट की गई है वहीं पुलिस ने दोनों शवों को अस्पताल में परीक्षण के लिए रखवा दिया है जिसके बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर...

### ठग ग्रामींणो को बना रहा था शिकार, बहरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व में बहरी पुलिस द्वारा ठगी करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार।बहरी पुलिस ने बताया कि 20 दिवम्बर को फरियादी इंद्रलाल कोल पिता मंगाली कोल उम्र ×8 वर्ष निवासी रोजहा थाना बहरी जिला सीधी व 7 अन्य आवेदको ने थाना बहरी आकर इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किये कि दो व्यक्ति आवास केवाईसी करने के नाम पर हम सब का आधार कार्ड लेकर बायोमेट्रिक मशीन में सभी का अंगूठा लगवाकर धोखाधडी कर सभी के खाते से कुल 52700 रुपये निकाल लिये है। फरियादियों की रिपोर्ट की तस्दीक की जाकर आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपियों की पहचान रितेश मिश्रा पिता ओमप्रकाश मिश्रा एवं राजकुमार मिश्रा पिता श्याम सुंदर मिश्रा दोनों निवासी ग्राम पहाड़ी उत्तरी टोला थाना अमिलिया जिला सीधी के रूप में की गई, जिनकी पता तलाश की गई जो आरोपी रितेश मिश्रा पिता ओमप्रकाश मिश्रा उम्र 2× वर्ष निवासी पहाड़ी उत्तरी टोला थाना अमिलिया जिला सीधी में मिला जिसे पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ की गई जो अपना जुर्म कबूल कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, 45000 रुपए नगदी, बायोमेट्रिक मशीन एवं एक नग मोबाइल जप्त कराया। जिसे समक्ष गवाहों के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर कार्यवाही की जा रही है।

### योग शिक्षकों का सम्मान समारोह संपन्न



सीधी। पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में तथा महिला पतंजलि योग समिति व पतंजलि किसान सेवा समिति के समन्वय में योग शिक्षकों का सम्मान समारोह कामता सभागार में मुख्य अतिथि डॉ गायत्री तिवारी उप पुलिस अधीक्षक, अध्यक्षता सुजाता मिश्रा महिला पतंजलि योग समिति, विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार मिश्र पतंजलि किसान सेवा समिति एवं दिलीप त्रिपाठी जिला योग समिति के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी योग साधकों ने योग प्राणायाम कर मुख्य अतिथि की उपस्थिति में दीप प्र'वलन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गु'छ व माल्यार्पण से किया गया। स्वागत भाषण पतंजलि योग समिति के योग शिक्षक श्रवण शुक्ल द्वारा दिया गया। साथ ही किसान सेवा समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा की इस पर्यावरणीय प्रदूषण से मुक्ति पाने के लिए हर व्यक्ति को चाहिए कि अपने घरों में औषधीय पौधों का रोपण करें साथ ही उनका उपयोग करें। महिला पतंजलि अध्यक्ष श्रीमती सुजाता मिश्रा ने सभी को योग करने की बात कही। वहीं संत दास शुक्ला प्रभारी ग्राहक पंचायत ने अपने वक्तव्य में लोगों को भ्रामक वस्तुएं व वार्तालाप से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती गायत्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि आपको स्वस्थ रहना है अपना जीवन सुचारु से चलना है तो आपको योग करना होगा। इसके पश्चात सम्मान समारोह में भारत स्वाभिमान के अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने आठ योग शिक्षकों को पतंजलि योग समिति की जैकेट प्रदान कर सम्मान किया। साथ ही डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाले हरि विलास गुप्ता को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया। सरोज शर्मा सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया । आभार श्रीमती निशा मिश्रा उपाध्यक्ष. अधिवक्ता परिषद द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन ध्यान, सिंहासन, हास्यासन के साथ शांति पाठ करा कर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भारत स्वाभिमान के अध्यक्ष अधिवक्ता आशुतोष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती पुष्पा सिंह, श्रीमती आराधना सिंह, गायत्री सिंह, उर्मिला सिंह, राम पाठक, कल्पना सिंह, राम सजीवन जयसवाल एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

### काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा साहित्य रत्न मानद सम्मान से विभूषित हुएःडॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर । अपने हुनर की जोर आज़माइश करते रहो जिज्ञासु । ज़िंदगी में क़िस्मत के सितारे चमकते ज़रूर हैं ।। चर्चित कवि व मंच संचालक डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु का यह शेर कामयाबी के लिए व्यक्ति के पुरुषार्थ एवं आत्मविश्वास को बयां कर रहा है । ऐसे तमाम शेरों की श्रृंखला को जिज्ञासु किताब बना देते हैं । जी हां पेशे से परिषदीय शिक्षक जिज्ञासु कवि एवं मंच संचालन के साथ-साथ प्रेरक वक्ता के रूप में अच्छी पहचान रखते हैं । अपने इन्हीं शौक के चलते जिज्ञासु कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं द्वारा सम्मानित हो चुके हैं । अटल एवं महामना मालवीय जयंती के अवसर पर काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा जिज्ञासु को साहित्य रत्न मानद सम्मान प्रदान किया गया । जिज्ञासु की इस उपलब्धि पर शिक्षकों कवियों एवं साहित्यकारों द्वारा सोशल मीडिया